CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK1 User: cci Time: 01-09-2026 22:02 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 10 जनवरी 2026 > पौष 21, शक संवत 1947, माघ कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082


WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 9 > पेज 24* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

*मासिक खरीद पर ही लागू

www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स



लैड फॉर जॉब्स केस में लालू के खिलाफ आरोप तय

▶ देखें अंदर

ED के छापों के खिलाफ कोलकाता में ममता का मार्च

▶ देखें अंदर



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।





ahujasons

SHAWLS | STOLES | SCARVES | SARIS

Karol Bagh | Khan Market | South Extn. Part II
DLF Promenade, Vasant Kunj | DLF Mall of India, Noida
Golf Avenue 42, Gurugram

www.ahujasons.com

Jacket-NBT-26

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 01-09-2026 23:22 Color:





# विधानसभा में अब पूरा गाया जाएगा वंदे मातरम्

## सत्ता पक्ष और विपक्ष ने सर्वसम्मति से लिया फैसला, अब तक राष्ट्रीय गीत का केवल दो पैराग्राफ ही गाया जाता था

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली विधानसभा** में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के केवल दो पैरे नहीं, बल्कि पूरा गीत गाया जाएगा। विधानसभा में विंटर सेशन के दौरान सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि दिल्ली विधानसभा के प्रत्येक सेशन की पहली बैठक की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के गायन से होती है। अब तक की परंपरा के अनुसार इस गीत के केवल दो पैरे ही गाए जाते रहे हैं। लेकिन, इस साल हम वंदे मातरम् के 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस ऐतिहासिक मौके पर दिल्ली विधानसभा में अब केवल दो पैरे नहीं, पूरा वंदे मातरम् गीत का गायन किया जाए।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान सचिवालय को आदेश दिया कि सभी सदस्यों के डेस्कटॉप, आईपैड में पूरा वंदे मातरम् गीत होना चाहिए जिससे कि सब मिलकर पहली बैठक में पूरा गीत गा सकें। वहीं, इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मुझे भी ऐसा लगता है कि जब गीत के 100 साल पूरे हुए थे तब इस पर सब क्यों चुप थे, क्योंकि उस समय देश में आपातकाल लगा हुआ था, काला अध्याय चल रहा था। आज हम पूरे शान से इसका यशोगान कर पा रहे हैं। उन्होंने AAP नेता गोपाल राय के बयान से सहमति जताते हुए कहा कि यह सच है कि यह गीत किसी धर्म, जाति से ऊपर है, मां और उसके संतान जैसा रिश्ता है, लेकिन जब JNU जैसी घटना होती है तो संदेह जरूर होता है।

इस चर्चा की शुरुआत करते हुए शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि जिस गीत को उसके 50वें वर्ष में गुलामी ने दबाने का प्रयास किया और 100वें वर्ष में तानाशाही ने कुचल दिया, आज उसी गीत के 150वें वर्ष में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार पूरे सम्मान और दृढ़ संकल्प के साथ खड़ी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज सदन में इस विषय पर चर्चा की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि इसी विधानसभा के जनादेश से चुनकर संसद पहुंचे कुछ लोग, संसद में बैठकर वंदे मातरम को 'गिमिक' कहने का दुस्साहस करते हैं। इस चर्चा में भाग लेते हुए AAP के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने कहा कि यह गीत भारत के कण-कण में मौजूद है। कोने-कोने में एक-एक बच्चे के जुबान पर है।



Photos : Sunil Kataria

**वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर लिया बड़ा फैसला:** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही के दौरान सचिवालय को आदेश दिया कि सभी सदस्यों के डेस्कटॉप, आईपैड में पूरा वंदे मातरम् गीत होना चाहिए, जिससे कि सब मिलकर पहली बैठक में इसे गा सकें

## 'सरकारी हो या प्राइवेट, दिल्ली में 100% EV का टारगेट'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**दिल्ली की** सबसे बड़ी समस्याओं में से एक प्रदूषण को लेकर दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शुक्रवार को गंभीर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने माना कि यह एक ऐसी समस्या है जो हमारे लिए राजनीति का मुद्दा नहीं है। यह हम सबसे जुड़ा है। हर एक नागरिक, विधायक, मंत्री और मैं खुद, सभी इससे प्रभावित हैं। सीएम ने कहा कि मैं अपनी जिम्मेदारी महसूस करती हूं, इसलिए हमारा लक्ष्य 0% धुएं पर है। सरकारी हो या प्राइवेट सब 100% इलेक्ट्रिक वीकल (EV) होंगी। हमारा लक्ष्य गैस चैंबर वाली दिल्ली को ग्रीन दिल्ली बनाना है।

दरअसल, शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष लगातार प्रदूषण पर चर्चा की मांग कर रहा था। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही के अंतिम दिन इस पर चर्चा करते हुए सीएम ने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि पहले प्रदूषण पर चर्चा के लिए मांग करते रहे, मास्क पहन कर आए, फिर जब चर्चा शुरू हुई तो बीच चर्चा में सब सदन से बाहर चले गए।

वहीं, दूसरी तरफ प्रदूषण पर चर्चा के दौरान जैसे ही सीएम रेखा गुप्ता ने बोलना शुरू किया, वैसे ही विपक्ष के विधायक एक-एक कर सदन से निकल गए। विपक्ष की ओर से पूर्व पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने अपना पक्ष रखा। वहीं, सदन में यह भी चर्चा का विषय रहा कि 'आप' के विधायकों ने सदन से एक साथ वॉकआउट नहीं किया। विपक्ष में बैठे गोपाल राय व वीरेंद्र कादियान को छोड़कर सभी विधायक बाहर चले गए। गोपाल राय, वीरेंद्र कादियान सदन में मौजूद रहे। हालांकि, जब शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बोलना शुरू किया तो गोपाल राय भी सदन से बाहर चले गए।

**'मेट्रो दिल्ली की जरूरत':** मुख्यमंत्री ने मेट्रो को दिल्ली की जरूरत करार देते हुए कहा कि अभी यह 394 किलोमीटर की है, लेकिन अब इसे 500 किलोमीटर करने का लक्ष्य है, ताकि बेहतर कनेक्टिविटी के साथ प्रदूषण रहित ट्रांसपोर्ट सिस्टम हो। CM ने कहा कि 2029 तक पूरा ट्रांसपोर्ट ईवी बेस्ड करने का टारगेट है।

**11 साल VS 11 महीने:** सदन में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण को पिछले 11 साल में AAP ने एक स्थायी संकट बना दिया था। उन्होंने प्रचार तो किया, लेकिन काम नहीं किया। अब हमारी सरकार ने 11 महीने में हर मोर्चे पर स्पष्ट नीति बनाई है। 1994 के बाद पहली बार हमारी सरकार ने 10,000 एकड़ से अधिक भूमि को रिजर्व फॉरेस्ट घोषित किया है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के इतिहास में पहली बार रिज एरिया को नोटिफाई किया जाना अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। अब तक 4200 हेक्टेयर भूमि को फॉरेस्ट के रूप में नोटिफाई किया जा चुका है। दिल्ली को मिला यह ग्रीन कवर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

## 'ये लोग मेरे सम्मान को ठेस पहुंचाते हैं'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री रेखा** गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में एलजी के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अपनी सरकार के कामकाज की जमकर तारीफ की। बीते 11 महीनों में किए गए कामों की जानकारी देते हुए विपक्ष की ओर से सोशल मीडिया पर उनके बनाए जा रहे मजाक पर भी जमकर निशाना साधा। सीएम ने भावुक होते हुए कहा कि मुझे तकलीफ होती है, ये लोग (विपक्ष) मेरे मुंह से गलती से निकले शब्दों को लेकर मेरे सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली बात करते हैं। इन्हें 24 घंटे काम करने वाली महिला मुख्यमंत्री सहन नहीं हो रही है।

**CM बोलीं- विपक्ष मेरे मुंह से गलती से निकले शब्दों को लेकर मुझ पर हमला करते हैं**

रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार आम लोगों को केंद्र में रखकर काम कर रही है। विधायक, मंत्रियों के अलावा मैं खुद भी सड़कों पर उतरकर काम कर रही हूं। विपक्ष वाले जो सरकार के काम पर सवाल उठा रहे हैं, उनसे मैं पूछना चाहती हूं कि बीते 11 साल में जो काम आपने नहीं किया, क्या वे काम 11 महीने में पूरा करवाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिना शोर मचाए काम कर रही है। हम स्मार्ट स्कूल बना रहे हैं, हर स्कूल में लाइब्रेरी बनाएंगे, 1500 बसें हमारी सरकार में आ चुकी हैं। सड़कों की मरम्मत हो रही है। यमुना की सफाई, जलभराव, पानी के बिलों की माफी योजना हमारी सरकार लेकर आ चुकी है।

उन्होंने कहा कि मुझे थोड़ी तकलीफ है। इन लोगों (विपक्ष) को 24 घंटे सातों दिन काम करने वाली एक महिला मुख्यमंत्री अच्छी नहीं लगती है। ये लोग सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली बात करते हैं। कभी घटिया कमेंट करते हैं तो कभी बेबुनियाद इल्जाम लगाते हैं। फिर कभी शब्दों को पकड़कर कहेंगे एक्यूआई को एआईक्यू बोल दिया। आज फिर मेरे भाषण से कुछ निकाल लेंगे। तकलीफ है मुझे इस बात की।

सीएम ने कहा कि मुझसे गलती से वह शब्द निकला, लेकिन 'आप' (विपक्ष) ने होश में गलत बयानी की है।



**'आप' को घेरा:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में एलजी के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अपनी सरकार के कामकाज की तारीफ की

## BJP ने AAP मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली बीजेपी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ की अगुआई में आम आदमी पार्टी (AAP) कार्यालय के बाहर विशाल रोष प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी द्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब के अपमान के आरोप को लेकर किया गया। प्रदर्शन में बीजेपी के सिख प्रकोष्ठ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। बीजेपी कार्यकर्ता विठ्ठल पटेल से मार्च करते हुए आप कार्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें फिरोजशाह रोड-माधवराव सिंधिया मार्ग पर बैरिकेडिंग कर रोक लिया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए तरुण चुघ ने आरोप लगाया कि आतिशी का विधानसभा में दिया गया बयान सिख गुरुओं और सिख मर्यादाओं के प्रति अनादर दर्शाता है।

**आतिशी पर लगाया गुरु तेग बहादुर साहिब के अपमान का आरोप**

## पंजाब पुलिस ने कहा, आतिशी के विडियो से हुई है छेड़छाड़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**सिख गुरुओं** के बेअदबी मामले में पंजाब पुलिस ने बताया है कि फरेंसिक जांच में साबित हुआ है कि दिल्ली की नेता विपक्ष आतिशी ने अपने वक्तव्य में 'गुरु' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि फर्जी विडियो प्रसारित करने वाले मंत्री कपिल मिश्रा की सदस्यता तत्काल समाप्त की जाए। साथ ही, गुरुओं का अपमान करने वाले BJP विधायकों को सदन से कम से कम छह महीने के लिए सस्पेंड किया जाना चाहिए।

**फरेंसिक जांच के बाद कहा, मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ दर्ज हुई FIR**

शुक्रवार को जालंधर पुलिस कमिश्नरेट के प्रवक्ता ने बताया कि इकबाल सिंह की शिकायत पर दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी से जुड़े विडियो के साथ छेड़छाड़ कर उसे प्रसारित करने के मामले में FIR दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि कपिल मिश्रा के सोशल मीडिया अकाउंट से विडियो क्लिप डाउनलोड कर पंजाब फरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एसएएस नगर) भेजा गया और 9 जनवरी की फरेंसिक रिपोर्ट में साफ हुआ है कि वायरल विडियो में आतिशी ने 'गुरु' शब्द नहीं बोला था। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि विडियो और कैप्शन में जानबूझकर छेड़छाड़ कर ऐसे शब्द जोड़े गए, जो आतिशी ने कभी नहीं कहे।

पंजाब पुलिस के इस बयान के बाद AAP ने कांग्रेस और BJP के शीर्ष नेतृत्व से माफी मांगने और फर्जी विडियो साझा करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पार्टी का कहना है कि विडियो की सच्चाई सामने आने के बाद साफ है कि BJP और कांग्रेस ने जानबूझकर गुरुओं का नाम गंदी राजनीति में घसीटा और बेअदबी की। सिख समाज इसके लिए इन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

AAP के पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि फरेंसिक रिपोर्ट ने सच सामने रख दिया कि आतिशी पर लगाया गया आरोप 100 फीसदी फर्जी था। उन्होंने कहा कि BJP के सीनियर नेताओं और उनके साथियों ने विडियो के संग छेड़छाड़ की, BJP आईटी सेल ने इसे फैलाया और पूरे देश में नफरत भड़काने की साजिश रची। उन्होंने पीएम से इस फेक न्यूज गैंग पर कार्रवाई करने की मांग की। पार्टी ने बताया कि पंजाब पुलिस ने एडिटेड विडियो को अपलोड करने और प्रसारित करने के मामले में जालंधर पुलिस कमिश्नरेट में मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। FIR में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर कई पोस्ट वायरल हुए हैं, फर्जी विडियो में आतिशी को गुरुओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हुए दिखाया गया है। इन पोस्ट में भड़काऊ कैप्शन भी हैं।

## जालंधर CP पर विशेषाधिकार हनन के तहत होगी कार्रवाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**पंजाब पुलिस** द्वारा दिल्ली विधानसभा में आतिशी के विडियो की फरेंसिक जांच कराने को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विशेषाधिकार हनन का मामला बताया है। पंजाब पुलिस द्वारा दिल्ली सरकार के मंत्री पर केस दर्ज का मामला बीजेपी विधायक अभय वर्मा द्वारा सदन में उठाया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस पर नाराजगी जताई है। सत्ता पक्ष के विधायकों ने कार्रवाई का विरोध जताया।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि अभय वर्मा की ओर से उठाया गया मामला इस सदन की विशेषाधिकार हनन (ब्रीच ऑफ प्रिविलेज) से संबंधित है। जिस विडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है, वह सदन के भीतर की रिकॉर्डिंग है और सदन की संपत्ति है। इस विडियो पर इस प्रकार कार्रवाई करना और मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना गंभीर विषय है। इस संबंध में जालंधर के पुलिस कमिश्नर के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का सीधा मामला बनता है।

**आतिशी के विडियो मामले में पंजाब पुलिस ने कपिल मिश्रा पर की है FIR**

उन्होंने कहा कि सदन के भीतर की रिकॉर्डिंग केवल सदन की होती है। सवाल उठता है कि किस आधार पर यह मामला दर्ज किया गया। सदन इस पर संज्ञान लेगा और पुलिस कमिश्नर जालंधर के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हो। गुप्ता ने कहा कि विपक्ष की मांग पर यह मामला फरेंसिक साइंस लैब को भेजा गया, ताकि उनकी संतुष्टि हो सके। रिकॉर्डिंग सदन की होने के कारण इसे 'टेम्पर्ड' कहना सदन की मर्यादा के विरुद्ध है। इस साजिश में जो भी लोग शामिल हैं, सदन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा।

पंजाब पुलिस की कार्रवाई पर मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि केजरीवाल जी, आपकी एफआईआर और पुलिस का डर हमें डरा नहीं सकता।

## गुरुद्वारा कमिटी ने आतिशी के खिलाफ थाने में दी शिकायत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमिटी ने आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी के खिलाफ दिल्ली पुलिस में आपराधिक शिकायत दर्ज करवाई है। विपक्ष की नेता आतिशी के खिलाफ यह शिकायत सिख गुरुओं के खिलाफ बोलने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में करवाई है। गुरुद्वारा कमिटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका, जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों और उप-प्रधान आत्मा सिंह लुबाना ने बताया कि यह शिकायत दिल्ली पुलिस के नॉर्थ एवेन्यू पुलिस थाने में दर्ज करवाई गई है।

**सिख गुरु के खिलाफ बोलने पर दी गई है पुलिस को शिकायत**

शिकायत में मांग की गई है कि आतिशी द्वारा जानबूझकर और सोच-समझकर गलत बयान देने और सिख गुरुओं के खिलाफ नफरत फैलाने के लिए कानून के अनुसार उपयुक्त आपराधिक धाराओं के तहत FIR दर्ज की जाए। आतिशी ने देश-विदेश में रहने वाले सिखों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

## जरूरी मुद्दों पर चर्चा रोकने के लिए विपक्ष ने खड़ा किया हंगामा: मेयर



PTI

**किया हंगामा:** विपक्ष के भारी हंगामे के बीच ही जरूरी प्रस्ताव पास किए गए। बाद में मामला शांत न होने पर मेयर ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**मेयर राजा** इकबाल सिंह ने सदन की बैठक में हुए घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सदन बैठक में आम आदमी पार्टी की नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के सिख गुरुओं के अपमान के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पढ़ा जाना निर्धारित था। इसके साथ ही दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से चल रही अवैध पार्किंग की गंभीर समस्या पर भी महत्वपूर्ण चर्चा प्रस्तावित थी। इससे पहले इन सब मुद्दों पर चर्चा शुरू हो पाती विपक्ष ने सदन में हंगामा खड़ा कर दिया। भारी हंगामे के बीच ही जरूरी प्रस्ताव पास किए गए। हंगामे को शांत करने के लिए मेयर ने सदन की कार्यवाही को 10 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। सदन की बैठक जब दोबारा शुरू हुई तब भी विपक्ष ने हंगामा जारी रखा। इसके बाद मेयर ने सदन की बैठक अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दी।

**बैठक में निंदा प्रस्ताव और अवैध पार्किंग जैसे मुद्दों पर होनी थी चर्चा**

मेयर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे घटनाक्रम के बारे में डिटेल में चर्चा की। इस मौके पर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही, शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा और डेम्स कमिटी के चेयरमैन संदीप कपूर भी मौजूद रहे। मेयर ने बताया कि जैसे ही सदन में नेता सदन ने आतिशी मार्लेना के सिख गुरुओं के अपमान के विरोध में निंदा प्रस्ताव पढ़ना शुरू किया, वैसे ही AAP के पार्षदों ने जानकर हंगामा कर दिया। मेयर ने आरोप लगाया कि AAP पूरी तरह से अवगत थे कि उनकी नेता ने सिख गुरुओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इसी से बचने के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से हंगामा किया।

### विपक्ष ने मेयर से मांगा इस्तीफा

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी ने एमसीडी सदन में महिला पार्षदों को भेड़-बकरी कह कर अपमानित करने को लेकर मेयर राजा इकबाल सिंह से इस्तीफा मांगा है। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि मेयर ने महिला पार्षदों को भरे सदन में भेड़ बकरी कहकर संबोधित किया। यह बहुत ही शर्मनाक है और इससे पूरे देश की आधी आबादी का अपमान हुआ है। हमारी मांग है कि बीजेपी अपने मेयर से तत्काल इस्तीफा ले। शुक्रवार को सिविक सेंटर स्थित एमसीडी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अंकुश नारंग ने यह मांग की।

### 14 तक देना होगा संपत्ति का पूरा ब्यौरा


NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सदन की बैठक शुरू होते ही मेयर राजा इकबाल सिंह ने बैठक में मौजूद सभी निगम पार्षदों को निर्धारित समयसीमा में अपनी संपत्ति का ब्यौरा देने को कहा। मेयर ने कहा कि जो निगम पार्षद अभी हाल ही में चुनकर आए हैं उन्हें 14 जनवरी तक संपत्ति का पूरा ब्यौरा मेयर ऑफिस में जमा कराना होगा। पुराने पार्षदों के लिए यह समयसीमा 31 जनवरी तक है। मेयर ने कहा कि पार्षद इसे बिल्कुल भी हल्के में न लें, समय पर प्रॉपर्टी का ब्यौरा न देने वालों की सदस्यता भी खत्म हो सकती है। डीएमसी एक्ट के तहत हर पार्षद को प्रॉपर्टी का ब्यौरा मेयर ऑफिस में देना जरूरी है।

# 95% विधानसभा क्षेत्रों में डिमांड की तुलना में पानी सप्लाई कम

## आबादी के अनुसार पानी सप्लाई का प्लान बनाया जा रहा है

NBT 4 मिनट में पढ़ें

Sudama.Yadav@timesofindia.com



■ **नई दिल्ली:** जिन इलाकों में जल बोर्ड पानी सप्लाई करता है, उनमें से 95 प्रतिशत विधानसभा सीटों में डिमांड की तुलना में कम पानी सप्लाई है। सबसे ज्यादा समस्या बाहरी दिल्ली, साउथ दिल्ली और पूर्वी दिल्ली के विधानसभा क्षेत्रों में है। जिसमें बादली, करावल नगर, संगम विहार, मुस्तफाबाद, किराड़ी, बुराड़ी, लक्ष्मी नगर और कृष्णा नगर शामिल हैं। इन सभी विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान में जितनी पानी की डिमांड है, उसके तुलना में सप्लाई आधी भी नहीं है।

**सबसे ज्यादा दिक्कत बाहरी दिल्ली, साउथ दिल्ली, पूर्वी दिल्ली में**

जल बोर्ड के रिपोर्ट के अनुसार, करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के 5 लाख लोगों को 50 गैलन/डे के हिसाब से 25 एमजीडी पानी की डिमांड है, जिसकी तुलना में 4.7 एमजीडी, बादली में 17 एमजीडी पानी की डिमांड है, जिसके तुलना में 6.5 एमजीडी, संगम विहार विधानसभा क्षेत्र में 14.75 एमजीडी पानी की जरूरत है, सप्लाई 3.5 एमजीडी हो रही है। मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र के 4.7 लाख लोगों को रोजाना 23.5 एमजीडी पानी की डिमांड है, जिसके तुलना में 5.68 एमजीडी पानी सप्लाई किया जा रहा है। दिल्ली जल बोर्ड नई दिल्ली के एनडीएमसी और दिल्ली कैंट बोर्ड विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर 68 विधानसभा क्षेत्रों में पानी सप्लाई करता है। इनमें से 65 विधानसभा क्षेत्रों में जितनी पानी की जरूरत है, उतनी सप्लाई नहीं है। कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के 3.80 लाख आबादी के लिए 19 एमजीडी पानी की डिमांड है, जहां रोजाना 6.14 एमजीडी पानी ही सप्लाई हो रहा है।

**नया वॉटर सप्लाई इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलप करने का प्लान :** प्रत्येक विधानसभा में आबादी के अनुसार पानी सप्लाई का प्लान बनाया जा रहा है। इसके लिए कुछ विधानसभा क्षेत्रों में वॉटर सप्लाई इन्फ्रास्ट्रक्चर भी डिवेलप करने का काम शुरू किया गया है। जिन इलाकों में पानी स्टोर करने के लिए स्टोरेज रिजर्वायर कम हैं, वहां कुछ नए रिजर्वायर भी बनाने की प्लानिंग की जा रही है। अफसरों का कहना है कि इस साल के अंत तक वॉटर सप्लाई इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलप करने का काम पूरा हो सकता है। इसके बाद जिन इलाकों में जितनी पानी की जरूरत है, उस हिसाब से सप्लाई किया जाएगा। जिन इलाकों में पानी की कमी है, उसे पूरा करने के लिए टैंकरों से भी पानी सप्लाई किया जाता है।

## UP, हिमाचल से पानी आने पर बुझेगी प्यास

Sudama.Yadav@timesofindia.com



AI Image

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली में पानी की सप्लाई और डिमांड के बीच 250 एमजीडी का जो गैप है, उसे पूरा करने के लिए दिल्ली सरकार, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच बातचीत अंतिम दौर में है। हिमाचल से 113 एमजीडी और उत्तर प्रदेश से 51 क्यूसेक यानी 27.8 एमजीडी पानी मिलने वाला है। दोनों राज्यों से पानी की सप्लाई शुरू होने पर डिमांड और सप्लाई का गैप घटकर सिर्फ 109 एमजीडी रह जाएगा। शुक्रवार को जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने विधानसभा में विधायक सतीश उपाध्याय के सवालों के जवाब में यह जानकारी दी।

मंत्री ने कहा कि इस समय 9 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों से कुल 865 एमजीडी पानी का उत्पादन हो रहा है। करीब 135 एमजीडी पानी ट्यूबवेल और रेनीवेल से मिलता है। कुल मिलाकर रोजाना करीब 1,000 एमजीडी पानी की सप्लाई हो रही है, जबकि डिमांड 1,250 एमजीडी की है। ऐसे में 250 एमजीडी की शॉर्टेज बनी हुई है। इसे पूरा करने के लिए हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से बातचीत चल रही है। हिमाचल से 113 एमजीडी पानी लेने के लिए साल 2019 में ही एग्रीमेंट हो चुका था, लेकिन पिछली सरकार की लापरवाही के चलते पानी दिल्ली नहीं आ पाया। इसी तरह उत्तर प्रदेश सरकार के साथ 51 क्यूसेक पानी को लेकर बातचीत चल रही है, जो अब अंतिम चरण में है। दोनों राज्यों से पानी मिलने के बाद 250 एमजीडी के सप्लाई गैप में से करीब 140 एमजीडी की सप्लाई हो जाएगी और शॉर्टेज सिर्फ 109 एमजीडी रह जाएगी।

मंत्री ने कहा कि यूपी सिंचाई के लिए गंगा और यमुना के पानी का इस्तेमाल करता है, लेकिन यही कच्चा पानी दिल्ली पीने के लिए भी इस्तेमाल कर सकती है।

### तीन साल में 44% वॉटर पाइपलाइन होंगी चेंज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली में दशकों पुराने वॉटर सप्लाई लाइनों के नेटवर्क को चेंज कर नई पाइपलाइनें बिछाई जाएंगी। वॉटर सप्लाई लाइनों का नेटवर्क करीब 16,000 किमी लंबा है, जिसमें से 7,000 किमी लंबी लाइनों को चेंज करने का प्लान बनाया गया है। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि 44 प्रतिशत पुरानी लाइनों को चेंज करने की डेडलाइन 3 साल तय की गई है।



### द्वारका की 10 लाख आबादी को मिलेगा एक्स्ट्रा पानी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** द्वारका और आसपास स्थित विकासपुरी, जनकपुरी, बिंदापुर इलाकों में पर्याप्त वॉटर सप्लाई के लिए 20 एमजीडी अतिरिक्त कच्चा पानी द्वारका वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में सप्लाई किया जाएगा। वर्तमान में इस वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से सब-सिटी एरिया में करीब 50 एमजीडी पानी सप्लाई हो रहा है। 20 एमजीडी अतिरिक्त पानी प्लांट परिसर में ही बन रहे नए प्लांट में ट्रीट किया जाएगा।

# आंबेडकर नगर मर्डर का आरोपी अब भी फरार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ डिस्ट्रिक्ट के आंबेडकर नगर इलाके में मंगलवार शाम करण (24) की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। सूत्रों के अनुसार, अभी तक की जांच में पता चला है कि स्मैक के लिए दो गुटों में झगड़ा हुआ। जिसमें करण को आरोपियों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, करण परिवार के साथ दक्षिणपुरी में रहते थे। मंगलवार देर शाम पुलिस को आंबेडकर नगर इलाके में चाकूबाजी की सूचना मिली थी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में पता चला कि करण नामक युवक को चाकू लगा है। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मंगलवार शाम करण को चाकू से गोदकर हुई थी हत्या**

करण की मां नीतू का आरोप था कि कुछ दिनों पहले करण का बिल्ला से झगड़ा हुआ था जिसमें उसने करण को कच्चा चबा जाने की बात कही थी। सूत्रों की मानें तो स्मैक को लेकर झगड़ा हुआ था। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# पिस्टल के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट की, अरेस्ट

■ NBT न्यूज, बाबा हरिदास नगर: द्वारका की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड की टीम ने एक शख्स को दबोचा है। वह सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो पोस्ट कर दोस्तों और जानकारों में धौंस जमा रहा था। पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी के बारे में पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर पिस्टल और कारतूस बरामद किया। आरोपी की पहचान मनीष उर्फ मिशु के रूप में हुई है।

AI Image



**दोस्तों और जानकारों में धौंस जमा रहा था आरोपी**

पुलिस के अनुसार, आरोपी नजफगढ़ के कुख्यात गैंगस्टर से इनफ्लुएंस होकर बड़ा बदमाश बनना चाहता था। इसकी शुरुआत उसने सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो पोस्ट करके की थी। जिससे कि अपने दोस्तों और जानकारों पर दबदबा बनाना शुरू कर सके। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में सब इंस्पेक्टर नितेंद्र, हेड कॉन्स्टेबल मनीष ने आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके खिलाफ बाबा हरिदास नगर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह 10वीं पास करने के बाद पढ़ाई छोड़कर ओमप्रकाश उर्फ काला और उसके भाई अमित उर्फ बग्गा के संपर्क में आया था। वह दोनों मकोका के मामले में अभी जेल में बंद हैं। सोशल मीडिया पर अपना टशन दिखाने के लिए पिस्टल और कारतूस खरीदकर लाया था।

**दिल्ली की खबरों के लिए टेलीग्राम पर फॉलो करें**
t.me/nbtdilli

# मकर संक्रांति पर DDA लाएगा प्रीमियम हाउसिंग स्कीम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**जनता और EHS फ्लैट्स के साथ कार और स्कूटर गैराज भी शामिल**

**यह होगी अर्नेस्ट मनी**
- LIG, EHS, जनता 4 लाख
- MIG, SFS 10 लाख
- HIG 15 लाख
- कार गैराज 4 लाख
- स्कूटर गैराज 1 लाख

**मकर संक्रांति** के मौके पर डीडीए अपनी प्रीमियम हाउसिंग स्कीम 2026 का रजिस्ट्रेशन शुरू कर रहा है। इस स्कीम में कुल 582 प्रॉपर्टीज होंगी। स्कीम में विभिन्न जगहों पर एचआईजी, एलआईजी, एमआईजी, जनता और ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स के साथ कार और स्कूटर गैराज भी शामिल हैं।

डीडीए के अनुसार जसोला में सबसे अधिक 15 एचआईजी फ्लैट्स हैं। इनका रिजर्व प्राइस 2.14 करोड़ है। एसएफएस फ्लैट्स रोहिणी में 5, वसंत कुंज में एक, गाजीपुर में 4 और द्वारका में एक है। इनका रिजर्व प्राइस 99 लाख से 1.21 करोड़ तक का है। एमआईजी फ्लैट्स दिलशाद गार्डन में एक, द्वारका में 14, ईस्ट ऑफ लोनी रोड में एक, जहांगीरपुरी में 17, लोकनायकपुरम में 160, मादीपुर में एक, नंदनगरी में 4, रोहिणी में 13 फ्लैट्स हैं। इनका रिजर्व प्राइस 53 लाख से 1.45 करोड़ तक है।

एलआईजी के फ्लैट्स करोल बाग में 46, द्वारका में 25, मानसरोवर पार्क में एक, नंद नगरी में एक, नसीरपुर द्वारका में 9, पश्चिम विहार में 3, रामपुरा में 5, रोहिणी में 121, शालीमार बाग में 2, विकासपुरी में 8 हैं। इनकी रेंज 20 लाख से 1.23 करोड़ है। शाहपुर जट में एक जनता फ्लैट है। जिसका रिजर्व प्राइस 18 लाख के करीब है। ईडब्ल्यूएस के फ्लैट्स द्वारका में 65, अशोक नगर में एक, कोंडली में एक, नसीरपुर द्वारका में 14 हैं। इनका रिजर्व प्राइस 26 लाख से 88 लाख का है। वहीं, अशोक विहार में 15, माल रोड पर 7, रोहिणी में 8 और पीतमपुरा में 12 कार और स्कूटर पार्किंग हैं। इनका रिजर्व प्राइस 3 लाख से 42 लाख तक है।

स्कीम में रजिस्ट्रेशन और अर्नेस्ट मनी जमा करने की प्रक्रिया 14 जनवरी की सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इसकी अंतिम तिथि 13 फरवरी है जबकि फाइनल सबमिशन 16 फरवरी तक किया जा सकता है। ई-ऑक्शन का शेड्यूल 19 फरवरी को जारी होगा। ई-ऑक्शन का डेमो 20 से 22 फरवरी तक चलेगा। फ्लैट्स के हिसाब से ऑक्शन की प्रक्रिया 23 से 27 फरवरी तक चलेगी। रजिस्ट्रेशन फीस 2500 रुपये होगी। यह नॉन रिफंडेबल रहेगी।


## उत्तर रेलवे

**टेंडर नोटिस सं. टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं दिनांक: 09.01.2026**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82268366 | इंजेक्शन एट्रोसीलूमिल 1200 मि ग्रा | 140 नग | 29.01.2026 |
| 2. | 82260063 | इंजेक्शन पेन्ब्रोलिज़ुमब 100 मि ग्रा | 400 नग | 09.02.2026 |
| 3. | 82269947 | इंजेक्शन दुर्वालुमब 500 मि ग्रा | 134 नग | 12.02.2026 |
| 4. | 82261034 | इंजेक्शन निवोलुमब 100 मि ग्रा<br>इंजेक्शन निवोलुमब 40 मि ग्रा | 750 नग<br>350 नग | 18.02.2026 |
| 5. | 82261317 | टेबलेट लोरलाटिनिब 100 मि ग्रा | 1470 नग | 04.02.2026 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 107/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली दो पैकेट पद्धति ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थल | उत्तरी रेलवे के दिल्ली डिवीजन में TKJ-ANVR रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी–चौथी रेलवे लाइन के संबंध में, मंडावली चंदर विहार रेलवे स्टेशन पर मल्टी स्टोरीड रेजिडेंशियल टाइप–II क्वार्टर (24 यूनिट) टाइप–III क्वार्टर (04 यूनिट) और टाइप–IV क्वार्टर (01 यूनिट) का निर्माण, 24 टाइप–II क्वार्टर 04 टाइप–III क्वार्टर और 01 टाइप–IV क्वार्टर के लिए फायर फाइटिंग व्यवस्था सहायक कार्य 120 किलोलीटर क्षमता का ओवर हेड टैंक, 120 किलोलीटर क्षमता का अंडर ग्राउंड टैंक, बाउंड्री वॉल, HL पैसेंजर प्लेटफॉर्म का निर्माण/चौड़ीकरण/विस्तार ट्रैक में मिट्टी भराई का काम फॉर्मेशन में कटिंग, ब्लैंकेटिंग का प्रावधान, नाली का निर्माण, रिटेनिंग वॉल, सबवे, रैंप/सीढ़ी, प्लेटफॉर्म शेल्टर, फेंसिंग, स्टेशन बिल्डिंग, मौजूदा FOB और मौजूदा प्लेटफॉर्म RCC बैक वॉल को तोड़ना, वाटर बूथ और अन्य विविध संबंधित कार्य। |
| कार्य पूरा होने की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹.3268.15 लाख |
| धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | ₹.17,84,100/– |
| ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 14:00 बजे दिनांक 10.01.2026 से 31.01.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 31.01.2026 को 14:00 बजे तक निविदा कर्ता द्वारा 10.01.2026 से 31.01.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 14:00 बजे दिनांक 31.01.2026 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

सं0 545-ACS-QRTRS-MWC-CSB दिनांक : 09.01.2026 102/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ






विज्ञापन संख्या 3/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
**टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड में**
**निदेशक (परियोजना)**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
**30 जनवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।**
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
**09 फ़रवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।**
जानकारी के लिए वेबसाइट
**https://pesb.gov.in** में लॉग इन करें।

**RANCHI MUNICIPAL CORPORATION**
Near Kutchery Chowk,Ranchi-834001.
Tel:0651-2200011;Toll FreeNo:1800-120-2929.

**Notice InvitingTender**

Ranchi Municipal Corporation invites online proposals **"Selection of a PMU To Assist in Planning, Execution, Monitoring and Evaluation of Projects under Ranchi Municipal Corporation (RMC)."**

RANCHI MUNICIPAL CORPORATION
Near Kutchery Chowk,Ranchi-834001.
Tel:0651-2200011;Toll FreeNo:1800-120-2929.

RFPNo-297/ACCTS Date- 09/01/2026
Details of schedule for the bid are given below:-

| SNo | Activity | Timeline& Address |
|---|---|---|
| 1 | Start of bid/ downloading of RFP document | From 10/01/2026 (17:00Hrs.) (www.jharkhandtenders.gov.in) |
| 2 | Date and place for Pre- bid | 20/01/2026 (16:00Hrs.) The Municipal Commissioner, Office Near Kutchery Chowk,Ranchi843001 |
| 3 | Last date of Online Bid Submission | 07/02/2026 till17:00Hrs. |
| 4 | Opening of Technical Bids: | 09/02/2026 at16:00Hrs. |
| 5 | Cost of Bidding Document (Tender Fee) | Tender Fee Rs10,000+18% GST i.e., Rs.11800/- (Non-Refundable)to be paid through online at (www.jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | EMD | Rs 5,00,000 (Rupees Five Lakh) (Refundable) to be paid through online at website www.jharkhandtenders.gov.in or in case of Bank Guarantee (BG), EMD should be payable in name of the Municipal Commissioner, Ranchi Municipal Corporation, payable at Ranchi. |

RFP document / bid document shall be available on website: www.jharkhandtenders.gov.in/:: RMC ::
For Queries & Clarifications,send e-mail to: support@ranchimunicipal.com

Sd/-
DY. MUNICIPAL COMMISSIONER,
RANCHI MUNICIPAL CORPORATION

PR 370483 (Ranchi Municipal Corporation) 25-26 (D)

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका नाम : नामालूम पुत्र : नामालूम, पता: नामालूम उम्र : लगभग 40 साल, कद : 5'8'', रंग : सांवला, पहनावा: काले रंग का जैकेट व काले रंग का पैंट पहने हुए। जो एलएन अस्पताल में मिला। इस संदर्भ में डीडी नं. 72–ए, दिनांक 07.01.2026 थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : कोतवाली, दिल्ली
DP/401/N/2026 फोन: 8750870121




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA10 User: cci Time: 01-09-2026 23:17 Color:



# गणतंत्र दिवस परेड में इस बार दिखेगा 'सिंदूर फॉर्मेशन'

## वो फाइटर जेट शामिल किए जाएंगे जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में लिया था हिस्सा

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : गणतंत्र दिवस पर इस बार जब इंडियन एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट कर्तव्य पथ के ऊपर फ्लाईपास्ट करेंगे तो उसमें ऑपरेशन सिंदूर की झलक भी होगी। एयरफोर्स के अलग अलग एयरक्राफ्ट और फाइटर जेट अलग अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। लेकिन इस बार एक खास फॉर्मेशन भी होगी, जो है सिंदूर फॉर्मेशन।

सिंदूर फॉर्मेशन में कम से कम 7 एयरक्राफ्ट होंगे। इसमें वे फाइटर जेट भी शामिल होंगे जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में भूमिका निभाई थी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब देने और पाकिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए इंडियन आर्म्ड फोर्सेस ने पिछले साल 6 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था और आतंक के 9 ठिकानों पर स्ट्राइक की थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना में भैरव बटालियन बनाई गई है। भैरव बटालियन भी गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगी। ये लाइट कमांडो बटालियन है। भैरव बटालियन खास है और इन्हें पारंपरिक इंफ्रेंट्री (पैदल सेना) और स्पेशल फोर्सेस के बीच के कैपेबिलिटी गैप को भरने के लिए बनाया गया है। भैरव बटालियन को तेज और घातक कार्रवाई के लिए तैयार किया गया है ताकि चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर त्वरित ऑपरेशन करने के लिए ये बटालियन हमेशा तैयार रहें।

**भैरव बटालियन के जरिए सेना की तैयारी का संदेश भी दिया जाएगा**



ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना में भैरव बटालियन बनाई गई है

**RDAY लाइव ▶**

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी है। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

## फूल प्रूफ सिक्योरिटी का इंतजाम, 45 हजार जवान संभालेंगे मोर्चा

**पूरी है तैयारी**

**68** पैरामिलिट्री फोर्स की कंपनियां भी होंगी

**2500** रूफ टॉप सुरक्षा के लिए चिन्हित किए

**25** से अधिक जोन में बांटा गया नई दिल्ली जिले को



Vishal.sharma3@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के लिए दिल्ली पुलिस के 45 हजार जवानों के साथ 65 पैरामिलिट्री फोर्स की कंपनियां दिल्ली को किसी भी खतरे से महफूज रखने के लिए कमर कस चुकी है। सुरक्षा एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि लाल किला फिदायीन हमले और पहले से रची जा रही साजिश को ध्यान में रखते हुए इंटेलिजेंस एजेंसियों के विशेष इनपुट मिले हैं।

नई दिल्ली, नॉर्थ और सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में ही 2500 रूफ टॉप सुरक्षा के लिए चिन्हित किए गए हैं। खुफिया सूचनाओं के आधार पर दिल्ली पुलिस लगातार चौकसी बरत रही है। अफगानी या बांग्लादेश पासपोर्ट से भारत में घुसे कुछ संदिग्धों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।


सूत्रों ने बताया कि एजेंसियों के सामने दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा का फाइनल प्रेजेंटेशन दिया है। इस बार सुरक्षा जोन तय किए गए हैं, जिनके नाम गंगा, यमुना, सरस्वती समेत अन्य नदियों के नाम पर होंगे। कर्तव्य पथ पर दोनों ओर इलाकों को ब्लॉक में बांटा जाता है।

**गंगा, यमुना, सरस्वती समेत अन्य नदियों के नाम पर होंगे सुरक्षा जोन**

### इस पोर्टल पर टिकट बुक कराएं

अगर आप भी गणतंत्र दिवस की परेड देखना चाहते हैं तो इसके लिए ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं। इसके लिए रक्षा मंत्रालय के www.aamantran.mod.gov.in पोर्टल पर जाएं। यहां पूरा प्रोसेस देखा जा सकता है। सबसे पहले अपना मोबाइल नंबर डालकर रजिस्टर करें और लॉगिन करें। इसके बाद जिस इवेंट, परेड या बीटिंग द रिट्रीट, के लिए टिकट चाहिए उसे चुनें। फिर टिकट की संख्या और सीटिंग प्रेफरेंस सिलेक्ट करें। अपनी डिटेल्स और वैलिड फोटो आईडी, आधार या वोटर आईडी, अपलोड करें। ऑनलाइन पेमेंट करने के बाद टिकट डाउनलोड कर लें या इवेंट में एंट्री के लिए उसका प्रिंटआउट निकाल लें।

## महानगर में आज



**उस्तादों के सुर**
मॉडर्न स्कूल में 'स्वामी हरिदास-तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव', बाराखंबा रोड, शाम 6 बजे से। उस्ताद अमान अली बंगश (सरोद), पंडित उल्हास कशालकर (गायन) और पंडित हरिप्रसाद चौरसिया (बांसुरी) मंच पर होंगे।

**अव्यक्त**



त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'अव्यक्त', श्रीधरनी गैलरी, तानसेन रोड, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार सतीश शर्मा की यह स्कल्पचर और पेंटिंग एग्जिबिशन 15 जनवरी तक आर्ट लवर्स के बीच होगी।

**दस्तकारी हाट**
दिल्ली हाट में 40वां दस्तकारी हाट क्राफ्ट बाजार, आईएनए, सुबह 11 से रात 8 बजे तक।

**अनुभूतियां**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'मैजिक ऑफ रियलिजम', कन्वेंशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार शुभेंदु सरकार की इस पेंटिंग एग्जिबिशन में वास्तविकता को छूते कई भाव और अनुभूति महसूस की जा सकेगी।

**मूर्तियों का संसार**
ललित कला अकादमी में स्कल्पचर एग्जिबिशन, गैलरी फॉइअर, रवींद्र भवन, रोजाना सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। इस एग्जिबिशन मूर्तिकार सुरेश कुमार के आर्टवर्क संग उनकी वैचारिक गहराई, शिल्प कौशल और समकालीन संवेदनशीलता को महसूस किया जा सकता है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

CREA ने जारी की PM2.5 पर बेस्ड 4041 शहरों की रिपोर्ट

## देशभर के 44% शहरों में सालभर रहता है प्रदूषण, क्लीन एयर प्रोग्राम के दायरे में सिर्फ 4% हैं शामिल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

देश के महज 4 फीसदी प्रदूषित शहर नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) के दायरे में आते हैं। देश के लगभग आधे शहर (44 प्रतिशत) लगातार पांच से अधिक सालों तक पीएम 2.5 मानकों का पालन नहीं कर पाए हैं। प्रदूषण के लगातार बने रहने से साफ है कि यह समस्या मौसमी नहीं बल्कि सालभर बनी रहती है। प्रदूषण की समस्या परिवहन, उद्योग और पावर प्लांट जैसे क्षेत्रों से होने वाले निरंतर उत्सर्जन की वजह से है।

**पीएम 2.5 और गैस प्रदूषण को कम करने का हो काम**

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी ऐंड क्लीन एयर (CREA) ने शुक्रवार को एक विश्लेषण जारी किया है। इसमें सेटलाइट डेटा का इस्तेमाल करते हुए CREA ने दावा किया कि देश के 4041 शहरों में से 1787 शहरों में पांच साल (2019-24) के दौरान हर साल पीएम 2.5 मानकों से अधिक रहा। इसमें कोविड वर्ष 2020 शामिल नहीं है। इसका साफ मतलब है कि देश के लगभग 44 प्रतिशत शहर लंबे समय से प्रदूषण का सामना कर रहे हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि इस स्थिति के बावजूद देश का बड़ा कार्यक्रम NCAP इस बोझ का सिर्फ एक छोटा हिस्सा कवर करता है। एनसीएपी में कुल 130 शहर शामिल हैं। इनमें से सिर्फ 67 शहर इन 1787 शहरों में शामिल हैं।

**एक्सपर्ट बोले - NCAP का दायरा बढ़ाने की जरूरत:** CREA के इंडिया एनालिस्ट मनोज कुमार के अनुसार, भारत के लिए आगे का एकमात्र रास्ता है कि पीएम 10 की तुलना में पीएम 2.5 और गैस प्रदूषण जैसे SO2, NO2 आदि को कम करने का काम करें। NCAP में इन प्रदूषकों को आधार बनाएं। साथ ही एनसीएपी का दायरा बढ़ाएं।

### 130 NCAP शहरों में 28 शहरों में मॉनिटरिंग स्टेशन ही नहीं है

रिपोर्ट के अनुसार 130 एनसीएपी शहरों में 28 शहरों में अब भी सीएक्यूएमएस (लगातार रियल टाइम मॉनिटरिंग स्टेशन) नहीं है। जिन 102 शहरों में स्टेशन है उनमें से 100 शहरों में पीएम 10 डेटा कवरेज 80 प्रतिशत या उससे अधिक रहा।

**13.41** हजार करोड़ मिले अब तक NCAP को

**9.92** हजार करोड़ (74 प्रतिशत) खर्च किए जा चुके


**68%** फंड का इस्तेमाल सड़क की धूल के लिए हुआ

**14%** बायोमास जलाने पर



1787 शहरों में 2019 से 24 के दौरान हर साल पीएम 2.5 मानकों से अधिक रहा

**पीएम 2.5 के आधार पर 10 सबसे प्रदूषित शहर**






जनवरी में दो सालों की यह सबसे ठंडी सुबह रही, न्यूनतम तापमान महज 4.6 डिग्री रहा

## दो साल की सबसे सर्द सुबह, 4.6 डिग्री पर सिमट गया पारा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी में हल्की बूंदाबांदी के साथ न्यूनतम तापमान में भी बड़ी गिरावट दर्ज हुई। जनवरी में दो सालों की यह सबसे ठंडी सुबह रही। सीजन का भी सबसे कम तापमान रहा। हालांकि दोपहर के समय तापमान बढ़ने से लोगों को ठंड से राहत मिली। अगले दो से तीन दिन ठंड लोगों को परेशान कर सकती है। न सिर्फ सुबह बल्कि दिन भी इस दौरान काफी ठंडे रह सकते हैं।


शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान महज 4.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.3 डिग्री कम रहा। 2025 में 9 जनवरी को तापमान 4.8 डिग्री दर्ज हुआ था। वहीं, 2024 में यह 15 जनवरी को 3.3 डिग्री रहा था। अधिकतम तापमान बढ़कर 19.7 डिग्री पहुंच गया। यह सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक रहा। इसकी वजह से दोपहर के समय लोगों को ठंड से राहत मिली। हवा में नमी का स्तर 72 से 100 प्रतिशत तक रहा।

दिल्ली (सफदरजंग) के अलावा पालम का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री, लोदी रोड का 5.2 डिग्री, रिज का 5.4 डिग्री और आया नगर का 4.8 डिग्री रहा। सुबह के समय सफदरजंग, लोदी रोड में बूंदाबांदी हुई। वहीं आया नगर में 0.8 एमएम बारिश दर्ज की गई। पूर्वानुमान के अनुसार, शनिवार सुबह कुछ जगहों पर मध्यम से घना कोहरा रह सकता है। अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रह सकता है। इसके बाद 11 व 12 जनवरी को आसमान साफ रहेगा। इन दोनों दिन ठंड बढ़ सकती है। अधिकतम तापमान 15 से 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4 से 7 डिग्री तक रह सकता है। 13 से 15 जनवरी तक आंशिक बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। स्काईमेट के अनुसार, राजधानी का तापमान इस सीजन में पहली बार 5 डिग्री से नीचे गया है। कुछ इलाकों लोदी रोड, रिज, आया नगर, नोएडा, फरीदाबाद आदि में सुबह के समय हल्की बारिश भी हुई है।

**बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड, अगले कुछ दिन और सताएगी**

## अनुमान से भी ज़्यादा हुई पीक पावर डिमांड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

शुक्रवार को दिल्ली में विंटर पीक पावर डिमांड 6087 मेगावॉट रेकॉर्ड किया, जो बिजली कंपनियों के अनुमान से भी अधिक है। बिजली कंपनियों ने इस साल विंटर पीक पावर डिमांड का अनुमान 6000 मेगावॉट तक लगाया था, जिसकी तुलना में शुक्रवार को डिमांड 87 मेगावॉट अधिक रही। जनवरी के पहले हफ्ते में ही पीक पावर डिमांड ने कई रेकॉर्ड तोड़ दिए।

बिजली वितरण कंपनियों के अनुसार इस साल सर्दियों के दौरान अधिकतम पावर डिमांड 6,000 मेगावॉट होने का अनुमान लगाया गया था। लेकिन, शुक्रवार को डिमांड इससे भी 87 मेगावॉट अधिक रही। बीआरपीएल एरिया में डिमांड 2508 और बीवाईपीएल एरिया में 1209 मेगावॉट डिमांड रही। बिजली वितरण कंपनियों के अनुसार डिमांड में अभी और भी बढ़ोतरी हो सकती है। डिमांड को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली का इंतजाम किया गया है। विंटर पीक पावर डिमांड को पूरा करने के लिए 50 प्रतिशत बिजली सोलर पावर, पवन ऊर्जा, हाइड्रो पावर और वेस्ट टु एनर्जी से मिल रही है।

## CAQM ने दिए प्रदूषण फैला रहे 16 उद्योगों को बंद करने के आदेश



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एनसीआर के 16 उद्योगों को बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं। निरीक्षण के दौरान यह उद्योग नियमों को तोड़ते पाए गए और प्रदूषण को बढ़ा रहे थे।

CAQM के अनुसार दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण को कम रखने के लिए CAQM के प्रयास जारी हैं। लगातार इस दिशा में काम किया जा रहा है और एनफोर्समेंट ड्राइव चल रही हैं। जिन 16 उद्योगों को बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं उनमें एक एनसीआर के उत्तर प्रदेश, एक एनसीआर के राजस्थान और अन्य 14 हरियाणा के सोनीपत में है। इस निरीक्षण में उद्योगों में कई तरह की गंभीर लापरवाहियां देखने को मिली। इनमें बिना किसी मंजूरी के काम करना, प्रदूषण कम करने के उपकरण न लगाना, गैर मान्यता प्राप्त दूषित ईंधन का इस्तेमाल, GRAP की अवहेलना, प्रतिबंधित डीजल जनरेटरों का इस्तेमाल, धुंआ दिखना आदि उल्लंघन शामिल हैं। CAQM ने इस तरह की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए इन उद्योगों को तुरंत प्रभाव से बंद करने के नोटिस जारी कर दिए हैं। CAQM ने साफ किया कि उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## इस वर्कशॉप में सीखें पुराने कपड़ों का नया इस्तेमाल

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लाया है अपसाइकलिंग क्लोद्स वर्कशॉप जिसमें फैशन डिजाइनर और ब्रैंड अनुभा की फाउंडर अनुभा नाबियार आपको बताएंगी कि इस साल कौन सा फैशन रहेगा ट्रेंड में। इसके साथ वह यह भी बताएंगी आप कैसे अपने पुराने कपड़ों को नए फैशन में ढालकर इस्तेमाल कर सकते हैं और उनका क्या-क्या इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना होगा बस रजिस्ट्रेशन।



अनुभा नाबियार, फाउंडर, ब्रैंड अनुभा

**तारीख:** 15 जनवरी 2026
**टाइम:** 3 बजे से 4 बजे
**वेन्यू:** टाइम्स हाउस 7, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली
**फीस:** निःशुल्क

**इस वर्कशॉप में हिस्सा लेने के लिए +91 7003890071 पर फोन करें या वॉट्सऐप करें।**

उत्तर रेलवे

ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| एनआईटी | CPM-DLI-NIT-24-2025-26/GSU |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | यार्ड के रिमाडलिंग ESP (RS) के तहत SZM स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म 2 और 3 का कंस्ट्रक्शन और रीलोकेशन, जिसमें मौजूदा प्लेटफॉर्म 1ए और 2 को हटाना, मौजूदा FOBs को हटाना, प्लेटफॉर्म शेल्टर देना, और दूसरे एंट्री ऑफिस और सर्कुलेटिंग एरिया में सुधार शामिल है। समान कार्य की प्रकृति : ट्रैक वर्क के अलावा कोई भी सिविल वर्क। |
| | रुपये 3,71,44,730.74 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा ।) (नोट- रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) रुपये 3,36,700.00 |
| | 09 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 02.02.2026 को 15.00 बजे तक तथा 02.02.2026 को 15.00 बजे निविदा खुलना है |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. CPM-DLI-NIT-24-2025-26/GSU
Date : 09.01.2026 109/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## महानगर खेल

आप भी हमें अपनी खेल खबर और फोटो भेजिए nbtreader@timesofindia.com पर। सब्जेक्ट में लिखें Khel

### IGMA पंजाब फाइनल में

अंश (2/04), वीरेन (2/12), सिद्धांत (38) और भूमिका (36) की मदद से आईजीएमए पंजाब (135/6) ने चौथे IGMA टी20 लीग में आरसीबी (99/7) को 36 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### केकेआर खिताबी मैच में

युवराज पुरोहित (83), आर्यन पाल (2/8), प्रद्युत (2/18) के सहयोग से केकेआर (151/3) ने चौथे IGMA टी20 लीग में आरसीबी (147/8) को 7 विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया।

### राम का दोहरा शतक

राम (212* रन, 101 बॉल, 32 फोर, 12 सिक्स), प्रीत (64 रन), लखन (58 रन), शौर्य सिंह (36 रन), आदित्य पटेल (3/8) और अद्वान गोस्वामी (2/21) की ऐतिहासिक पारी से टेलिफेक्शन क्लब (513/4) ने लेट श्रीमती मालती देवी मेमोरियल अंडर-12 टूर्नामेंट में सिटी क्रिकेट काउंसिल (149/10) को 364 रन से करारी शिकस्त दी।

### वीरवर्धन-हर्षित का धमाका

वीरवर्धन (171*) और हर्षित डबास (124) की तूफानी पारियों से उदय भान सीसी (492/2) ने 5वें संजीव टाक अंडर-14 टूर्नामेंट में दिनेश राज क्रिकेट अकैडमी (164/10) को 328 रन के बड़े अंतर से मात दी।

### वरदान, प्रियान चमके



वरदान गाधी (5/7), प्रियान कनौजिया समराथ सिंह अरोड़ा (2/06), अनीश चौरसिया (2/06) और प्रियान कनौजिया (72) की बदौलत ज्ञानी अकैडमी (206/5) ने तीसरे विश्वकर्मा स्पोर्ट्स फाउंडेशन अंडर-15 टूर्नामेंट में कार्पेडियम अकैडमी नोएडा (61/10) को 144 रन से रौंदा।

### भास्कर-अखिल के शतक



भास्कर कुमार (122 रन, 63 बॉल, 17 फोर), अखिल शर्मा (114), वैष्णव शर्मा (3/15) और समर्थ (2/11) की बदौलत केजीएफ अकैडमी (376/5) ने तीसरे विश्वकर्मा स्पोर्ट्स फाउंडेशन अंडर-15 टूर्नामेंट में कार्पेडियम जूनियर अकैडमी (115/10) को 261 रन से हराया। कार्पेडियम की ओर से गब्बर सिंह ने 71 रन बनाए।

### युवांश की फिफ्टी

युवांश गिरी (69) और अक्षत (4/23) की बदौलत कोल मेहर अकैडमी (307/6) ने तीसरे भरत लाल मेमोरियल अंडर-13 कप में मास्टर क्रिकेट क्लब (221/7) को 86 रन से हराया।

### मयंक, शौर्य का बल्ला चला

मयंक शर्मा (46), शौर्य शर्मा (41), दीपांशु (2/11), शौर्य सिंह (2/11) के दम पर दिनेश राज क्रिकेट अकैडमी शाहपुर (194/10) ने बीआर लिटिल चैंप अंडर-12 टूर्नामेंट में द्रोणाचार्य अकैडमी (129/10) को मात दी।

### लक्ष्मण, मयंक, सबा की घातक बोलिंग

लक्ष्मण (3/33), मयंक कुसाई (3/19), मोहम्मद सबा करीम (3/11) की घातक गेंदबाजी और सूर्यांश रैना (63*) की बदौलत ब्राइट क्लब (144/4) ने 27वें साहिबजादा अजित सिंह टूर्नामेंट में आरपी सिंह क्रिकेट अकैडमी (138/10) को 6 विकेट से हराया।

### माहिर के 3 विकेट

माहिर सहदेव (3/5), रानू (2/15) और रौनित (2/18) की शानदार बोलिंग की बदौलत फ्रेंड्स क्रिकेट अकैडमी (78/5) ने जूनियर क्रिकेट कप के लीग मैच में एलजी क्रिकेट अकैडमी (77/10) को पांच विकेट से मात दी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTM11 User: vivek.kumar4 Time: 01-09-2026 21:10 Color:

# विकास पथ पर अग्रसर बहराइच

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम बना प्रगति का आधार

'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के तहत बहराइच की प्रगति एक समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण से संचालित हो रही है, जो समावेशी विकास और मूल्यांकन योग्य परिणामों पर केंद्रित है। पांच प्रमुख क्षेत्रों में मुख्य प्रदर्शन संकेतकों का स्कोर इस प्रकार हैं:

| स्वास्थ्य व पोषण | शिक्षा | कृषि एवं सिंचाई | वित्तीय समावेश व कौशल विकास | बुनियादी सुविधाएं |
|---|---|---|---|---|
| स्कोर 88.6 (जून 2025) | स्कोर 78 (जून 2025) | स्कोर 31.5 (जून 2025) | स्कोर 48.1 (जून 2025) | स्कोर 90.1 (जून 2025) |
| 30% | 30% | 20% | 10% | 10% |

**बहराइच का चैंपियंस ऑफ चेंज कम्पोजिट स्कोर 62.5 (जून 2025)**

नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से समग्र सुधार के मामले में बहराइच उत्तर प्रदेश के उभरते हुए शीर्ष जिलों में शामिल हो गया है और देश के कई अन्य आकांक्षी जिलों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।






### दुधवा व कतर्नियां घाट को मिली विस्टाडोम ट्रेन की कनेक्टिविटी

उत्तर प्रदेश में देश की पहली विस्टाडोम जंगल सफारी ट्रेन शुरू की गई है, जो यात्रियों को रेल के माध्यम से अनोखा वन्यजीव अनुभव देती है। यह ट्रेन तराई क्षेत्र के घने जंगलों से होकर बिछिया, बहराइच (कतर्नियां घाट वन्यजीव अभयारण्य के पास) से मैलानी (दुधवा टाइगर रिजर्व का प्रवेश द्वार) तक 107 किलोमीटर का बेहद खूबसूरत सफर तय करती है।

इस ट्रेन के विशेष रूप से डिजाइन किए गए कोच में बड़ी कांच की खिड़कियां और पारदर्शी छत है, जिससे यात्री जंगल, घास के मैदान, आर्द्रभूमि और वन्यजीवों को करीब से देख सकते हैं। यह अनुभव जीप सफारी से अलग और अधिक आरामदायक है, जहां यात्री शांति से बैठकर पक्षियों और वन्यजीवों को देख सकते हैं और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं।

धीमी गति से चलने वाली यह ट्रेन कतर्नियां घाट, दुधवा और किशनपुर के जंगलों और खुले प्राकृतिक क्षेत्रों से होकर गुजरती है, जिससे क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता साफतौर पर देखने को मिलती है। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार की 'वन डेस्टिनेशन, थ्री फॉरेस्ट्स' इको-टूरिज्म योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य प्रकृति संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा देना है।



बहराइच स्थित कतर्नियाघाट एक शांत वन्यजीव अभयारण्य है, जो घने जंगलों, समृद्ध जैव विविधता और गिरवा नदी के लिए जाना जाता है। यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य, संरक्षण और इको-टूरिज्म का एक दुर्लभ और आकर्षक संगम प्रस्तुत करता है।


### बहराइच जिले का आधार: कृषि

- माइक्रो इरिगेशन के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र मार्च 2018 में 0.28% था, जो अगस्त 2025 तक बढ़कर 10.25% हो गया।
- मनरेगा के तहत पुनर्जीवित किए गए जल निकायों की संख्या मार्च 2018 में 46 थी, जो अगस्त 2025 तक बढ़कर 790 हो गई।
- खरीफ फसल बीमा (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना) का कवरेज मार्च 2018 में 22.46% से बढ़कर मार्च 2025 में 34.19% हो गया।
- रबी फसल बीमा (पीएमएफबीवाई) का कवरेज भी मार्च 2018 के 25.1% से बढ़कर मार्च 2025 में 32.17% तक पहुंच गया।
- कृषि ऋण में अर्ध वार्षिक अवधि के दौरान 50.70% की वृद्धि दर्ज की गई।
- प्रमाणित बीजों का वितरण मार्च 2018 के 92,170 क्विंटल से बढ़कर मार्च 2025 में 1,82,989 क्विंटल हो गया, यानी इसमें दोगुनी बढ़ोतरी हुई।
- ई-नाम से जुड़ी मंडियों की संख्या मार्च 2018 में 2 थी, जो अगस्त 2025 तक बढ़कर 3 हो गई।
- गेहूं की कीमत प्राप्ति में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो मार्च 2018 में -12.31% से बढ़कर मार्च 2025 में +3.09% हो गई।


### शिक्षा सुधार से जुड़ी पहल

शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत जिले के स्कूलों में बीते कुछ वर्षों में कई प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। शिक्षा के तहत मुख्य फोकस क्षेत्रों में सीखने के परिणाम, साक्षरता दर, छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर), ट्रांजिशन रेट, बुनियादी सुविधाएं और पाठ्य पुस्तकों का वितरण शामिल हैं।

- प्राथमिक से उच्च प्राथमिक स्तर पर छात्रों का ट्रांजिशन रेट मार्च 2018 में 72.43% था, जो अप्रैल 2025 तक बढ़कर 92.5% हो गया। यह छात्रों के बेहतर प्रतिधारण और निरंतरता को दर्शाता है।
- उच्च प्राथमिक से माध्यमिक स्तर पर ट्रांजिशन रेट भी बेहतर हुआ है, जो मार्च 2018 में 84.11% से बढ़कर अप्रैल 2025 में 89.44% तक पहुंच गया।
- अप्रैल 2025 तक सभी स्कूलों में बालिकाओं के लिए कार्यशील शौचालय उपलब्ध हो गए हैं, जिससे 100% कवरेज हासिल हुआ है। मार्च 2018 में यह आंकड़ा 97.26% था।
- स्कूलों में पेयजल सुविधाओं में भी लगातार सुधार हुआ है। मार्च 2018 में 98.26% से बढ़कर अप्रैल 2025 तक यह 100% कार्यशील स्थिति में पहुंच गई है।
- माध्यमिक स्तर पर बिजली की सुविधा भी पूरी तरह उपलब्ध हो गई है। मार्च 2018 में जहां यह 84.93% थी, वहीं अब 100% कवरेज हासिल कर लिया गया है।
- पाठ्य पुस्तकों के वितरण में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। अप्रैल 2025 तक 100% स्कूलों में बच्चों को एक माह के भीतर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई गईं, जबकि मार्च 2018 में यह आंकड़ा शून्य था।
- कायाकल्प अभियान के अंतर्गत 3000 स्कूलों का नवीनीकरण।






### पर्यावरण-अनुकूल कला को बढ़ावा



- यूपी के बहराइच में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत गेहूं के डंठल (गेहूं का डंठल) से बनी पारंपरिक और पर्यावरण-अनुकूल कला को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है, जो जिले की ग्रामीण विरासत से गहराई से जुड़ी हुई है।
- स्थानीय कारीगरों द्वारा अपनाई जाने वाली यह विशिष्ट कला बेकार समझे जाने वाले गेहूं के डंठलों को आकर्षक सजावटी और उपयोगी वस्तुओं में बदल देती है, जो रचनात्मकता के साथ-साथ सतत विकास का भी संदेश देती है।

### बहराइच का बुनियादी ढांचा विकास




**ऑल वेदर रोड**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत कार्य


100% कवरेज (2018-2025)

100% पूर्णता


**पेयजल (पीने योग्य पानी)**

पेयजल (40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन): ग्रामीण बस्तियां

100% ग्रामीण बस्तियां




### चित्तौरा झील का पुनरुद्धार विरासत पर्यटन को नई गति





चित्तौरा झील का विकास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संतुलित क्षेत्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत बहराइच जैसे जिलों को पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन के क्षेत्र में प्रोत्साहन और निवेश मिल रहा है। बहराइच में स्थित चित्तौरा झील (चितूर झील) तथा महाराजा सुहेलदेव स्मारक के विकास कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया था।



### स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के प्रयास

- जिले के स्वास्थ्य उपकेंद्रों में आवश्यक उपकरण, फर्नीचर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, साथ ही बिजली, पानी और इन्वर्टर जैसी बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की गई है।
- 378 नई एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) की नियुक्ति की गई है।
- विभिन्न स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों का निर्माण किया गया है।
- स्वास्थ्य उपकेंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण से दूरदराज और दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में एनसीडी स्क्रीनिंग, टीकाकरण, परिवार नियोजन सेवाएं, संस्थागत प्रसव आदि सभी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।
- वर्ष 2024 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा और 25 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ।
- टीबी-मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वर्ष 2023 में 15 ग्राम पंचायतों और वर्ष 2024 में 87 ग्राम पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया।
- सरकारी मेडिकल कॉलेज, बहराइच चिकित्सा शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं और स्थानीय समुदायों को सुलभ व गुणवत्तापूर्ण इलाज प्रदान करके क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बना रहा है।

बहराइच मेडिकल कॉलेज



### वित्तीय समावेशन और कौशल विकास

- कम लागत वाला बांस बी2 बाजार स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को अपने उत्पादों को दिखाने और बेचने के लिए उचित मंच उपलब्ध कराता है।
- स्वयं सहायता समूह उत्पादों को बी2 'ब्रांड बहराइच' की साझा पहचान के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे ब्रांडिंग और दृश्यता में सुधार हो रहा है।
- यह पहल मजबूत उत्पादन क्षमता के बावजूद स्वयं सहायता समूहों को ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करती है।
- इसके माध्यम से स्वयं सहायता समूह सदस्यों की मार्केटिंग, वित्तीय प्रबंधन और उद्यमिता क्षमताओं में वृद्धि हो रही है।
- साथ ही, इससे स्वयं सहायता समूह सदस्यों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है, आय सृजन के अवसर बन रहे हैं और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिल रही है।
- पोर्टल पर पंजीकृत कुल प्रशिक्षुओं में से प्रशिक्षण पूरा करने वाले अप्रेंटिस का प्रतिशत (वेटेज 1.25) मार्च 2025 में 77.09% था, जो अप्रैल 2025 में बढ़कर 87.85% हो गया।

### लखपति दीदी

सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी)

**1,417**

संभावित लखपति दीदियां (पीएलडी)

**1,10,988**

डिजिटल आजीविका रजिस्टर (डीएआर)

**3,03,568**

### कनेक्टिविटी

राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-927): बहराइच को बाराबंकी और लखनऊ से जोड़ता है

निकटतम हवाई अड्डा: चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (लखनऊ)

नई परियोजना: पर्यटन और आकांक्षी जिलों से कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से बहराइच से खलीलाबाद (श्रावस्ती के रास्ते) तक एक नई ब्रॉडगेज रेल लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### बाराबंकी-बहराइच हाईवे बनेगा उत्तर प्रदेश का पहला डिजिटल हाईवे

- 101 किलोमीटर लंबा, चार लेन वाला बाराबंकी-बहराइच हाईवे उत्तर प्रदेश का पहला डिजिटल हाईवे बनने की दिशा में अग्रसर है। इससे सड़क सुरक्षा, यातायात की दक्षता और कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इस परियोजना में ऑप्टिकल फाइबर केबल, 24×7 नेटवर्क उपलब्धता, एनपीआर कैमरे और आधुनिक लाइटिंग सिस्टम जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल करेगा, जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।
- यह हाईवे एनएच-927 का हिस्सा होगा और बाराबंकी को श्रावस्ती एयरपोर्ट, एनएच-27 और भारत-नेपाल सीमा से जोड़ेगा। मार्ग के साथ तीन मीटर चौड़ी डक्ट में ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई जाएंगी, जिससे मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बेहतर होंगी। कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए कंपनियां इस मार्ग के किनारे भूमि भी लीज पर ले सकेंगी।
- यह परियोजना महादेवा कॉरिडोर के चलते बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए तैयार की गई है और उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का लक्ष्य रखती है। वर्तमान में इस मार्ग पर प्रतिदिन करीब 25,000 वाहन चलते हैं, जिससे संजय सेतु पुल पर दबाव बढ़ता है। चार लेन विस्तार से बाराबंकी, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर जिलों के लोगों के साथ-साथ नेपाल जाने वाले यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की देशव्यापी डिजिटल हाईवे पहल के तहत यह परियोजना दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और हैदराबाद-बेंगलुरु कॉरिडोर की सफलता के बाद एक और अहम कदम है, जो भारत के सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

# मेरठ में मां की हत्या और बेटी के अपहरण से तनाव

## 2 पर FIR, युवती की तलाश में जुटीं 10 टीमें



पीड़ित के घर पूरे दिन लोगों के साथ अधिकारियों का लगा रहा हुजूम

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ : सरधना थाना एरिया के कपसाड़ गांव में दलित महिला सुनीता की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण का मामला तूल पकड़ रहा है। शुक्रवार को परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और बेटी की बरामदगी के बिना सुनीता के शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मनाने में जुटे रहे। शुक्रवार शाम को सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम की मौजूदगी में बात की। युवती की बरामदगी के लिए 48 घंटे का वक्त मांगा। प्रशासन ने परिवार को 10 लाख रुपये का चेक सौंपा। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी का वादा करने पर अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। एसपी सिटी विपिन टाडा ने बताया कि दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर युवती की तलाश में 10 से ज्यादा टीमें लगाई गई हैं।

# घूसखोरी में CBI की गिरफ्त में जॉइंट डायरेक्टर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : CBI ने घूसखोरी के एक मामले में बेंगलुरु स्थित सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टिट्यूट (CPRI) के जॉइंट डायरेक्टर समेत दो आरोपियों को पकड़ा है। इनमें एक कथित तौर पर रिश्वत लेने वाला सरकारी अधिकारी और दूसरा प्राइवेट कंपनी सुधीर ग्रुप ऑफ कंपनीज के डायरेक्टर शामिल हैं। सीबीआई ने जॉइंट डायरेक्टर के ठिकानों पर छापेमारी भी की। इसमें 3.76 करोड़ रुपये (विदेशी मुद्रा समेत) की नकदी बरामद हो चुकी है। सीबीआई ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में CPRI बेंगलुरु के जॉइंट डायरेक्टर राजाराम मोहनराव चेन्नू और सुधीर ग्रुप ऑफ कंपनीज के डायरेक्टर अतुल खन्ना शामिल हैं। सीबीआई ने यह कार्रवाई शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार के एक मामले में की। जिसमें बेंगलुरु स्थित CPRI के संयुक्त निदेशक समेत दो आरोपियों को कथित रूप से 9.5 लाख रुपए की रिश्वत का लेनदेन करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

# फाइनल लिस्ट से पहले कैंडिडेट्स को मिलेगा सीट फिक्स-फ्लोट का मौका

## नियुक्तियां हों, सीटें खाली न रह जाएं, इसलिए कर्मचारी चयन आयोग ने अपनाया नया तरीका

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com



AI Image

NBT Exclusive

■ नई दिल्ली : कर्मचारी चयन आयोग (SSC) ने उम्मीदवारों की हामी बढ़ाने के लिए पसंद के शहर में परीक्षा केंद्र देने का सफल प्रयोग लागू किया, वहीं अब चुने हुए उम्मीदवारों को 'सीट फिक्स- फ्लोट' करने का मौका भी दिया जाएगा। इसका मकसद है कि जितने पदों के लिए परीक्षा होती है, उतने लिए चुने गए ज्यादातर उम्मीदवार जॉइन करें।

**सीट फिक्स और फ्लोट की योजना का मकसद :** कर्मचारी चयन आयोग (SSC) की ओर से कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल समेत कई बड़े एग्जाम का आयोजन किया जाता है, जिसमें 30 से 50 लाख तक उम्मीदवार आवेदन करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों के निष्कर्ष के आधार पर सामने आया है कि 20 से 30 पर्सेंट तक कैंडिडेट्स सिलेक्ट होने के बावजूद जॉइन नहीं करते हैं और उन पदों को अगले साल की परीक्षा में जोड़ा जाता है। SSC के चेयरमैन एस. गोपालकृष्णन के मुताबिक, परीक्षा के आधार पर 90 से 95 फीसदी तक नियुक्ति के लक्ष्य को पाने के लिए प्रयोग किया जाएगा, जिसमें कुल पदों के लिए चुने गए उम्मीदवारों की एक टेंटेटिव लिस्ट जारी होगी। इसके बाद कैंडिडेट्स से पूछा जाएगा कि उनको जिस पद के लिए जहां नियुक्ति मिल रही है, क्या वे उस ऑफर को स्वीकार करेंगे? उन्हें फिक्स और फ्लोट का विकल्प दिया जाएगा। इस तरह से चुने गए उम्मीदवारों की पसंद के आधार पर फाइनल लिस्ट तैयार होगी। इसका फायदा यह होगा कि चुने जाने के बावजूद जॉइन न करने की स्थिति में जो पद खाली रह जाते थे, उस पद पर अब किसी और इच्छुक उम्मीदवार को नौकरी मिल सकेगी। पायलट प्रोजेक्ट में दो राउंड में लिस्ट जारी होगी। इससे ज्यादातर पदों को भरा जा सकेगा।

### 18 जनवरी को सिंगल शिफ्ट की परीक्षा

चेयरमैन के मुताबिक, कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल CGL टियर-2 की परीक्षा 18 जनवरी को सिंगल शिफ्ट में होगी, जिसमें रेकॉर्ड 1.32 लाख उम्मीदवार होंगे। एक ही एग्जाम, एक ही क्वेश्चन पेपर होगा और नॉर्मलाइजेशन नहीं होगा। कोर्ट ने भी माना है कि जब सीधा नौकरी के लिए चुना जाना हो तो सिंगल शिफ्ट ही बेहतर है। अभी तक एक शिफ्ट में करीब 70 हजार के लिए परीक्षा होती है, लेकिन पहली बार इतने बड़े स्तर पर सिंगल शिफ्ट में परीक्षा होगी। 400 से ज्यादा सेंटर होंगे। लैपटॉप पर परीक्षा का प्रयास जारी है। 2026 में कॉन्स्टेबल जीडी यानी जनरल ड्यूटी की परीक्षा में 50 लाख से ज्यादा और ग्रैजुएट लेवल एग्जाम के पहले चरण में 30 लाख से ज्यादा आवेदन आ सकते हैं।

### एग्जाम का संभावित शेड्यूल भी जारी

एसएससी ने 2026 में होने वाली 12 परीक्षाओं का संभावित शेड्यूल भी जारी कर दिया है। कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्जाम - टियर 1 इस बार कम से कम दो महीने पहले आयोजित की जाएगी। 2025 में यह परीक्षा 12 से 26 सितंबर तक हुई थी और इस बार मई- जून में यह परीक्षा होगी। मार्च में रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। इसी तरह से कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल एग्जाम टियर 1 की परीक्षा जुलाई- अगस्त में होगी और अप्रैल में रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा।

# अयोध्या धाम परिसर में नॉनवेज फूड सप्लाई पर होगा एक्शन

■ NBT न्यूज, अयोध्या



- ऑनलाइन सप्लाई के मद्देनजर जारी की गई गाइडलाइन
- दुकानों, होटलों और होम स्टे के खिलाफ होगी कार्रवाई

**अयोध्या में** राम मंदिर के इलाके और नानवेज के पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के पास के होम स्टे व होटलों के लिए नान वेज खाने की आपूर्ति पर रोक के लिए नई गाइडलाइंस जारी की जाएगी यह जानकारी सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विदेशी कंपनियां जो आनलाइन फूड सप्लाई करती है उन पर रोक लगाने का अधिकार विभाग को नहीं पर मंदिर इलाके व अयोध्या नाम के होटलों में जहां नान वेज पर रोक पहले से है उन्हें ताकीद किया जा रहा है कि किसी भी ग्राहक को बाहर नानवेज खाने की आपूर्ति न करने दें। उन्होंने कहा कि कुछ श्रद्धालुओं की शिकायत पर यह एक्शन लिया गया है हालांकि कोई मामला इस बाबत पकड़ में नहीं आया है। सहायक खाद्य आयुक्त सिंह ने बताया- राम मंदिर और इसके आस पास नॉनवेज की बिक्री पर पहले से रोक है। शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिससे अयोध्या की धार्मिक मर्यादा पर पर चोट न पड़े। 8 जनवरी को होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे और ऑनलाइन खाना डिलीवरी करने वाली कंपनियों को भी इसकी जानकारी दी गई है तो अवगत करा दिया गया है।

# अब ग्रोक पर पेड यूजर्स ही एडिट कर सकेंगे फोटो

■ एपी, लंदन : एलन मस्क का एआई चैटबॉट 'ग्रोक' लोगों की अश्लील तस्वीरें जारी करने के बाद हुए वैश्विक विरोध के कारण अब ज्यादातर यूजर्स को अश्लील फोटो बनाने या एडिट करने से रोक रहा है। मस्क के सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' के जरिये उपयोग किए जाने वाले चैटबॉट ने पिछले कुछ हफ्तों में इन यूजर्स के अनुरोधों को अस्वीकार किया है, जिनको गलत माना जा सकता है। इनमें तस्वीरों को एडिट कर अश्लील बनाना शामिल है। पिछले दिनों दुनियाभर की सरकारों ने इस प्लैटफॉर्म की निंदा कर जांच शुरू कर दी थी। शुक्रवार को, 'ग्रोक' फोटो में बदलाव के रिक्वेस्ट पर संदेश जारी कर रहा था कि यह सुविधा सब्सक्रिप्शन लेने वालों के लिए है। इन सुविधाओं के लिए शुल्क देना होगा। हालांकि, 'ग्रोक' के यूजर्स की संख्या सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, लेकिन कुछ दिनों पहले की तुलना में 'ग्रोक' से बनाए जाने वाले अश्लील फोटो की संख्या में कमी आई है।

# वकीलों के लिए नैतिकता के मानक ज्यादा ऊंचे : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



- पेंडिंग मामलों के चलते बार चुनाव के लिए अयोग्य ठहराने पर रोक लगाने से इनकार

**सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को कहा कि वकीलों के लिए नैतिक मूल्यों के मानक अधिक ऊंचे होते हैं। इसी आधार पर कोर्ट ने तेलंगाना के एक वकील की उस याचिका को सुनने से इनकार कर दिया, जिसे लंबित आपराधिक शिकायतों के कारण आगामी राज्य बार काउंसिल चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि पहली नजर में वह ऐसा व्यक्ति नहीं है, जिसे बार काउंसिल का चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत रापोलु भास्कर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। वह तेलंगाना हाई कोर्ट के प्रमुख अधिवक्ता हैं। भास्कर ने राज्य बार काउंसिल में किसी अधिवक्ता को अयोग्य ठहराने से संबंधित प्रावधानों को चुनौती दी थी। इन प्रावधानों का हवाला देते हुए भास्कर की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्हें किसी भी मामले में न तो दोषी ठहराया गया है और न ही दंडित किया गया है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि वकीलों के लिए नैतिक मूल्यों के मानक अधिक होते हैं। यह भी जोड़ा कि वकील अक्सर अदालतों का रुख करते हैं जब कोई दागी व्यक्ति आम चुनाव लड़ता है।

### POCSO केस में जमानत रद्द की

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न से जुड़े अपराधों में जमानत दिए जाने के बाद साक्ष्यों से छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित करने की आशंका वैध और गंभीर चिंता का विषय है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अगुवाई वाली बेंच ने यह टिप्पणी यूपी के शामली जिले के आरोपी को इलाहाबाद हाई कोर्ट से मिली जमानत को रद्द करते हुए की।

# समग्र शिक्षा का रोडमैप तैयार करने के लिए राज्यों संग शिक्षा मंत्री की बैठक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



- धर्मेंद्र प्रधान बोले- 12वीं तक 100 फीसदी नामांकन सुनिश्चित करना होगा

**समग्र शिक्षा** 3.0 के रोडमैप को तैयार करने के लिए राज्यों के साथ बैठकों का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को 11 राज्यों के अधिकारियों, समग्र शिक्षा के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर और शिक्षा मंत्रालय के सीनियर अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि उभरती चुनौतियों, बेहतरीन तरीकों और समग्र शिक्षा योजना के अगले चरण में गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर, टीचर ट्रेनिंग और स्टूडेंट्स के अधिकारों को मजबूत करने पर ध्यान देना होगा। 12वीं तक 100 फीसदी नामांकन सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर काम कर रहे हैं और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। मीटिंग में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी, स्कूल शिक्षा और साक्षरता सचिव संजय कुमार, उच्च शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी और शिक्षाविद् भी शामिल हुए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का विजन पेश किया है, जो तभी हासिल किया जा सकता है जब हर बच्चे को अच्छी क्वॉलिटी की शिक्षा मिले।

# देशभर के युवा नेताओं संग 12 को संवाद करेंगे PM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत की विकास यात्रा में युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने की बड़ी पहल के तहत भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया जा रहा है। देश के युवा विकसित भारत@2047 के विजन को आगे बढ़ाने वाले दस प्रमुख राष्ट्रीय विषयों के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने अपनी बात रखेंगे। पीएम 12 जनवरी को इन युवाओं के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल शनिवार को इस समिट में शामिल होंगे।


**SBI**

तृतीय-पक्ष प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट सेंटर, मादाम कामा रोड, मुंबई – 400021

शुद्धिपत्र-2

तृतीय-पक्ष लाइफसाइकल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन की खरीद

कृपया हमारे रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए आमंत्रण संख्या SBI:TPM:CC:EOI:2025-26:01, दिनांक 05.12.2025 देखें और शुद्धिपत्र-01 दिनांक 25.12.2025 को जारी किया गया। शुद्धिपत्र-2 अपलोड किया गया है और इसे बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर प्रोक्योरमेंट न्यूज के तहत एवं ई-प्रोक्योरमेंट एजेन्सी पोर्टल https://etender.sbi/SBI/ पर देखा जा सकता है। प्री-बिड प्रश्नों का उत्तर बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर अपलोड कर दिया गया है।

बोलियाँ जमा करने की संशोधित अंतिम तिथि एवं समय 19.01.2026 को 16:00 बजे तक, सिर्फ https://etender.sbi/SBI/ के माध्यम से ऑनलाइन।

दिनांक: 09.01.2026 — उप महाप्रबंधक (विक्रेता प्रबंधन, नॉन-आईटी)



## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 50 साल, कद: 5'5", लिंग: पुरुष, रंग: काला, चेहरा : गोल, शरीर : पतला, पहनावा: काले रंग की जैकेट और काले रंग की पैंट पहने है, बरामदगी स्थल: जो दिनांक 06.01.2026 को चावड़ी बाज़ार, दिल्ली स्थित दुकान नं. 2425 के पास मृत अवस्था में पाया गया। मृतक के शव को 72 घंटों के लिए पहचान हेतु एमएएमसी अस्पताल, दिल्ली के शवगृह में संरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में DD No. 93A, दिनांक 06.01.2026, पुलिस स्टेशन: जामा मस्जिद, दिल्ली में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: जामा मस्जिद, दिल्ली
फोन: 011-23261625, 8750870422

DP/391/CD/2026



## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



परमिला

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम: परमिला देवी पत्नी: स्वर्गीय राम ईश्वर चौधरी पता: मकान नं. 230 पोस्ट ऑफिस के पीछे, जाट चौक के पास, नांगलोई, दिल्ली जो दिनांक 31.12.2025 को सुबह लगभग 07:00 बजे से अपने घर से लापता/अपहृत है। इस बाबत DD No 65A, Dt. 05.01.2026, पुलिस थाना: नांगलोई, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से है:

उम्र: 80 साल, कद: 5'0", रंग: सांवला, चेहरा: गोल, शरीर: सामान्य, पहनावा: लाल रंग की साड़ी और पैरों में चप्पल पहने हुए है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोन: 011-24368638, 24368641
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639

थानाध्यक्ष
थाना: नांगलोई, दिल्ली
फोन: 011-25949470, 9811055130

DP/278/OD/2026



## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम: नामालूम, पत्नी: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 55 साल, कद: 5'4", लिंग: महिला, रंग: सांवला, चेहरा: गोल शरीर: मध्यम, पहनावा: पीले व मेहरून रंग की पट्टीदार स्वेटर व नीले रंग की पजामी के ऊपर काले रंग का पेटीकोट बरामदगी स्थल: एनडीएमसी शौचालय के पास गेट नंबर 1 के बाहर गुरुद्वारा बंगला साहिब, दिल्ली, मृतक के शव को पहचान के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल, की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में DD No. 55A दिनांक: 08.01.2026 पुलिस स्टेशन: पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली
फोन: 011–23361100, 9140021811

DP/421/NDD/2026



## गुमशुदा / अपहृत की तलाश



सुष्मिता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की, जिसका नाम: सुष्मिता, पुत्री: मुन्ना शाह, पता: नज़दीक चमेली मन्दिर, पूठ खुर्द, बवाना, बाहरी नार्थ, दिल्ली, स्थायी पता: गांव ओसापुर, कठौता, जिला खगड़िया, बिहार, लिंग: स्त्री, उम्र: 14 वर्ष, कद: 5 फीट, रंग: गोरा, चेहरा: गोल, शरीर: मध्यम, पहचान चिन्ह: ठोडी पर तिल है, पहनावा: हरे रंग का सूट, नीले रंग का पजामा और पांव में चप्पल पहने है, और जो दिनांक 29.12.2025 से अपने निवास स्थान और थाना– बवाना, दिल्ली, के क्षेत्राधिकार से गुमशुदा है। इस संदर्भ में गुमशुदगी रिपोर्ट, FIR No. 04/2026, दिनांक: 02.01.2026, U/s: 137 (2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना: बवाना, दिल्ली, में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना: बवाना, दिल्ली
फोन : 7065036321, 9654927984

DP/168/ON/2026



## CATERERS AND DECORATORS FOR 28 THE MALL RELIGIOUS INSTITUTE, OFFICER MESSES AND OTHER INSTITUTES IN DELHI CANTONMENT

Applications are invited from interested caterers and decorators willing to be empanelled for various functions at 28 The Mall Religious Institute, Officer Messes & other institutes of Delhi Cantonment. Applications will be available at Station Headquarter Delhi Cantonment from 10 January to 01 February 2026 from 10 AM to 2:30 PM at the rate of Rs. 2000/- (Non Refundable) to be paid by means of bank draft in favour of 28, The Mall, Religious Institute, Delhi Cantonment. Caterers & decorators already empanelled also need to apply afresh.

The last date of submission of completed application forms with all documents to Station Headquarter, Delhi Cantt is 10 Feb 2026.

Adm Commandant
Station Headquarter
Delhi Cantonment-10



## GURU GOBIND SINGH INDRAPRASTHA UNIVERSITY

(A State University established by Govt. of NCT of Delhi)
SECTOR-16 C, DWARKA, NEW DELHI-110078
Ph: 011-25302149-150, Email: purchasebranch@ipu.ac.in
Website : www.ipu.ac.in

### E-Tender(NIT)

The University invites e-tender on e-procurement website of GNCTD- www.govtprocurement.delhi.gov.in from OEM and/ or their authorised suppliers/ distributors / resellers in two-bid system (technical & financial) for **Supply, Installation, Testing & Commissioning of Microsoft License(s)** under Microsoft Campus Agreement for a period of three years for the University.

Estimated cost of the tender is **Rs. 1.69 crore** (approximately) inclusive of GST.

Last date and time of uploading both the bids is **28th January 2026 upto 2 p.m.**

Further details are available on the University website **www.ipu.ac.in**

Registrar



## पूर्वोत्तर रेलवे — ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

ट्रांसपोर्टेरों एवं कार्गो संचालकों के लिये पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल से सामान्य/एलएचबी कोच से चलने वाली विभिन्न मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में 23/24 टन भार वीपीयू एवं 3.9 टन भार एसएलआर को 03 वर्ष की अवधि के लिये पट्टे पर आवंटित करने हेतु ई-नीलामी।

भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा मंडल से एलएचबी/सामान्य कोच से चलने वाली विभिन्न मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में 23/24 टन भार वीपीयू एवं 3.9 टन भार एसएलआर को पट्टे पर आवंटित करने हेतु ई-नीलामी के अन्तर्गत खुली नीलामी आमंत्रित की जाती है।

ई–नीलाम किये जाने वाले एसएलआर/वीपीयू का विवरण निम्नवत है–

ई–नीलामी कैटलाग सं: BSB4LEASING26

| क्रम सं. | गाड़ी सं. | एसएलआर/वीपीयू | कंपार्टमेंट | वीपीयू/एसएलआर की क्षमता (टन में) | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 14865 | एसएलआर | अगला | 3.9 | 21-01-2026 | 10:00 से 10:50 बजे |
| 02 | 11072/71 | वीपीयू | – | 24 | 21-01-2026 | 10:00 से 11:00 बजे |
| 03 | 22419/20 | वीपीयू | – | 24 | 21-01-2026 | 10:00 से 11:10 बजे |
| 04 | 13106/05 | वीपीयू | – | 23 | 21-01-2026 | 10:00 से 11:20 बजे |
| 05 | 14863 | एसएलआर | अगला | 3.9 | 23-01-2026 | 10:00 से 10:30 बजे |
| 06 | 14853 | एसएलआर | पिछला | 3.9 | 23-01-2026 | 10:00 से 10:40 बजे |
| 07 | 14853 | एसएलआर | अगला | 3.9 | 23-01-2026 | 10:00 से 10:50 बजे |
| 08 | 14863 | एसएलआर | पिछला | 3.9 | 23-01-2026 | 10:00 से 11:00 बजे |

अमानत राशि (रू.में): कॉन्ट्रैक्ट की वार्षिक कीमत का 10%

वेबसाइट पता: www.ireps.gov.in

नोट: (1) ई–नीलामी IREPS (E-Auction leasing Portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाईन होगी। (2) ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10,000/- + GST (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उनके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, अमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाईन उसी खाते से होगी। (3) ई–नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–227 — मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रण/ईओआई
अंतरिम वित्त/विकास पार्टनर (डीएफ) के लिए
मेसर्स अजनारा इंडिया लिमिटेड
के प्रोजेक्ट "अजनारा अंब्रोसिया" के पूर्ण होने हेतु
(कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अंतर्गत

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सीआईएन नंबर के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | अजनारा इंडिया लिमिटेड सीआईएन – U01111DL1991PLC046358 |
| 2. | अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल (आईआरपी) के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला संचार पता और ईमेल | मैसर्स अजनारा इंडिया लिमिटेड पता – कार्यालय संख्या 801, आइकॉनिक कोरेनथम टॉवर, सेक्टर –62, नोएडा, उत्तर प्रदेश – 201309 ईमेल – cirp.ajnaraindia@gmail.com |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल (सीआईआरपी के लिए) | www.ajnaraindiacirp.in |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश/दिल्ली एनसीआर राज्य के भीतर) |
| 5. | प्रासंगिक परियोजना "अजनारा एम्ब्रोसिया" का स्थान | प्लाट नं. जीएच-01, सेक्टर 118, [illegible] नोएडा, उत्तर प्रदेश |
| 6. | दिवाला प्रारंभ तिथि (आईसीडी) | 20.09.2022 (सीआईआरपी के तहत आगे की कार्यवाही माननीय एनसीएलएटी द्वारा रोक दी गई है) |
| 7. | आवश्यक जानकारी सहित ईओआई दस्तावेज प्राप्त करने के लिए लिंक | आवश्यक जानकारी के साथ विस्तृत ईओआई दस्तावेज को www.ajnaraindiacirp.in के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है |
| 8. | प्रस्ताव/ईओआई प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 20-01-2026 [illegible] बजे तक |
| 9. | प्राप्त प्रस्तावों को खोलने की तिथि | 21-01-2026 |
| 10. | उन संस्थाओं की अंतिम सूची जारी करने की तारीख जिन्होंने प्रस्ताव/ईओआई प्रस्तुत किया है | 22-01-2026 |
| 11. | प्राप्त प्रस्तावों/ईओआई पर चर्चा करने के लिए परियोजना आवंटियों के हितधारक की संयुक्त बैठक | 27-01-2026 |
| 12. | प्रस्ताव/ईओआई प्रस्तुत करने का मोड | हाथ से या डाक द्वारा बिंदु 2 में उल्लिखित पते पर और/या cirp.ajnaraindia@gmail.com पर ईमेल करें |

नोट – कंपनी मेसर्स अजनारा इंडिया लिमिटेड, माननीय एनसीएलएटी, बेंच II, नई दिल्ली के दिनांक 20.09.2022 के आदेश के तहत सीआईआरपी के तहत इस सीआईआरपी प्रक्रिया में आगे की कार्यवाही माननीय एनसीएलएटी, नई दिल्ली द्वारा रोक दी गई है। किसी भी ईओआई/प्रस्ताव की कोई भी शॉर्टलिस्टिंग या अनुमोदन माननीय एनसीएलएटी, नई दिल्ली के अनुमोदन के अधीन होगा।

हस्ता/–
[illegible]
पंजीकरण सं: IBBI/IPA-001/IP-P01584/2018-2019/12411
मेसर्स अजनारा इंडिया लिमिटेड हेतु आईआरपी
संचार पता – कार्यालय संख्या 801,
आइकॉनिक कोरेनथम टॉवर, सेक्टर –62, नोएडा, उत्तर प्रदेश

तिथि: 10.01.2026
स्थान: नई दिल्ली



## उत्तर पश्चिम रेलवे
### निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in 2. ई–निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 03.02.2026 को 15:00 बजे तक 3. ई–निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 03.02.2026 को 15:00 बजे के बाद **Tender Notice No.:** 28 TRD-BKN-ETENDER-25-26, **Name of work:** Provision of IP based CCTV System for remote surveillance of TRD installation (SP, SSP, TSS, Depots) over Bikaner Division, **Approx Cost of the work:** 3,64,05,480.21, EMD/SD (Rupees): 3,32,000.00, **No.:** 28 TRD-BKN-ETENDER-25-26, Date: 07.01.2026

51-PM/26

हमें [illegible] NWRailways [illegible] NWRailways_ पर फॉलो करें



## पूर्वोत्तर रेलवे
### खुली ई–निविदा सूचना सं.: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T26 Date: 08.01.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। क्र.सं. 1.; कार्य का नाम: सैलानी हॉल्ट को 3–लाइन क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करने के दौरान ओएचई से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंस नं.: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T26; कार्य की अनुमानित लागत (₹ में): ₹3,24,71,979.79; अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी(₹ में): ₹3,12,400/-; निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹ में): 00; निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 30.01.2026 को 11:00 बजे; कार्य पूरा करने की अवधि: 12 माह। • खुली ई–निविदा दिनांक 30.01.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजावि/विद्युत–247 — इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



## उत्तर पश्चिम रेलवे
### निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण–मधुबी), उत्तर–पश्चिम रेलवे, हिरन मगरी, सेक्टर–11, उदयपुर–313001 (राजस्थान) निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र पर ई–निविदा (दो पैकेट प्रणाली) आमंत्रित करते हैं। जो कि दिनांक 29.01.2026 को 15:30 बजे खोली जाएगी। **निविदा संख्या:** BI-NMH-T-7R, **कार्य का नाम एवं स्थान:** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में बड़ी सादड़ी–नीमच नई ब्रॉड गेज लाइन परियोजना के संबंध में बड़ी सादड़ी एवं छोटी सादड़ी स्टेशनों के मध्य कटिंग क्षेत्र में टो वॉल प्रोटेक्शन एवं ढाल स्थिरीकरण कार्य का निष्पादन, **निविदा का प्रकार:** दो पैकेट प्रणाली, अनुमानित लागत रुपये 40,21,67,076.18, **बयाना राशि:** रुपये 21,60,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 (नौ) माह, **ई–निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक और समय:** दिनांक 29.01.2026 को 15:00 तक, **वैबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in, **नोट:** कोई भी मैनुअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जाएगा। क्रमांक: BI-NMH-T-7R, Date: 08.01.2026

52-PM/26

हमें [illegible] NWRailways [illegible] NWRailways_ पर फॉलो करें



## उत्तर पश्चिम रेलवे
### निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण–मधुबी), उत्तर पश्चिम रेलवे, हिरन मगरी, सेक्टर–11, उदयपुर–313001 (राजस्थान) निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र पर ई–निविदा (एकल पैकेट प्रणाली) आमंत्रित करते हैं। जो कि दिनांक 21.01.2026 को 15:30 बजे खोली जाएगी। (1) **निविदा संख्या:** DRB-UMRA-T-01 (2) **कार्य का नाम एवं स्थान:** अजमेर मंडल के देबारी–उमरा प्रताप नगर खंड में किलोमीटर 97/3,10 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 71 पर (1x4.50 मीटर x 4.00 मीटर) बॉक्स प्रकार आर.यू.बी. का निर्माण कार्य। (3) **निविदा का प्रकार:** सिंगल पैकेट सिस्टम (4) **अनुमानित लागत:** ₹5,28,21,619.89/- (5) **बयाना राशि:** ₹ 4,14,100/- (6) **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 (बारह) माह (7) **ई–निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय:** दिनांक 21/01/2026 को 15.00 बजे (8) **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in

26-DK/26

हमें [illegible] NWRailways [illegible] NWRailways_ पर फॉलो करें



## नीलामी सूचना

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, नरेला (दिल्ली) में विद्यालय के **निष्प्रयोज्य/ कंडेम्ड कम्प्यूटर एवं उससे संबंधित सामग्री की खुले सार्वजनिक नीलामी** दिनांक **17.01.2026 (शनिवार)** को प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जाएगी। विस्तृत जानकारी हेतु विद्यालय की वैबसाइट https://narela.kvs.ac.in का अवलोकन करें।

प्राचार्य



## पूर्वोत्तर रेलवे

खुली निविदा नोटिस का पांचवां संशोधन
खुली निविदा सूचना सं. EPC/PSI/GKC-CHPG/NER दिनांक 30.06.2025, कार्य का नाम: ईपीसी मोड पर विद्युत कर्षण बिजली आपूर्ति प्रतिष्ठानों की क्षमता उन्नयन कार्य के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के गोरखपुर कैन्ट–छपरा ग्रामीण खण्ड में 2x25 kV एटी कर्षण फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित सिविल पोस्ट के साथ कर्षण उप स्टेशनों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य में निम्नलिखित संशोधन किये गये हैं–

क्र.सं. 1– मापदंड: निविदा बन्द होने की तारीख, पहले प्रकाशित– 15.01.2026, संशोधित–30.01.2026.

अतिरिक्त सूचना रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।

मुख्य विद्युत अभियन्ता (परियोजना)
मुजावि/विद्युत–248 — लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## उत्तर पश्चिम रेलवे
### ई–निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** 29-TRD-BKN-ETender-2025-26 **कार्य का नाम:** TRD modification work in c/w Provision of additional high level full length passenger PF & FOB (6m wide) at Mandi Adampur station of Bikaner Division. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,52,60,046.17/- **ईएमडी/एसडी:** ₹ 2,26,300/- (1) सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: https://www.ireps.gov.in (2) ई–निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 02.02.2026 को 15.00 बजे तक। (3) ई–निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 02.02.2026 को 15.00 बजे के बाद।

28-DK/26

हमें [illegible] NWRailways [illegible] NWRailways_ पर फॉलो करें

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA11 User: anil.rana Time: 01-09-2026 23:21 Color:



## फटाफट खबरें

### हिमाचल में बस खाई में गिरी, 13 की मौत



■ पीटीआई, नाहन: हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में शुक्रवार दोपहर एक बस के 500 फुट गहरी खाई में गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य यात्री घायल हो गए।

### MP की सैंक्चुअरी में मृत मिला बाघ

■ भाषा, उमरिया: मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ सैंक्चुअरी में बाघ का शव मिला है। अधिकारियों के मुताबिक, सैंक्चुअरी में पिछले दो दिनों में यह दूसरा मामला है। बुधवार को भी कथली बीट क्षेत्र में एक मादा बाघ शावक का शव मिला था। इसके किसी जंगली जानवर से संघर्ष में मारे जाने की आशंका जताई गई थी।

### गुजरात के सौराष्ट्र में भूकंप के 21 झटके

■ भाषा, राजकोट: गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में गुरुवार रात से शुक्रवार शाम तक भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। इनकी तीव्रता 2.6 से 3.8 के बीच रही। राजकोट के DM ओम प्रकाश ने कहा कि भूकंप के 21 झटके महसूस किए गए, जिसमें भूकंप की तीव्रता 1.4 से लेकर 3.8 तक रही। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### J&K: जवान की फिसलने से मौत

■ भाषा, श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गश्त के दौरान ऊंचाई से फिसलने से सेना के जवान की मौत हो गई। शुक्रवार को अधिकारियों ने बताया, सूबेदार हीरा लाल हरियाणा के अकबरपुर के रहने वाले थे। रात में गश्त के दौरान फिसल गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


# UK जैसे देशों ने US को कई छूटें दीं, पर भारत के लिए ये मुश्किल

## ब्रिटेन, वियतनाम और जापान जैसे देशों ने US के लिए खोले हैं एग्री और डेयरी सेक्टर

3 मिनट में पढ़ें

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

FILE



■ नई दिल्ली: अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के राजी होने को जो बातें कहीं हैं, उनमें पूरी सच्चाई नहीं है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक सीनियर अधिकारी ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह दूसरे देशों ने अमेरिका के लिए अपने कृषि और डेयरी सेक्टर खोले हैं और दूसरी शर्तें स्वीकार की हैं, भारत वैसा नहीं कर सकता क्योंकि यह किसानों के लिए संवेदनशील मामला है।

अधिकारी ने कहा, भारत का हमेशा से रुख रहा है कि समझौता दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद हो और इसी आधार पर पिछले कुछ समय में कई देशों के साथ ट्रेड एग्रीमेंट किए गए हैं। अमेरिका से भी बातचीत में कुछ मामले बेहद संवेदनशील हैं। ट्रंप सरकार पर उसके किसान समर्थकों का बड़ा दबाव है। जिसके चलते ट्रेड डील के जरिए अमेरिका मक्के, सोयाबीन और डेयरी प्रॉडक्ट्स के लिए दुनियाभर में बाजार तैयार कर रहा है। उसका जोर इस बात पर भी है कि डेयरी प्रॉडक्ट्स के लिए उसके सर्टिफिकेट को ही मान लिया जाए, जबकि अमेरिका में दुधारू पशुओं को मांसयुक्त चारा भी दिया जाता है।

कॉमर्स मिनिस्ट्री के अफसर ने कहा, भारत कृषि और डेयरी सेक्टर पर शर्तें नहीं मान सकता

**ब्रिटेन ने क्या दिया:** टैरिफ के ऐलान के बाद अमेरिका की पहली ट्रेड डील ब्रिटेन के साथ मई में हुई। अमेरिका ने ब्रिटेन पर टैरिफ घटाकर 10% करने की हामी भरी। ब्रिटेन ने अमेरिका से आने वाले बीफ पर 20% टैरिफ खत्म किया। हालांकि अमेरिका में हार्मोन ट्रीटमेंट वाले बीफ के ब्रिटेन में आयात पर सवाल उठे हैं।

**वियतनाम ने क्या दिया:** दूसरी डील 2 जुलाई को वियतनाम से की। उस पर 46% के बजाय 20% टैरिफ लगाई। वियतनाम ने अमेरिकी चीजों के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की हामी भरी। इसमें फूड और एग्री प्रॉडक्ट्स भी शामिल हैं। वह अमेरिका का सर्टिफिकेशन मानने को भी तैयार हुआ।

**इंडोनेशिया ने क्या दिया:** इंडोनेशिया पर टैरिफ 32% से घटाकर 19% किया गया। इस बात पर राजी हुआ कि 99% से ज्यादा अमेरिकी चीजों पर कोई टैरिफ नहीं लगाएगा।

**जापान ने क्या दिया:** जापान के साथ 4 सितंबर को ट्रंप ने 15% टैरिफ वाले एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। जापान ने अपना एग्रीकल्चर सेक्टर पहली बार अमेरिकी कंपनियों के लिए पूरी तरह खोला। अमेरिकी गाड़ियों और चावल के मामले में भी ऐसा ही किया।

**साउथ कोरिया ने क्या दिया:** साउथ कोरिया से US की ट्रेड डील 29 अक्टूबर को हुई। इसमें अमेरिकी टैरिफ 25% से 15% पर आ गया, लेकिन बदले में कोरिया ने कहा कि वह सालाना 50 हजार अमेरिकी गाड़ियां आयात करने की लिमिट खत्म करेगा और सेफ्टी स्टैंडर्ड्स भी स्वीकार कर लेगा।

## सब डील कर रहे, भारत पीछे: US मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



हॉवर्ड लुटनिक, अमेरिका के कॉमर्स मिनिस्टर

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने एक पॉडकास्ट में बताया कि भारत-अमेरिका का व्यापार समझौता अभी तक क्यों नहीं हो पाया? उन्होंने कहा, हमने ब्रिटेन से कहा कि उन्हें आने वाले दो शुक्रवार तक इसे पूरा करना होगा, क्योंकि कई अन्य देशों के साथ भी समझौते हो रहे हैं। आप जानते हैं जो पहले आता है वह पहले पाता है। राष्ट्रपति ट्रंप समझौते चरणबद्ध तरीके से करते हैं। उन्होंने कहा, जो (देश) पहले चरण पर सौदा करता है, उसे सबसे बेहतरीन शर्तें मिलती हैं। कहा कि ब्रिटेन के साथ हुए समझौते के बाद ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से कहा कि अगली डील भारत से होगी। लुटनिक ने कहा, हमने भारत से कहा, आपके पास तीन हफ्ते हैं। यह स्पष्ट होना चाहिए कि यह ट्रंप का समझौता है। वही अंतिम निर्णय लेते हैं। इसलिए आपको मोदी से शामिल करना होगा। भारत को ऐसा करने में असहजता महसूस हुई, इसलिए मोदी ने फोन नहीं किया। उसके बाद अमेरिका ने इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम के साथ व्यापार समझौतों की घोषणा की। अमेरिका अन्य देशों के साथ बातचीत कर रहा था और यह मान रहा था कि भारत उनसे पहले बातचीत पूरी कर लेगा। मैंने उनसे ऊंची दर पर बातचीत की थी। बाद में भारत ने फोन किया और कहा, हम तैयार हैं। मैंने कहा, तीन हफ्ते बाद किस बात के लिए तैयार हैं। मंत्री ने कहा, मैंने उनसे पूछा- क्या आप उस ट्रेन को पकड़ने के लिए तैयार हैं जो तीन हफ्ते पहले स्टेशन से निकल चुकी है? बाकी सभी देश समझौते करते रहे और भारत इस दौड़ में सबसे पीछे रह गया।

कहा, मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया, इसलिए डील नहीं हो सकी

# ग्रीनलैंड पर हमारी नज़र: MEA

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

PTI



सोमालीलैंड के मुद्दे पर MEA के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, सोमालिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना जरूरी है।

**विदेश मंत्रालय** ने सोमालीलैंड को मान्यता देने के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत सोमालिया के साथ हमारे पुराने संबंध हैं। हम मानते हैं कि उस देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना जरूरी है। बता दें कि इस्राइल सोमालिया से अलग हुए क्षेत्र सोमालीलैंड को मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है।

वेनेजुएला के बाद ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर दावा किया है, जिससे तनाव बढ़ा है

प्रवक्ता ने ग्रीनलैंड को लेकर चल रही गतिविधियों को लेकर कहा कि हम नजर बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के मिनियापोलिस में अमेरिकी अधिकारी की ओर से एक महिला की हत्या किये जाने पर भी चिंता जताई।

हाल के दिनों में शक्सगाम घाटी में हुए चीनी निर्माण को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि शक्सगाम घाटी भारतीय इलाका है। भारत ने 1963 में साइन किए गए तथाकथित चीन-पाकिस्तान करार को कभी मान्यता नहीं दी। हम लगातार कहते रहे हैं कि यह करार गैर-कानूनी और अमान्य है। हम तथाकथित चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर को भी मान्यता नहीं देते, जो उस भारतीय इलाके से होकर गुजरता है जिस पर पाकिस्तान ने जबरन कब्जा कर रखा है।

जायसवाल ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों पर भी चिंता जताई। जायसवाल ने कहा, हमने इस तरह की घटनाओं को व्यक्तिगत दुश्मनी, राजनीतिक मतभेदों या बाहरी कारणों से जोड़ने का चिंताजनक पैटर्न देखा है। इससे अपराधियों का हौसला बढ़ता है।

# सोमालीलैंड को मान्यता देने से इस्राइल को क्या फायदा?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AP



सोमालीलैंड को इस्राइल से मान्यता मिलने के बाद सोमालिया में प्रदर्शन हुए।

**1991** में सोमालिया से अलग होकर अस्तित्व में आए सोमालीलैंड को मान्यता देने वाला इस्राइल पहला देश बन गया है। 60 लाख की आबादी वाला ये देश सोमालिया के उत्तर पश्चिम में है। इसकी अपनी मुद्रा और सरकार भी है। तानाशाह जनरल सियाद बर्रे के खिलाफ आजादी की लड़ाई के बाद अस्तित्व में आए इस देश में जनमत संग्रह कर लोगों ने संप्रभुता के पक्ष में वोट किया था। यहां चुनावों के जरिए सत्ता में बदलाव भी आते रहे हैं।

**Q कैसे खुल गया एक जियोपॉलिटिक फ्रंट?:** 30 से ज्यादा वर्षों के बाद किसी से कूटनीतिक मान्यता ना मिलने के बाद इस्राइल ने मान्यता देकर एक नया जियो पॉलिटिकल फ्रंट खोल दिया है। सुरक्षा के मद्देनजर इसे कई देशों ने हॉर्न ऑफ अफ्रीका क्षेत्र के लिए खतरा बताया है। हॉर्न ऑफ अफ्रीका यानि वो क्षेत्र जिसमें सोमालिया, इरिट्रिया, जिबूती, इथियोपिया जैसे देश शामिल हैं। इस्राइल की ओर से मान्यता दिए जाने के बाद सऊदी अरब, तुर्किए, मिस्र, और इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी ने इस्राइल के हालिया कदम का विरोध किया। UAE का पहले से ही यहां बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स में निवेश है।

**Q इस्राइल की मान्यता के क्या मायने हैं?:** जानकारों का मानना है कि अगर सोमालीलैंड को बतौर राष्ट्र मान्यता मिलती है तो इससे इस्राइल को बड़ा रणनीतिक फायदा होगा। इससे इस्राइल को अफ्रीका में एक साथी मिलेगा। हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में लाल सागर इलाके में रणनीतिक पहुंच मिलेगी। इसके साथ ही ईरान की ओर से भी चुनौती के काउंटर के लिहाज से भी ये अहम है।

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### BCCL के IPO को जोरदार रेस्पॉन्स

■ पीटीआई, नई दिल्ली: कोल इंडिया की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) का IPO शुक्रवार को बोली शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर पूरा भर गया। दिन खत्म होते-होते इसे कुल 8 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब किया गया। यह साल 2026 का पहला मेनबोर्ड आईपीओ है, जो 13 जनवरी को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए 21 रुपये से 23 रुपये प्रति शेयर का भाव तय किया है।

### AIF निवेशकों के लिए नियम आसान

■ पीटीआई, नई दिल्ली: शेयर बाजार रेगुलेटर सेबी (Sebi) ने शुक्रवार को अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (AIF) के तहत निवेशकों को मान्यता प्राप्त निवेशक का दर्जा देने के नियमों को आसान बना दिया है। अब इन्वेस्टमेंट मैनेजर अपनी खुद की जांच-परख के आधार पर निवेशकों के साथ निवेश का करार कर सकते हैं और बाकी जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अब निवेशक को औपचारिक मान्यता प्रमाणपत्र मिलने तक रुकने की जरूरत नहीं होगी।

### ट्रेडिंग में बदलाव, सेबी का सुझाव

■ पीटीआई, नई दिल्ली: बाजार रेगुलेटर सेबी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों में ट्रेडिंग से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव का प्रस्ताव रखा है। सेबी ने सुझाव दिया है कि ट्रेडिंग, प्राइस बैंड, सर्किट ब्रेकर, बल्क और ब्लॉक डील की जानकारी, ट्रेडिंग का समय और मार्जिन ट्रेडिंग जैसी तमाम चीजों के लिए जो अलग-अलग नियम बने हैं, उन सबको मिलाकर एक कर दिया जाए। इससे इक्विटी और कमोडिटी दोनों मार्केट के लिए एक ही 'मास्टर फ्रेमवर्क' तैयार होगा।

### फर्जी GST नोटिस, CBIC का अलर्ट


■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) ने शुक्रवार को कारोबारियों को भेजे जा रहे फर्जी GST नोटिस को लेकर अलर्ट जारी किया है। CBIC ने लोगों को सलाह दी है कि विभाग की तरफ से मिलने वाले हर नोटिस पर दिए गए DIN नंबर की जांच CBIC पोर्टल पर जाकर जरूर करनी चाहिए।

# UPI से निकाल सकेंगे PF का पैसा

## मार्च से पहले आएगा EPFO का मोबाइल ऐप, सरकार कर रही है तैयारी

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

AI Image



■ नई दिल्ली: एंप्लॉईज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) के सब्सक्राइबर्स को इस साल कई सहूलियतें मिलने जा रही हैं। श्रम मंत्रालय ने EPFO में अनिवार्य रूप से होने वाले अंशदान के लिए बेसिक सैलरी की सीमा 15000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये महीने करने का बजट प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के पास भेजा है। वहीं, सब्सक्राइबर्स के लिए फंड निकालने में सहूलियत के लिए EPFO फरवरी अंत तक ATM जैसी व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। इसी साल मार्च तक EPFO अपना मोबाइल ऐप भी जारी करने की तैयारी में है।

श्रम मंत्रालय का बजट प्रस्ताव, EPFO में अनिवार्य अंशदान के लिए बेसिक सैलरी की सीमा 25000 रुपये

**ATM के जरिए निकासी**

EPFO में फैसले करने वाली शीर्ष इकाई सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की श्रम मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में अक्टूबर में बैठक हुई थी। इसमें यह फैसला किया गया था कि प्रॉविडेंट फंड सर्विसेज को कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस से जोड़ा जाएगा।

सूत्रों ने बताया, 'इसके तहत फरवरी अंत तक UPI के जरिए ATM से क्लेम की निकासी की सुविधा शुरू हो जाएगी। EPFO 2.0 के तहत इस पर काम हो रहा है।'

### बेसिक सैलरी की लिमिट बढ़ेगी!

EPFO ने अनिवार्य अंशदान से जुड़ी बेसिक सैलरी की सीमा 2014 में 6500 रुपये से बढ़ाकर 15000 रुपये महीने की गई थी। सूत्रों ने बताया, 'श्रम मंत्रालय ने फाइनैंस मिनिस्ट्री को कई बजट प्रस्ताव दिए हैं। उनमें यह भी है कि अनिवार्य अंशदान की लिमिट बढ़ाकर 25000 रुपये कर दी जाए। पूरी उम्मीद है कि वित्त मंत्री इसे हरी झंडी दिखा देंगी।' कानूनी प्रावधानों के तहत 20 से अधिक कर्मचारियों वाली फर्म के लिए पीएफ के तहत अंशदान जरूरी है। कर्मचारी की सैलरी का कम से कम 12% और इतना ही हिस्सा एंप्लॉयर की ओर से अनिवार्य रूप से PF में जाता है।

### एंप्लॉयर्स को बढ़ाना होगा योगदान

बेसिक सैलरी की लिमिट बढ़ाने पर एंप्लॉयर्स को कॉन्ट्रिब्यूशन बढ़ाना पड़ेगा। इससे पहले एंप्लॉयर्स की ओर से इसका विरोध होता रहा है। एक अधिकारी ने कहा, 'यह विकल्प भी है कि इसमें कर्मचारियों को इजाजत दे दी जाए कि वे इस सीमा से ऊपर के वेतन में से जितना हिस्सा चाहें पेंशन और रिटायरमेंट बेनेफिट के लिए कॉन्ट्रिब्यूट कर सकते हैं। अभी EPFO से एग्जेम्प्टेड कैटिगरी वाली और अपना पीएफ ट्रस्ट चलाने वाली इकाइयों में वॉलंटरी पीएफ का विकल्प है।'

### क्या करना होगा?

- यह सुविधा शुरू होने पर ATM में UPI का विकल्प चुनना होगा।
- UAN और OTP वेरिफिकेशन के बाद सब्सक्राइबर्स के जो बैंक खाते होंगे, उनकी जानकारी सामने आएगी।
- इसके बाद अलग-अलग मकसद के लिए अडवांस क्लेम की जो लिमिट है, उसके हिसाब से जो अमाउंट क्लेम किया जाएगा, वह सब्सक्राइबर के यूपीआई आईडी से जुड़े बैंक खाते में ट्रांसफर हो जाएगा।
- सूत्रों ने बताया, 'EPFO 3.0 के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर अपग्रेडेशन का काम चल रहा है। मार्च अंत तक EPFO का अपना मोबाइल ऐप भी लॉन्च करने की तैयारी है।'

# 5वें दिन गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी 1% लुढ़के

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन बिकवाली का दबाव बना रहा। सेंसेक्स-निफ्टी करीब 1% तक लुढ़क गए। सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और 604.72 अंक गिरकर 83,576.24 पर बंद। इसी तरह निफ्टी भी 193.55 अंक (0.75%) गिरकर 25,683.30 पर बंद हुआ। पिछले पांच दिनों में सेंसेक्स कुल 2,185 अंक और निफ्टी 645 अंक तक टूट चुका है।

सेंसेक्स 604.72 अंक और निफ्टी 193.55 अंक गिरा

स्मॉलकैप और मिडकैप में भी भारी गिरावट रही। सेक्टर की बात करें तो रियल्टी, पावर, टेलीकॉम और ऑटो सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा मार पड़ी। वहीं IT, एनर्जी और सरकारी बैंकों के शेयरों में थोड़ी रौनक दिखी। वहीं, विदेशी निवेशकों ने गुरुवार को 3,367 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। DIIs ने करीब 3,701 करोड़ रुपये की खरीदारी की। जानकारों का कहना है कि अमेरिका द्वारा टैरिफ (आयात शुल्क) बढ़ाने की आशंका से निवेशक सहमे हुए हैं। इसके अलावा भारत-अमेरिका ट्रेड डील टलने की खबरों ने बाजार का मूड खराब किया।

**चांदी के भाव में उछाल**

राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत 6,500 की बढ़त के साथ 2,50,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं, सोने की मांग बढ़ने से इसकी कीमत भी 1,200 रुपये चढ़कर 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, इससे पिछले कारोबारी दिन चांदी में भारी गिरावट देखी गई थी और यह 12,500 रुपये टूटकर 2,43,500 रुपये पर आ गई थी। बुधवार को चांदी ने 2,56,000 रुपये प्रति किलो का अपना रेकॉर्ड लेवल छुआ था।

# कर्ज में डूबी Vi को केंद्र से राहत

AI Image



■ पीटीआई, नई दिल्ली: कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया (Vi) ने शुक्रवार को बताया कि सरकार ने पिछले बकाया को चुकाने के लिए सालाना भुगतान की सीमा (Cap) तय कर दी है। अब अगले छह साल तक कंपनी को हर साल सिर्फ 124 करोड़ रुपये चुकाने होंगे, जिससे कंपनी के पास कैश की कमी की समस्या दूर होगी। कंपनी ने बताया कि मार्च 2032 से मार्च 2035 के बीच यह सालाना भुगतान और कम होकर 100 करोड़ रुपये रह जाएगा। इसके बाद, अडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (AGR) का जो भी बाकी बकाया होगा, उसे मार्च 2036 से अगले छह सालों में बराबर किश्तों में चुकाना होगा। इससे पहले 31 दिसंबर को सरकार ने कंपनी के पुराने बकाया के भुगतान पर आंशिक रोक लगाने को मंजूरी दी थी।

छह साल तक कंपनी को हर साल 124 करोड़ रुपये चुकाने होंगे

# FTA पर भारत-EU के बीच ब्रसल्ज में मंथन

AI Image



कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने EU ट्रेड कमिश्नर मारो सेफकोविच से की बातचीत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने ब्रसल्ज में EU के ट्रेड कमिश्नर मारो सेफकोविच से शुक्रवार को बात की। गोयल ने कहा कि प्रस्तावित समझौते के अहम पहलुओं पर चर्चा हुई। उन्होंने इस एग्रीमेंट में किसानों और छोटे उद्यमियों के हितों का ध्यान रखने की बात भी कही।

दोनों पक्षों में बातचीत के अब तक 16 दौर हो चुके हैं। हालांकि EU के कार्बन टैक्स सहित कुछ नियमों को लेकर पेच फंसा हुआ है। अमेरिकी टैरिफ के बीच EU से FTA इस मायने में अहम है कि यह भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 136 बिलियन डॉलर से ज्यादा का है। भारत के कुल निर्यात का करीब 17% हिस्सा EU जाता है।

बातचीत के लिए ब्रसल्ज गए गोयल ने कहा, 'हम दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद FTA के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में मैंने EU के ट्रेड एंड इकनॉमिक सिक्योरिटी कमिश्नर मारो सेफकोविच से बात की। इसमें हमने प्रस्तावित समझौते के अहम क्षेत्रों पर चर्चा की। हमने नियमों पर आधारित ट्रेडिंग फ्रेमवर्क और एक ऐसी मॉडर्न इकनॉमिक पार्टनरशिप के लिए प्रतिबद्धता दोहराई, जिससे किसानों और MSME के हितों की रक्षा हो, साथ ही भारत के उद्योग ग्लोबल सप्लाई चेन से अच्छी तरह जुड़ सकें।' इससे पहले इसी हफ्ते कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने EU के अधिकारियों से ब्रसल्ज में बातचीत की थी।

# इक्विटी MF में निवेश 6% घटा, गोल्ड ETF का जलवा कायम

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के चलते दिसंबर महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 6% गिरकर 28,054 करोड़ रुपये रहा। वहीं छोटे निवेशकों ने SIP (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए निवेश का नया रेकॉर्ड बना दिया है।

AMFI की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इंडस्ट्री की कुल संपत्ति भी नवंबर के 80.80 लाख करोड़ रुपये से घटकर दिसंबर में 80.23 लाख करोड़ रुपये रह गई। इसकी सबसे बड़ी वजह Debt स्कीम्स से बड़े पैमाने पर पैसा निकाला जाना रहा।

**SIP का जादू कायम**

दिसंबर में SIP के जरिए निवेश 31,000 करोड़ रुपये के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह नवंबर में 29,445 करोड़ रुपये था। आनंद राठी वेल्थ के जॉइंट CEO फिरोज अजीज ने बताया कि साल 2025 में कुल SIP निवेश 3.34 लाख करोड़ रुपये रहा, जो दिखाता है कि लोग भरोसेमंद निवेश कर रहे हैं।

**सोने की चमक बढ़ी**

दिसंबर में गोल्ड ETF में 11,647 करोड़ रुपये का भारी निवेश आया। नवंबर में यह सिर्फ 3,742 करोड़ रुपये था। साल 2025 में सोने ने 70% से ज्यादा का शानदार रिटर्न दिया है।

**Debt फंड में निकासी**

डेट म्यूचुअल फंड (Debt) से 1.32 लाख करोड़ रुपये की भारी निकासी हुई। विशेषज्ञों का कहना है कि साल के अंत में कंपनियां टैक्स भरने और अपने बिजनेस की दूसरी जरूरतों के लिए पैसा निकालती हैं, इसलिए दिसंबर में ऐसी निकासी होना सामान्य बात है।


### कितना निवेश?

- गोल्ड ETF: 11,647 करोड़*
- फ्लेक्सी-कैप: 10,019 करोड़
- मिड-कैप: 4,176 करोड़
- लार्ज-मिडकैप: 4,094 करोड़
- स्मॉल-कैप: 3,824 करोड़
- लार्ज-कैप: 1,567 करोड़
- SIP निवेश: 31,000 करोड़
- डेट फंड से निकासी: 1.32 लाख करोड़ (*नोट: रुपये में)

# डिजिटल फ्रॉड, हिडन चार्ज पर गवर्नर ने बैंकों को चेताया

- डिजिटल फ्रॉड रोकने के लिए बैंक आएं साथ: RBI गवर्नर
- कहा, ग्राहकों की सुरक्षा और भरोसे को रखें सबसे ऊपर
- फर्जी खातों, संदिग्ध लेन-देन पर निगरानी की जरूरत

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को बैंकों सहित तमाम वित्तीय संस्थानों से कहा कि वे नियमों को केवल खानापूर्ति की तरह न अपनाएं, बल्कि उनके पीछे छिपे असल मकसद और भावना को समझें। डिजिटल फ्रॉड पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।



RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा

उन्होंने इस पर लगाम लगाने के लिए सबको मिलकर काम करने पर जोर दिया।

यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गवर्नर ने कहा कि डिजिटल माध्यम से लोगों तक बैंकिंग पहुंचाना और सुविधाएं देना आसान हुआ है। लेकिन सुरक्षा का इंतजाम न होना, ग्राहकों से छिपे हुए चार्ज वसूलना, उन्हें पूरी जानकारी न देना और कर्ज वसूली के गलत तरीके अपनाने के नुकसान भी हो सकते हैं।

मल्होत्रा ने कहा कि डिजिटलाइजेशन से बैंकिंग का दायरा बढ़ा है और काम में तेजी आई है, लेकिन साथ ही इसने रिस्क को भी बढ़ा दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि बैंकों को आपस में तालमेल बिठाना चाहिए ताकि फर्जी खातों (म्यूल अकाउंट्स) और संदिग्ध लेन-देन का समय रहते पता लगाया जा सके। डेटा के इस्तेमाल पर उन्होंने कहा कि अब ऐसी तकनीक तैयार की जानी चाहिए जिससे हर समय बैंकों की निगरानी हो सके।

संवाद
नवभारत टाइम्स
नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली | शनिवार, 10 जनवरी 2026

# दूर रहे अमेरिका

## फिर आम ईरानी नागरिक सड़कों पर हैं

**ईरान में** महंगाई के खिलाफ आम लोगों का विरोध-प्रदर्शन धीरे-धीरे तेहरान बनाम वॉशिंगटन होता जा रहा है। इस्लामिक देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का संबोधन डॉनल्ड ट्रंप के लिए चेतावनी है, जो जरूरत पड़ने पर ईरान में दखल देने की बात कह चुके हैं।

**पश्चिम के प्रतिबंध** | ईरान की समस्या बहुत हद तक पैदा की हुई है। 1979 की क्रांति में शाह के पतन और इस्लामिक गणराज्य की स्थापना के समय से ही ईरान को पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय भी परमाणु हथियारों के कार्यक्रम पर रोक नहीं लगाने के आरोप में अमेरिका और यूरोप ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लाद रखे हैं। कुछ इन पाबंदियों और कुछ सरकारी नीतियों की वजह से ईरान की इकॉनमी आज डूबने के कगार पर पहुंची हुई है।


महंगाई से नाराजगी

**आर्थिक संकट** | सरकारी आंकड़े बताते हैं कि ईरान में महंगाई दर 42% हो गई है। खाने-पीने के दाम बेतहाशा बढ़े हैं और जरूरी चीजों के दाम में 110% तक की बढ़ोतरी हुई है। ईरान के पास दुनिया के कुल तेल भंडार का 9-10% है, लेकिन अमेरिका ने उस पर यह कहते हुए कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं कि इन पैसों का इस्तेमाल परमाणु हथियार विकसित करने में होता है।


**जनता में असंतोष** | दशकों की इन पाबंदियों की वजह से ईरान को कभी संभलने का मौका नहीं मिला। पश्चिम की दुश्मनी खामेनेई से है, पर भुगतना जनता को पड़ रहा है। ऊपर से कट्टरता, शासन व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं, मानवाधिकार का उल्लंघन जैसे आरोप भी हैं, जिनके विरोध में हर कुछ वक्त बाद ईरानी सड़कों पर उतरते रहे हैं। साल 2022 में भी ऐसे ही उग्र प्रदर्शन हुए थे, जब हिजाब न पहनने के आरोप में एक युवती को हिरासत में लिया गया था और उसकी मौत हो गई थी।

**हालात बिगड़ेंगे** | ताजा विरोध-प्रदर्शन देश के अधिकतर हिस्सों तक फैल चुके हैं। खबरों के मुताबिक, 45 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इंटरनेट बंद है और आम ईरानियों की सुरक्षा को लेकर पूरी दुनिया में चिंता है, लेकिन संप्रभु देश के मामलों में अमेरिका को कूदने का अधिकार नहीं है। पिछले साल जून में अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर एयर स्ट्राइक की थी, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं निकला। इससे पहले भी कई उदाहरण हैं, जहां अमेरिकी हस्तक्षेप से हालात और बिगड़े हैं। ईरान का फैसला वहां की जनता ही करे तो अच्छा होगा।

## और सुनाओ

# माटी पुकार रही

**नौकरी की** तलाश में निकलने वाले अक्सर न घर के रह जाते हैं, न घाट के। ये ठीक है कि माइग्रेट करने वाले कई लोगों ने बहुत कुछ हासिल किया। फिर भी उन लाखों लोगों की भीड़ का क्या, जो बेहतर भविष्य की आस में अपनी जड़ों से कटती चली जा रही है। एक समय था जब हर सवाल का एक तैयार जवाब होता था, माइग्रेशन। लेकिन हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर छंटनी, वर्क वीजा की अनिश्चितता साफ हो गई है। मानसिक तनाव और अकेलेपन की कहानियां सामने आईं। इस चमकदार तस्वीर में धब्बे दिखने लगे हैं। इसके बावजूद माइग्रेशन की कोशिशें थमी नहीं हैं। सवाल है कि आखिर क्यों? इसका आधार क्या है? ज्यादातर मामलों में जवाब सीधा है: पैसा। ज्यादा सैलरी, ज्यादा सुविधाएं, ज्यादा उपभोग। लेकिन क्या यही बेहतर जिंदगी की परिभाषा है?


रमेश तिवारी

माइग्रेशन में कोई बुराई नहीं। इतिहास गवाह है कि इंसान ने हमेशा बेहतर अवसरों की तलाश में जगह बदली है। समस्या तब शुरू होती है, जब माइग्रेशन का मतलब सिर्फ पैसा कमाना रह जाए। कोई यह नहीं पूछता कि कहां जिंदगी आसान है, कहां सामाजिक सुरक्षा मजबूत है, कहां हैपीनेस इंडेक्स ऊंचा है। बस यह देखा जाता है कि कहां पैकेज बड़ा है। बच्चों को खुशी-खुशी विदेश भेजने वाले माता-पिता यह नहीं समझते कि सांस्कृतिक पहचान क्या होती है। उसका खो जाना कितना गहरा नुकसान है। हर युवा जो अपनी मिट्टी छोड़ता है, जरूरी नहीं कि सब कुछ हासिल कर ले। लेकिन वह जो खो सकता है, वह लगभग तय है- अपनी भाषा, अपनापन, परिवार का सहारा, भावनात्मक सुरक्षा और अपनी जड़ें। धीरे-धीरे वह एक इंसान कम और ATM ज्यादा बन सकता है।

यह कोई संयोग नहीं कि भारत दुनिया के कई देशों से भले ही विकास के कुछ मानकों में पीछे हो, लेकिन विदेश से पैसा भेजने यानी रेमिटेंस में सबसे आगे है। यह उपलब्धि कम और चेतावनी ज्यादा है। अगर हमें सच में तरक्की को समझना है, तो मानना होगा कि तरक्की पैसे से बड़ी चीज है। तरक्की यह नहीं कि आप अकेले कितना कमा रहे हैं, बल्कि यह है कि आपका हर कदम उस जगह को कितना बेहतर बना रहा है जहां आप रहते हैं। क्या वह जगह आपकी अगली पीढ़ी के लिए भी रहने लायक बन रही है? अगर सिर्फ अपने फायदे के लिए हम जमीन को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दें, हवाओं को जहरीला कर दें, पानी को जहर बना दें, तो फिर हम किस नैतिक आधार पर इसे जायज ठहराएंगे? हम अपने बच्चों को कहीं और पैर जमाने के लिए मजबूर करते हैं और इसे गौरव का रंग देते रहते हैं। लेकिन यह सिलसिला कब तक चलेगा? हर पीढ़ी पिछली पीढ़ी की विफलताओं का बोझ उठाती रहे, यह कोई स्थायी समाधान नहीं है। वास्तविक बेहतरी अगली पीढ़ी पर थोपे गए आदर्शों से नहीं, बल्कि वर्तमान पीढ़ी के आचरण से शुरू होती है। हम क्यों नहीं अपनी धरती पर वो फसल बो रहे हैं, जिसे आने वाली पीढ़ियां भी काट सकें। वो भी उर्वरता बनाए रखने के लिए प्रेरित हों।

## ऑफ़ दि ट्रैक

# बस 10 मिनट!

दिलीप लाल

**आमतौर पर** लंबे समय तक व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। लेकिन न्यूकैसल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के एक नए अध्ययन से पता चला है कि सिर्फ 10 मिनट का भी तेज व्यायाम ऐसे जैविक बदलाव शुरू कर सकता है, जो कैंसर, विशेष रूप से आंत (बॉवेल) के कैंसर के खतरे को कम करने में मददगार हो सकते हैं। रस्सी कूदना, तेज साइक्लिंग, तैराकी, फुटबॉल या बास्केटबॉल जैसे खेल जोरदार व्यायाम के अच्छे उदाहरण हैं। इस तरह की एक्सरसाइज से रक्त में कुछ खास जैविक अणुओं की मात्रा बढ़ जाती है। ये अणु डीएनए की मरम्मत की प्रक्रिया को सक्रिय करते हैं और कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि से जुड़े संकेतों को दबाते हैं। अपनी स्टडी में वैज्ञानिकों ने पाया कि करीब 1,300 जीनों की गतिविधि में बदलाव देखा गया और कैंसर कोशिकाओं की आक्रामकता से जुड़े जीन कमजोर पड़ गए। यह अध्ययन इंटरनैशनल जर्नल ऑफ कैंसर में प्रकाशित हुआ है। इसमें 50 से 78 वर्ष की आयु के 30 ऐसे लोग शामिल थे, जो अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त थे। सभी प्रतिभागियों ने लगभग 10 मिनट का तेज व्यायाम किया, जिसके बाद उनके रक्त में मौजूद प्रोटीन का विश्लेषण किया गया। भविष्य में इन्हीं जैविक प्रभावों के आधार पर कैंसर से जुड़े नए उपचार विकसित किए जा सकते हैं।

## AI प्रोग्राम LLM की मदद से खोजे जा सकते हैं अनसुलझे जवाब

# AI साइंस को देगा नई ख़ुशख़बरी

**इक्कीसवीं सदी** की पहली चौथाई कुछ अद्भुत खबरों के साथ पूरी हो रही है। प्लूटो से ग्रह का दर्जा छीन लिए जाने के बाद हमारे सौरमंडल का सबसे दूरवर्ती ग्रह नेप्च्यून ही रह गया है। लेकिन दिसंबर 2025 के आखिरी हफ्ते में जापानी खगोलशास्त्रियों ने इन्फ्रारेड इमेजिंग वाले दो सैटेलाइटों से 1983 और 2006 में खींची गई सौरमंडल के बाहरी हिस्सों की तस्वीरों की तुलना करके बताया है कि इन तस्वीरों में कोई चीज इन्हीं 23 वर्षों में अपनी जगह से हटी हुई दिख रही है। धरती की 7 से 17 गुना वजनी यह निपट बर्फीली चीज सौरमंडल का नवां ग्रह हो सकती है।


चंद्रभूषण



**AI एजेंट्स का दौर** | तकनीकी की सबसे बड़ी खबरें अभी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से जुड़ी हैं। AI एजेंट्स का दौर शुरू हो चुका है। AI एजेंट्स यानी साइंटिफिक रिसर्च में काम आने वाले ऐसे AI प्रोग्राम जो कई लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (LLM) की मदद से अनसुलझे सवालों के भरोसेमंद जवाब खोज लें। ऐसी कोशिशें भारत समेत कई देशों में आज भी जारी हैं। बड़ी बात यह कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से वैज्ञानिक खोज जैसी कोई घटना शायद 2026 में सुनने को मिल जाए। बात इसके बहुत करीब पहुंच चुकी है।

**कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश** | 2016 के पेरिस जलवायु समझौते में 2035 तक दुनिया का कुल कार्बन उत्सर्जन उस समय की तुलना में आधे पर ला देने की बात थी। यह लक्ष्य हासिल होने की उम्मीद कम है, लेकिन 2025 में सौर पैनलों और पवन चक्कियों से दुनिया ने उतनी ही बिजली बनाई, जितनी कोयले और गैस से। यही नहीं, दुनिया का 35 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जित करने वाले मुल्क चीन ने अपने उत्सर्जन का बढ़ना रोक दिया है। यानी रास्ता खुलने लगा है।

**केमिकल लेप से बिजली** | पेरोव्स्काइट नाम के केमिकल के लेप से सौर बिजली बनाने पर चल रहा काम काफी समय से दुविधा में घिरा था। कारण यह कि खुले में नमी और धूप यह केमिकल ज्यादा देर तक बर्दाश्त नहीं कर पाता। फिर सिलिकॉन पैनल वाले पारंपरिक तरीके और पेरोव्स्काइट को मिलाकर कुछ नया करने के प्रयोग दुनिया भर में शुरू हुए। लेकिन 2025 में ऐसे टैंडेम सेल्स की बिजली उत्पादन क्षमता का स्तर 34 प्रतिशत से भी ऊपर ले जाकर चीनियों ने बाजी मार ली। यह सेल कम धूप में भी बिजली बना लेता है और इसका साथ देने के लिए दो सस्ती, सुरक्षित और कॉम्पैक्ट बैटरियों की खोज 2025 की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**क्वांटम कंप्यूटर** | 2035 का एक लक्ष्य फ्रांस में चल रहे प्रायोगिक फ्यूजन एनर्जी प्रॉजेक्ट को तब तक 500 मेगावाट क्षमता वाले पावरहाउस की शक्ल देने का रहा है। बीते दिसंबर में जर्मनी की एक लैब ने अपने यहां दस करोड़ डिग्री सेल्सियस वाला फ्यूजन प्लाज्मा आधा घंटा टिका लिया, जिसका कुछ सेकंड ठहर जाना भी बड़ी बात मानी जाती रही है। ऐसा तीसरा लक्ष्य क्वांटम कंप्यूटर्स से जुड़ा है। इससे जुड़े कई ब्रेकथ्रू इस साल चर्चा में रहे, जिनमें माइक्रोसॉफ्ट की मायोराना-1 क्वांटम चिप को सबसे क्रांतिकारी पहल समझा गया। बहरहाल, बात तो तब है जब क्वांटम कंप्यूटर अपनी असाधारण क्षमताओं के साथ कामकाजी दायरे में आ जाएं।

**सेल्फ हीलिंग इन्फ्रा** | एक बहुत बड़ी खोज सेल्फ हीलिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में हुई है। कोई बड़ा पुल या इमारत या ऑयल पाइपलाइन या कोई विशाल मशीन अपने निर्माण के समय भीतर रह गई छोटी-मोटी दरारों के चलते या किसी और अनदेखी खराबी से कम समय में बर्बाद हो जाती है तो समाज का बहुत नुकसान होता है। एक अनुमान है कि दुनिया को अभी हर साल इस मद में ढाई लाख करोड़ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। अभी इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), सेल्फ हीलिंग मटीरियल और कंट्रोल्ड रिलीज मेकेनिज्म की मदद से इस समस्या को निर्मूल करना संभव हो गया है। आप ढांचे पर सिर्फ एक महंगा पेंट लगाकर उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतामुक्त हो जाएंगे।

**चंद्र अभियानों में तेजी** | साल 2026 को चंद्र अभियानों का साल भी कहा जा रहा है। नासा का आर्टेमिस-2 मिशन इस साल ओरियन स्पेसक्राफ्ट से अपने चार अंतरिक्षयात्रियों को दस दिन के एक अभियान में चंद्रमा का चक्कर लगाने भेज रहा है। चीन भी अपने कामयाब चंद्र अभियानों की श्रृंखला में चांग ई-7 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने की तैयारी में है जिसका मकसद होगा वहां पानी तलाशने का अभियान आगे बढ़ाना। रही बात भारत की तो हमारा गगनयान इंसानी शरीर पर अंतरिक्ष यात्रा के प्रभावों को समझने के लिए जनवरी से मार्च के बीच कभी भी एक रोबॉट सवार को लेकर अंतरिक्ष में जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

### 2026 में संभावनाएं

- सेल्फ हीलिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर से उम्मीदें
- पुलों और इमारतों को मिलेगी नई जान
- कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश के आसार




## हरियाणा ने कैसे किया कमाल

**साल 2011 की जनगणना में सेक्स रेश्यो में सबसे फिसड्डी रहे हरियाणा की स्थिति अब काफी सुधर गई है। राज्य में 2011 में प्रति 1,000 लड़कों पर 834 लड़कियां थी, जो साल 2025 में बढ़कर 923 हो गई। जानते हैं कि कैसे आया बदलाव।**

### 5 पॉइंट

**1 देश के बराबर**
सेक्स रेश्यो के मामले में हरियाणा अब देश से कदमताल कर रहा है। तीन जिलों की उपलब्धि खास उल्लेखनीय है। पंचकूला में 1,000 लड़कों पर 971, फतेहाबाद में 961 और पानीपत में 951 लड़कियां हैं।



**2 अभियान का असर**
बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान के तहत 2015 से अब तक 65,000 कन्या भ्रूणों को बचाया जा चुका है। जन्म से पूर्व लिंग जांच मामलों में 1,375 मेडिकल प्रैक्टिशनर और अल्ट्रासाउंड सेंटर पर FIR हुई है।



**3 ऑनलाइन निगरानी**
सरकार ने हर जिले के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर का वट्सऐप ग्रुप बनाया। इसकी लगातार मॉनिटरिंग होती है। अस्पतालों में प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने वाली महिलाओं को 12 अंकों की यूनिक आईडी दी जाती है। इससे प्रेग्नेंट महिलाओं का रजिस्ट्रेशन 37% बढ़ गया।



**4 सहेली परियोजना**
हरियाणा में पिछले साल अप्रैल से सहेली परियोजना चलाई जा रही है। इसके तहत 1 बेटी वाली प्रेग्नेंट महिला की खास देखरेख की जाती है। एक साल में ही प्रेग्नेंसी की शुरुआत में अबॉर्शन दर 57% तक घट गई।



**5 जागरूकता और इनाम**
फर्जी लिंग जांच केंद्रों और भ्रूण हत्या करने वालों की खुफिया जानकारी देने पर सरकार 1 लाख रुपये का इनाम देती है। ऐसी सूचना देने वालों को सरकार ने पिछले 10 बरसों में 5 करोड़ रुपये बांटे।



प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र

# अरावली को हर हाल में बचाना होगा

*अरावली रेंज की 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को इसका हिस्सा न मानने के अपने ही आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। अरावली संरक्षण में जुटे एक्टिविस्ट और पर्यावरणविद् इसका स्वागत कर रहे हैं। लेकिन उन्हें चिंता है कि अब एक्सपर्ट कमिटी तय करेगी कि अरावली का हिस्सा क्या है और क्या नहीं। उनका मानना है कि अरावली को परिभाषित करने की जरूरत नहीं है, बल्कि इसके पूर्ण संरक्षण और बचाव की दरकार है। **पूनम गौड़** ने अरावली पर्वतमाला से जुड़े पूरे विवाद पर पीपल फॉर अरावली की फाउंडर मेंबर और अरावली विरासत जन अभियान की सदस्य नीलम अहलूवालिया से बातचीत की:*


NBT सप्ताह का इंटरव्यू
नीलम अहलूवालिया

**■ सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की नई परिभाषा पर रोक लगा दी है। आपकी इस पर क्या राय है?**

फैसले का हम स्वागत करते हैं। लेकिन अब एक्सपर्ट कमिटियां तय करेंगी कि अरावली का हिस्सा क्या है और क्या नहीं? अरावली को परिभाषित करने की जरूरत नहीं है। उसके पूर्ण संरक्षण और बचाव की जरूरत है, क्योंकि यह पहले ही खनन और रीयल एस्टेट की वजह से बहुत बर्बाद हो चुकी है।

**■ क्या स्टे के बाद विवाद थम जाएगा?**

नहीं, अरावली को जब तक पूरी तरह संरक्षण नहीं मिलता, तब तक विवाद रहेगा। लंबे समय से अरावली को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं। अवैध खनन समेत कई मुद्दे हैं, जिनके खिलाफ लोग आवाज उठा रहे हैं। आंदोलन जारी रहेगा।

**■ सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की जिस नई परिभाषा को मंजूरी दी, उस पर क्या विवाद है?**

20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली अरावली की नई परिभाषा को मंजूरी दी। इसमें उन्हीं पहाड़ियों को अरावली मानने की बात थी जो 100 मीटर या इससे अधिक ऊंची हों। यानी 100 मीटर से कम ऊंची पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं रहेंगी। अरावली का गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में काफी हिस्सा कम ऊंचाई वाला ही है। नई परिभाषा से यह क्षेत्र कानूनी संरक्षण के दायरे में नहीं आता।

**■ इसका क्या और कितना असर पड़ता?**

हरियाणा का फॉरेस्ट कवर देश में सबसे कम है। यह सिर्फ 3.6% है। नई परिभाषा से यह और अधिक सिमट सकता है। राज्य में ज्यादातर जंगल अरावली की कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों के आसपास ही हैं। ये पहाड़ियां 100 मीटर से ऊंची नहीं हैं। नई परिभाषा से अरावली में माइनिंग और रीयल एस्टेट कंपनियों की पहुंच आसान हो जाएगी। राजस्थान और गुजरात में भी अरावली के कई इलाके खनन आदि के लिए खुल जाएंगे।

**■ अब यहां से आगे अरावली विरासत जन अभियान का क्या रुख होगा?**

अरावली विरासत जन अभियान जारी रहेगा। अब हमारी मांग पूरी तरह सहभागी और पारदर्शी प्रक्रिया के लिए है। हम ऐसी प्रक्रिया नहीं चाहते जो केवल एमिकस (Amicus), सरकार और अदालत तक सीमित होकर रह जाए। गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में अरावली रेंज में रहने वालों का इस निर्णय में शामिल होना जरूरी है। अरावली बची तो उनकी रोजी-रोटी सुरक्षित रहेगी। चारों राज्यों में फैली अरावली रेंज के समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले असर का भी अध्ययन होना चाहिए। यह अध्ययन मरुस्थल बनने के खिलाफ हमारी ढाल, वॉटर रिचार्ज जोन, जलवायु नियामक, प्रदूषण सोखने वाले स्रोत और वन्यजीव आवास को खनन, रीयल एस्टेट, अतिक्रमण, कचरा डंपिंग और उसे जलाने से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए जरूरी है। इसमें आसपास बसे लोगों की सेहत और रोजी-रोटी को हुए नुकसान को भी शामिल करना चाहिए।

> “गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में अरावली रेंज की गोद में रहने वाले लोगों की आजीविका पर खनन व स्टोन क्रशिंग से काफी असर पड़ा है। अरावली बची तो उनकी रोजी-रोटी भी सुरक्षित रहेगी। हमारी एक मांग यह भी है कि चारों राज्यों में फैली अरावली रेंज का समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले असर का अध्ययन होना चाहिए। इसके आसपास बसे लोगों की सेहत और कमाई को हुए नुकसान को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए।

**■ क्या अरावली रेंज से लोगों को आजीविका मिल रही है?**

अरावली के आसपास बसे लोग आजीविका के लिए इस पर निर्भर हैं। वे इन छोटी पहाड़ियों पर मवेशी चराते हैं। दक्षिण हरियाणा और राजस्थान में अरावली के आसपास पानी की कमी से खेती घटी है। खनन से लोगों में त्वचा, लीवर और किडनी की समस्याएं बढ़ रही हैं। दमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मनरी डिजीज (COPD), TB जैसी बीमारियां हो रही हैं। अरावली पर मिलने वाली औषधियां कम हो गईं। पहाड़ों पर ब्लास्ट की वजह से लोगों के मकान दरक रहे हैं।

**■ अरावली को अब तक कितना नुकसान हुआ?**

पिछले कुछ दशकों में 692 किलोमीटर में फैली अरावली पर्वत रेंज में 12 बड़ी दरारें खुल गईं। ये दरारें राजस्थान में अजमेर से झुंझुनू और दक्षिण हरियाणा में महेंद्रगढ़ तक फैली हैं। इनकी वजह से थार की धूल दिल्ली-NCR पहुंच रही है और यहां प्रदूषण बढ़ रहा है। नई परिभाषा से अरावली की और अधिक पहाड़ियां नष्ट होंगी।

www.nbt.in

# क़मीज़ पर ऐसे चढ़ी हरी जैकेट

**बात कई** साल पुरानी है। इंडिया हैबिटेट सेंटर में कोई गोष्ठी चल रही थी। अपनी सहेली के साथ मैं भी वहां पहुंची थी। एक सत्र पूरा हुआ तो चाय-नाश्ते के लिए ब्रेक हुआ। बाहर खुले में खाने-पीने का इंतजाम था। दिसंबर की ठिठुरती शाम थी। गर्म कपड़े पहनने के बावजूद हमें रह-रह कर कंपकपी छूट जाती। तभी हमारी नजर वहां घूमते वेटर्स पर गई। ऐसी सर्दी में भी वे एक पतली सिंथेटिक कमीज पहनकर नाश्ता सर्व कर रहे थे। उनकी ठिठुरन का मैं अंदाजा लगा सकती थी। लेकिन उन्हें वहां कोई नहीं देख रहा था। जैसे उन बड़े ओहदे वाले लोगों में उनका कोई अस्तित्व ही न हो। क्या लोगों का रसूख भीतर के इंसान को अंधा बना देता है? क्यों उन्हें किसी की ठिठुरन दिखाई नहीं देती? तभी मेरी सहेली ने एक वेटर को रोककर पूछा, 'इस पतली- सी शर्ट में तुम्हें ठंड नहीं लग रही?'

'लग रही है। लेकिन यही हमारा ड्रेस कोड है। इसके ऊपर हम स्वेटर नहीं पहन सकते,' वेटर बोला। सहेली को यह बात बिल्कुल पसंद नहीं आई। उसने कैटरिंग मैनेजर का पता पूछा और ऊपर जाकर बात करने लगी। मैनेजर ने हमें टालना चाहा। मगर सहेली अड़ गई। बोली, 'जैसे भी हो उन्हें गर्म कपड़े पहनाओ। उन्हें भी ठंड लगती है। ड्रेस कोड कोई विदेशी प्रोटोकॉल तो नहीं, जिसे तोड़ा न जा सके?' मैनेजर को अहसास हो गया कि जिद्दी औरत है, मानेगी नहीं। बोला, 'ठीक है मैडम, हम जल्द ही इनको गर्म कपड़े दिलाएंगे। हमें थोड़ा समय दो।' खाना खाने के बाद हम दूसरा सत्र अटेंड कर घर वापस आ गए। मगर उसने दो-तीन वेटर्स के फोन नंबर ले लिए। बाद में कई दिनों तक उनसे फोन करके पूछती रही कि उन्हें गर्म कपड़े मिले या नहीं। हर बार उनका जवाब 'ना' होता। सहेली ने वापस कैटरिंग मैनेजर को फोन लगाकर शिकायत की। मैनेजर ने फिर वही आश्वासन पकड़ा दिया। कई बार फोन लगाना पड़ा।

खुद अपनी आंख से
सरस्वती रमेश

आखिर हफ्ते भर बाद लवकुश का वट्सऐप मेसेज हमारे मोबाइल पर फ्लैश हुआ। लवकुश यानी उस दिन मिला भोली आंखों वाला वेटर। उसने फोटो भेजी थी जिसमें वह और उसके साथी सफेद कमीज पर गाढ़ी हरी जैकेट पहने खड़े थे। फोटो के साथ उन्होंने एक संदेश भी भेजा था- बड़े शहरों में लोग मॉल, बाजार, चमकती कारें, सुंदर सड़कें और करीने से सजे रेस्तरां देखते हैं। हम जैसे लोगों पर कभी किसी का ध्यान नहीं जाता। पहली बार किसी ने हमारे बारे में इस तरह सोचा। बता नहीं सकते कि हम आपके कितने शुक्रगुजार हैं। हम आपको जिंदगी भर याद रखेंगे। शुक्रिया मैम।

संदेश पढ़कर सहेली भावुक हो गई। आखिर उनको यह खुशी देने में क्या खर्च हुआ था? जरा सी बात और थोड़ा सा समय। पर उनके चेहरे पर आई मुस्कुराहट बहुत बड़ी थी। हमारे प्रयास से कहीं बड़ी।

## चलते-चलते...

**दक्षिण अफ्रीका** में मिले 60,000 वर्ष पुराने तीरों पर जहर के अवशेष पाए गए हैं। ये अब तक के सबसे पुराने विषैले हथियार हैं। Science Advances में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, इन तीरों पर पाए गए विषैले तत्व Boophone disticha पौधे से प्राप्त हुए थे। इसका उपयोग आज भी पारंपरिक शिकारी करते हैं। तब लोगों में हथियार निर्माण की जटिल समझ थी।

## रीडर्स मेल

**▸ खतरों को समझें**

9 जनवरी का लेख 'सभी को AI की क्या जरूरत' पढ़ा। अब तक यही कहा जाता रहा है कि तकनीक न तो अच्छी होती है, न बुरी- उसे जैसा इस्तेमाल किया जाए, वैसी ही बनती है। कुल मिलाकर दोष उपयोगकर्ता पर मढ़ दिया जाता है। लेकिन Grok के मामले ने इस तर्क की सीमाएं साफ कर दी हैं। जब कोई टूल बिना ठोस सुरक्षा उपायों के आम लोगों के हाथ में दिया जाता है, तो उसका दुरुपयोग लगभग तय हो जाता है। खासकर महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाए जाने का तथ्य इस संकट को और गंभीर बना देता है। इस बात को भी नहीं भूलना चाहिए कि आज कोई रोचक कंटेंट देखकर पढ़ने वाले वाले के मन में एक सोच उपजती है, कहीं इसे AI से तो डिवेलप नहीं किया गया है। यह इतना खतरनाक है कि पढ़ने वाले की रुचि कम होने लगती है।

प्रीति अग्रवाल, नोएडा

**▸ समझौते ने बढ़ाई उम्मीद**

**भारत और** न्यूजीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (FTA) कई मायनों में ऐतिहासिक है। यह इसलिए भी विशेष है क्योंकि भारत की ओर से यह पहला ऐसा मुक्त व्यापार समझौता है, जिसे महिलाओं के नेतृत्व में सफलतापूर्वक अंतिम रूप दिया गया। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच आयात-निर्यात होने वाले लगभग 95 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क में रियायत मिलने की संभावना है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार को नई गति मिलेगी। आगामी वर्षों में इस समझौते के अंतर्गत 100 प्रतिशत तक शुल्क समाप्त करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही अगले 15 वर्षों में लगभग 20 मिलियन डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता से भारत के आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी। इससे रोजगार के नए अवसर खुलने की उम्मीद है। विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में यह समझौता निर्यात में बढ़ोतरी और किसानों की आय में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण होगा।

अरविंद रावल, ईमेल से

## फटाफट खबरें

### असम: वोटिंग लिस्ट पर विपक्ष के सवाल

■ भाषा, गुवाहाटी : असम में विपक्षी दलों ने बीजेपी के खिलाफ पुलिस और मुख्य निर्वाचन अधिकारी से संपर्क किया और आरोप लगाया कि पार्टी ने विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची से नाम हटाने की साजिश रची थी। हालांकि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। सरमा ने कहा कि SIR एक नियमित प्रक्रिया है।

### बंगाल के राज्यपाल को धमकी, गिरफ्तार

■ भाषा, कोलकाता : पश्चिम बंगाल पुलिस ने राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को जान से मारने की धमकी भरा ईमेल भेजने के आरोप में गुरुवार देर रात सॉल्ट लेक इलाके से आरोपी को पकड़ लिया। लोक भवन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने लोक भवन के वट्सऐप नंबर पर भी धमकी भेजी थी। घटना की रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेज दी गई है।

### 'मोदी सरकार की विदेश नीति पेंडुलम'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : चीनी कंपनियों पर पिछले 5 वर्षों से लगे प्रतिबंधों को हटाने की खबरों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति 'वाइल्ड पेंडुलम' की तरह है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चीन को लेकर खुद सेना गंभीर चेतावनी दे चुकी है, इसके बावजूद सरकार का चीनी कंपनियों को भारतीय सरकारी ठेकों में बोली लगाने की अनुमति देने पर विचार करना नीतिगत यू-टर्न है।

### MP के पूर्व गृहमंत्री की बेटी की मौत

■ आईएएनएस, इंदौर : इंदौर के राजमहल में तेजाजी नगर बाईपास के समीप शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसे में मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा समेत 3 लोगों की मौत हो गई। प्रेरणा एक कार में सफर कर रही थीं, जिसे ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, कार सवार किसी फंक्शन से लौट रहे थे। हादसा कम विजिबिलिटी या तेज रफ्तार की वजह से सुबह-सुबह हुआ।

# केंद्र का हथियार है ED: ममता कुछ छिपाने की कोशिश: BJP

■ भाषा, कोलकाता/नई दिल्ली

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री और TMC प्रमुख ममता बनर्जी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कार्यालय और इसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर ईडी की छापेमारी के खिलाफ कोलकाता में शुक्रवार को निकाले गए मार्च का नेतृत्व किया। प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और उस पर विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक प्रतिशोध के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। वहीं, बीजेपी ने ईडी की छापेमारी के दौरान ममता बनर्जी के आचरण की लेकर शुक्रवार को निंदा की।

> छापे के दौरान संवेदनशील सामग्री हटाने की कोशिश हुई: BJP

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी TMC की रणनीति को चोरी करने के लिए ईडी केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी के राजनीतिक हथियार के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी द्वारा आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर गुरुवार को छापेमारी के दौरान उनका वहां पहुंचना गलत नहीं था।

ममता बनर्जी ने 10 किलोमीटर लंबे विशाल विरोध मार्च के बाद वहां आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने छापेमारी स्थल पर विशुद्ध रूप से तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष के रूप में हस्तक्षेप किया था, न कि मुख्यमंत्री के रूप में। वहीं, बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी को ईडी के अधिकारियों को धमकाने और छापेमारी के दौरान उनसे दस्तावेज छीनने के लिए आरोपी बनाया जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी की बर्बर कार्रवाई की परिस्थितियां संदिग्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता के कृत्यों से संकेत मिलता है कि उन्होंने कुछ संवेदनशील चीज को बचाने की कोशिश की, जिससे वह और उनकी पार्टी कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में फंस सकती है। वहीं, ममता ने छापेमारी के संबंध में ईडी के खिलाफ दो शिकायत दर्ज कराई है।



ममता ने कोलकाता में ED के खिलाफ मार्च का नेतृत्व किया।

## गृहमंत्री ऑफिस के बाहर TMC का धरना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कोलकाता में ED की कार्रवाई के विरोध में TMC के 8 सांसदों ने शुक्रवार सुबह दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे सांसदों को कुछ ही देर में दिल्ली पुलिस ने वहां से हटा दिया और बस में बैठाकर ले गई। इस कार्रवाई के बाद टीएमसी ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र कुचलने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। धरने में शामिल सांसदों में डेरेक ओ'ब्रायन, सताब्दी रॉय, महुआ मोइत्रा, बापी हलदार, साकेत गोखले, प्रतिमा मंडल, कीर्ति आजाद और शर्मिला सरकार शामिल थे। ये सभी सांसद कोलकाता में राजनीतिक सलाहकार कंपनी आई-पैक पर ईडी के छापे के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी का इस्तेमाल अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कर रही है। ईडी को आई-पैक पर छापे के लिए इसलिए भेजा गया, ताकि टीएमसी की राजनीतिक रणनीति से जुड़े दस्तावेज, हार्ड डिस्क और सामग्री जब्त की जा सके। सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि बीजेपी बंगाल का अपमान कर रही है, इसका जवाब जनता देगी।

> पुलिस TMC के 8 सांसदों को बस में बैठाकर ले गई।

### ममता ने की सांसदों के खिलाफ कार्रवाई की निंदा

■ भाषा, कोलकाता : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दिल्ली में गृह मंत्रालय के कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन के दौरान पार्टी सांसदों के साथ हुए कथित बर्ताव की निंदा की और इसे शर्मनाक, अस्वीकार्य और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला करार दिया। ममता 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'चुने हुए प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने पर सड़कों पर घसीटना वर्दी में अहंकार है।

### ED के छापे को लेकर सुनवाई टली

■ भाषा, कोलकाता: कलकत्ता HC ने आई-पैक के ऑफिस और उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर ईडी की रेड से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई शुक्रवार को अदालत कक्ष के भीतर अनियंत्रित भीड़ के कारण 14 जनवरी तक स्थगित कर दी। ईडी ने ममता और राज्य सरकार के अधिकारियों को प्रतिवादी बनाया है। TMC ने केंद्र के खिलाफ अर्जी दी है।

### ED ने CBI जांच का किया अनुरोध

■ भाषा, नई दिल्ली : ईडी ने आई-पैक के खिलाफ छापेमारी के दौरान कथित तौर पर बाधा डालने को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और अन्य के खिलाफ सीबीआई जांच का अनुरोध करते हुए HC का रुख किया है। याचिका में दावा है कि तलाशी अभियान पर सरकारी तंत्र का पूर्ण नियंत्रण हो गया।

### 'दस्तावेज़ों का मिसयूज रोके HC'

■ भाषा, कोलकाता : TMC ने कलकत्ता HC में ईडी की छापेमारी के खिलाफ याचिका दायर कर आई-पैक के कार्यालय और इसके प्रमुख के आवास पर तलाशी के दौरान जब्त दस्तावेजों के दुरुपयोग और प्रसार पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। TMC ने आरोप लगाया है कि ईडी ने चुनाव से जुड़े संवेदनशील, गोपनीय राजनीतिक डेटा को जब्त कर लिया है।

# छत्तीसगढ़ में 18 महिलाओं समेत 63 नक्सलियों ने डाले हथियार

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : देश को इस साल 31 मार्च तक नक्सल मुक्त कराने वाले अभियान के तहत शुक्रवार को छत्तीसगढ़ में इस साल नक्सलियों का सबसे बड़ा सरेंडर हुआ। इसमें 18 महिलाओं समेत 63 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए। अधिकतर नक्सली 19 से 45 साल की उम्र के हैं। इनमें से 36 पर एक करोड़ से अधिक का इनाम था। इससे पहले सात जनवरी को छत्तीसगढ़ के सुकमा में 26 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। जल्द कुछ और सरेंडर होने की उम्मीद है। कुछ टॉप कमांडरों के परिवारों और दोस्तों से संपर्क कर उनके सरेंडर की कोशिश की जा रही है।

छत्तीसगढ़ पुलिस में बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि यह सरेंडर दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में हुआ है। इस साल देश के किसी भी राज्य में नक्सलियों के आत्मसमर्पण में यह सबसे बड़ा है। लगातार मुठभेड़ से नक्सलियों के हौसले पस्त हो रहे हैं। सरकार की नीति साफ है, सरेंडर करो, वरना एक्शन के लिए तैयार रहो। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में इनकी डिविजनल कमिटी का अहम सदस्य और कालाहांडी एरिया कमिटी का चीफ सचिव पाकलू उर्फ रैनू (45), पश्चिम बस्तर डिवीजन छात्र संगठन अध्यक्ष मोहन उर्फ संजय (32), भैरमगढ़ एरिया कमिटी सचिव सुमित्रा उर्फ द्रौपती (30), मिलिट्री कंपनी नंबर-10, सात और एक के अहम कैडर हूंगी उर्फ अंकिता (28), सुखराम ताती (20) और पांडु मड़काम (19) भी शामिल हैं। ये लोग पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स पर हमले करने के साथ ही संगठन में युवाओं को भर्ती करने के लिए प्रेरित करते थे।




नक्सलियों ने दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा इलाके में सरेंडर किया।

- इस साल देश के किसी भी राज्य में नक्सलियों के आत्मसमर्पण में यह सबसे बड़ा मामला है।
- इन नक्सलियों पर 36 पर एक करोड़ से अधिक का था इनाम, जल्द और सरेंडर की उम्मीद।

### 28 जनवरी से होगा संसद का बजट सत्र

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा। पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ बजट सत्र की औपचारिक शुरुआत होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2026-27 का बजट 1 फरवरी 2026 यानी रविवार को पेश कर सकती है। ऐसा पहली बार होगा जब बजट रविवार को पेश किया जाएगा। केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन पार्लियामेंट्री अफेयर्स (CCPA) ने संसद के बजट सत्र की तारीखों को मंजूरी दी है।


केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बजट सत्र के शेड्यूल के बारे में सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र 2026 के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। यह सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा।

# सबरीमला सोना चोरी में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम : सबरीमला सोना चोरी मामले में विशेष जांच टीम (SIT) ने शुक्रवार को यहां भगवान अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी कंडारारू राजीवरू को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, राजीवरू से सुबह अज्ञात स्थान पर पूछताछ की गई और दोपहर में उनको SIT दफ्तर ले जाकर गिरफ्तारी औपचारिक रूप से दर्ज की। वहीं, आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने सबरीमला में सोना चोरी के संबंध में PMLA के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्य पुजारी कंडारारू राजीवरू की गिरफ्तारी मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी और त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पद्मकुमार के बयानों के आधार पर की गई। एसआईटी ने पाया कि राजीवरू के पोट्टी के साथ घनिष्ठ संबंध थे और उन्होंने मंदिर में द्वारपालक (संरक्षक देवता) की प्लेटों और श्रीकोविल (गर्भगृह) के द्वार के फ्रेम की प्लेटों पर दोबारा परत चढ़ाने की सिफारिश की थी।

AI image



- मामले में मुख्य पुजारी गिरफ्तार। SIT गठित होने के बाद यह 11वीं गिरफ्तारी है।
- मामले में ईडी की भी एंट्री, मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर शुरू की जांच।

अधिकारियों ने बताया कि बाद में जब त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने दोबारा 'प्लेटिंग' के लिए उनकी अनुमति मांगी, तो राजीवरू ने मंजूरी दे दी। एसआईटी के अधिकारियों ने बताया कि राजीवरू से पहले भी पूछताछ की जा चुकी है। सोना चोरी प्रकरण की जांच के लिए केरल हाई कोर्ट की ओर से एसआईटी गठित किए जाने के बाद मामले में यह 11वीं गिरफ्तारी है।

# आवाकाई-अमरावती फेस्टिवल ने दिखाई आंध्र की संस्कृति

Akhilesh.Chandra
@timesofindia.com

■ विजयवाड़ा: आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आवाकाई-अमरावती फेस्टिवल के जरिए तेलुगु सिनेमा, साहित्य, संस्कृति और फूड की झलक पेश की गई। तीन दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल की गुरुवार को शुरुआत हुई। पहाड़ियों की गोद में बसे विजयवाड़ा में यह आयोजन कृष्णा नदी के पुन्नामी घाट और भवानी द्वीप पर हुआ। इसकी शुरुआत पुन्नामी घाट पर कृष्णा नदी की आरती के साथ हुई।

फेस्टिवल में लोक नृत्य, लाइव म्यूजिक और स्टोरी टेलिंग के अलावा कई प्रस्तुतियों ने एक मंच पर आकर लोगों का मन मोहा। फेस्टिवल में मार्शल आर्ट, कठपुतली बनाने और नगाड़ा पर वर्कशॉप भी रखे गए थे। साथ ही आंध्र प्रदेश के अलग-अलग खानों के कई स्टॉल भी मौजूद थे। आवाकाई, आंध्र प्रदेश में अचार को कहते हैं, जो सरसों तेल और आम के साथ दूसरी चीजों के साथ मिलाकर बनाया जाता है।

फेस्टिवल के आयोजक संजीव के. रॉय कहते हैं, इसका मकसद लोगों को तेलुगु सांस्कृतिक जड़ों से दोबारा जोड़ना है। सिनेमा, साहित्य और आर्ट के जरिए रोजगार के मौके बनाकर आंध्र के आर्थिक विकास में योगदान दिया जा सकता है। यंग लोग इनोवेशन के जरिए यह काम कर सकते हैं।

**सीएम नायडू ने कहा- ये कार्यक्रम तेलुगु परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए:** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने फेस्टिवल की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार तेलुगु परंपरा, संस्कृति और पहचान को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। आवाकाई-अमरावती फेस्टिवल का मकसद तेलुगु सिनेमा, संस्कृति और खाने की समृद्ध परंपरा को पूरी दुनिया में पहुंचाना है। उन्होंने आवाकाई को आंध्र प्रदेश की पहचान और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। नायडू ने कहा कि कोई भी आंध्र प्रदेश के खाने और सिनेमा को पीछे नहीं छोड़ सकता। क्रिएटिविटी के जरिए विकास की ऊंचाई तक पहुंचा जा सकता है। साथ ही यह भी कहा कि देश में पीपीपी मॉडल पर सबसे ज्यादा काम (32%) उनके राज्य में हो रहा है।

**जब EU के एंबेसडर ने किया राजामौली का जिक्र :** भारत में यूरोपीय यूनियन (EU) के एंबेसडर हर्वे डेल्फिन भी गुरुवार को सीएम के साथ फेस्टिवल में मौजूद थे। हर्वे ने बाहुबली फिल्म के डायरेक्टर एस. एस. राजामौली का जिक्र किया। साथ ही बाहुबली और RR जैसी फिल्मों का नाम भी लिया। उन्होंने नाटू-नाटू गाने के बारे में कहा कि वह इसे पूरा तो नहीं समझते, लेकिन इसकी बीट को एंजॉय करते हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश के साथ मिलकर काम करने की भी बात कही।



तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में कई प्रसिद्ध कलाकार, कला और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाली टीमें हिस्सा ले रही हैं।

- आवाकाई, आंध्र प्रदेश में अचार को कहते है, जो सरसों तेल और आम के साथ दूसरी चीजों के साथ मिलाकर बनाया जाता है।
- फेस्टिवल में दिखी नई क्रिएटिविटी, जिनमें हाथी की कठपुतली भी है, जो पारंपरिक कठपुतलियों से अलग है।



### माइथोलॉजी और OTT पर भी हुई बात

शुक्रवार को दूसरे दिन फेस्टिवल में विजयवाड़ा के भवानी द्वीप पर सिनेमा के साथ-साथ भारतीय माइथोलॉजी और कई तरह की कठपुतलियों पर बात हुई। वक्ताओं ने कहा कि अच्छी क्रिएटिविटी के लिए थिएटर का जड़ों और अपनी संस्कृति से जुड़ा होना जरूरी है तभी बढ़िया काम हो सकता है। माइथोलॉजी के सेशन में निष्कर्ष निकला कि पौराणिक कहानियां कभी भुलाई नहीं जा सकेंगी। पीढ़ियां उनसे जुड़ी रहेंगी। OTT के सेशन में इसके कंटेंट, बिजनेस और डेटा का जिक्र हुआ। पुष्पा और RR फिल्मों की बात हुई। इस सेशन में कहा गया कि कुछ कहानियां सिर्फ OTT मीडियम के जरिए कही जा सकती हैं। फिल्मों के माध्यम से उन्हें बयां नहीं किया जा सकता। वक्ताओं ने यह भी कहा कि OTT और थिएटर एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते हैं।

### धर्म परिवर्तन और यौन शोषण का आरोपी डॉक्टर अरेस्ट

■ भाषा, लखनऊ : लखनऊ में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में यौन शोषण, जबरन गर्भपात, धर्म परिवर्तन और तथाकथित लव जिहाद के आरोपी जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर को शुक्रवार शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी डॉक्टर पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

आरोपी रेजिडेंट डॉक्टर रमीजुद्दीन उर्फ रमीज मलिक के खिलाफ 22 दिसंबर 2025 को बलात्कार, आपराधिक धमकी और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने अपनी शादी छिपाकर शादी का झांसा दिया, यौन शोषण किया, जबरन गर्भपात कराया, धमकियां दी और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। केजीएमयू प्रशासन ने भी इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। केजीएमयू की कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जांच के लिए आंतरिक समिति बनाई गई थी।




केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर (NCORD) की 9वीं शीर्ष-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने NCB के अमृतसर कार्यालय का शुभारंभ भी किया।

# शाह ने शुरू किया NSG का नैशनल IED डेटा प्लैटफॉर्म

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एक राष्ट्रीय डिजिटल आईईडी डेटा प्रबंधन मंच की शुरुआत की, जो आतंकवाद के खिलाफ अगली पीढ़ी के सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगा और देश में होने वाले सभी प्रकार के बम विस्फोटों के खिलाफ एक व्यापक प्रतिरोधक होगा।

राष्ट्रीय आईईडी डेटा प्रबंधन प्रणाली को संघीय आतंकवाद-रोधी कमांडो बल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) द्वारा गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU), IIT दिल्ली, NIA और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) की मदद से विकसित किया गया है। यह सभी प्रकार के बम विस्फोटों का सटीक अध्ययन करने के लिए AI और मशीन लर्निंग उपकरणों से लैस है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे आतंकवाद के खिलाफ अगली पीढ़ी का 'सुरक्षा कवच' बताया।

# अजित पवार ने कहा- परिवार में विवाद खत्म
## NCP के विलय की संभावना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**शरद पवार** और अजित पवार के बीच विवाद की बर्फ पिघलने लगी है। महानगरपालिका चुनाव के बाद 22 जनवरी को दोनों एनसीपी के विलय की संभावना है। शुक्रवार को अजित पवार ने स्वीकार किया कि पवार परिवार के अंदर अब सभी तरह के विवाद खत्म हो गए हैं। परिवार में तनाव खत्म हो गए हैं और जल्द ही एनसीपी के दोनों गुट एकजुट हो सकते हैं। दूसरा कारण अजित पवार ने यह बताया कि दोनों दलों के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की यही मांग कर रहे हैं इसलिए तो हम लोग पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका चुनाव गठबंधन कर लड़ रहे हैं।



अजित पवार

शरद पवार की बेटी और लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने इस बात की पुष्टि की है कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग पर ही पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका के चुनाव में एनसीपी के दोनों गुट एक साथ आए। जब उनसे मोदी सरकार में उनके केंद्र मंत्री बनने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे अफवाह बताकर टाल दिया। शरद पवार ने कांग्रेस से अलग होकर 1999 में एनसीपी का गठन किया था। दो साल पहले ही एनसीपी के दो टुकड़े हो गए। एक का अध्यक्ष शरद पवार, दूसरे का अध्यक्ष उनके भतीजे अजित पवार बने।

### दलों ने मूल सिद्धांतों को त्याग दिया है: अजित

■ भाषा, पुणे : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता में लगातार गिरावट पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकतर राजनीतिक दलों ने अपने मूल सिद्धांतों को त्याग दिया है। वे अपने समर्थकों की संख्या बढ़ाने के लिए विभिन्न हथकंडे अपना रहे हैं। NCP प्रमुख पवार ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि दल बदलना आम हो गया है, जिसमें नेताओं को प्रलोभन देकर या दबाव डालकर पार्टी बदलने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

# कांग्रेस और ऐक्टर विजय की नज़दीकियां, DMK से दूरी या कोई रणनीतिक दबाव?

NBT 3 मिनट में पढ़ें

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : तमिल ऐक्टर विजय की फिल्म जन नायगन को सेंसर सर्टिफिकेट न मिलने के मुद्दे पर कांग्रेस का मुखर विरोध अब केवल अभिव्यक्ति की आजादी तक सीमित नहीं रह गया है। यह विवाद धीरे-धीरे तमिलनाडु की जटिल राजनीति और संभावित नए गठबंधनों की ओर इशारा करने लगा है। खासकर तब, जब विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (TVK) ने कांग्रेस को अपना स्वाभाविक सहयोगी बताया है।

TVK के प्रवक्ता फेलिक्स जेराल्ड का यह बयान कि विजय और राहुल गांधी के बीच दोस्ती है और कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। इसके बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा जन नायगन के समर्थन में जिस तरह से केंद्र सरकार और सीबीएफसी पर हमला बोला गया, उसने इस नजदीकी को और साफ कर दिया है।

दिलचस्प बात यह है कि यह घटनाक्रम ऐसे समय पर सामने आया है, जब कांग्रेस और डीएमके के बीच सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत तय समय-सीमा (15 दिसंबर) के बावजूद अंतिम रूप नहीं ले पाई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस का विजय के समर्थन में आना केवल वैचारिक नहीं बल्कि रणनीतिक कदम भी हो सकता है ताकि डीएमके पर दबाव बनाया जा सके और वैकल्पिक राजनीतिक रास्ते खुले रखे जाएं।

### विजय की फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट वाले आदेश पर मद्रास हाई कोर्ट ने लगाई रोक



■ भाषा, चेन्नै: मद्रास हाई कोर्ट ने केंद्रीय फिल्म सर्टिफिकेशन बोर्ड (CBFC) को ऐक्टर विजय की फिल्म 'जन नायकन' को सेंसर सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश देने वाले आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और जस्टिस जी. अरुल मुरुगन की बेंच ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एआरएल सुंदरेशन और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित) द्वारा सीबीएफसी की अपील के आधार को स्पष्ट करने और मामले पर बहस करने के बाद यह रोक लगाई। इससे पहले एकल पीठ ने फिल्म को सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश दिया था। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी के लिए लिस्ट कर दी।

> 'जन नायगन' विवाद के बीच कांग्रेस ने विजय को समर्थन दिया।

**संभावित गठबंधन से किसको किससे क्या फायदे?**

कांग्रेस के लिए विजय का समर्थन तमिल अस्मिता, युवा मतदाताओं और लोकप्रिय संस्कृति से जुड़ने का अवसर देता है, वहीं टीवीके के लिए कांग्रेस जैसा राष्ट्रीय दल राजनीतिक विश्वसनीयता और संगठनात्मक ताकत ला सकता है। हालांकि, डीएमके के साथ कांग्रेस का पुराना गठबंधन और राज्य की मौजूदा सत्ता संरचना इस संभावित नए समीकरण को आसान नहीं बनने देती। कुल मिलाकर जन नायगन की सेंसरशिप से शुरू हुआ विवाद अब तमिलनाडु की राजनीति में नए गठबंधनों, पुराने रिश्तों और दबाव की राजनीति का प्रतीक बनता जा रहा है।

# प्रधानमंत्री सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, शौर्ययात्रा में लेंगे हिस्सा

■ NBT रिपोर्ट

**पीएम मोदी** अगले कुछ दिन अपने गृहक्षेत्र गुजरात में होंगे। 12 जनवरी को पीएम जर्मनी के चांसलर, फ्रेडरिक मर्ज के साथ अहमदाबाद में मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी के निमंत्रण पर जर्मनी के चांसलर 12-13 जनवरी 2026 को भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। चांसलर मर्ज की भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी। दोनों नेता 12 जनवरी को सुबह साबरमती आश्रम जाएंगे। इसके बाद लगभग 10 बजे वे साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लेंगे। इसके बाद सुबह गांधीनगर के महात्मा मंदिर में द्विपक्षीय बैठकें होंगी।

इससे पहले पीएम मोदी मोदी 10-11 जनवरी को गुजरात के सोमनाथ की यात्रा पर रहेंगे। पीएम इस दौरान सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भी हिस्सा लेंगे। पीएम 10 जनवरी को शाम लगभग 8 बजे ओंकार मंत्र का जाप करेंगे और उसके बाद सोमनाथ मंदिर में ड्रोन शो का अवलोकन करेंगे। पीएम 11 जनवरी को सुबह शौर्य यात्रा में भाग लेंगे। यह एक औपचारिक शोभा यात्रा है जो सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले अनगिनत योद्धाओं को श्रद्धांजलि देने लिए आयोजित की जाती है। इसके बाद, पीएम का सोमनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना का भी कार्यक्रम है। । प्रधानमंत्री वहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

इसके बाद 11 जनवरी को वो राजकोट का दौरा करेंगे और कच्छ एवं सौराष्ट्र क्षेत्रों के लिए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे। पीएम इस दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

- अगले कुछ दिन पीएम होंगे गुजरात में।
- 12 जनवरी को जर्मन चांसलर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-09-2026 23:29 Color:



यूई सुसाकी दुनिया की बेस्ट रेसलर है। वह 50 किग्रा वर्ग की है और मैं 53 किग्रा वर्ग की हूं। मैं उनसे छोटी हूं। उनके मुकाबले बहुत ध्यान से देख रही हूं कि वह कैसे खेलती है, कैसे बचाव करती है, किस तरह की गलतियां नहीं करती। -अंतिम पंघाल, भारतीय रेसलर



**1750** रन बनाए हैं सचिन तेंडुलकर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल (ODI) में। वह इस टीम के खिलाफ ODI में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय हैं, जबकि ओवरऑल लिस्ट में वह रिकी पॉन्टिंग (1971 रन) के बाद दूसरे स्थान पर हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. विमिंस हॉकी इंडिया लीग 2025/26 का फाइनल किस शहर में खेला जाएगा? A) दिल्ली B) हैदराबाद C) रांची D) चेन्नै
2. बैडमिंटन प्लेयर अकाने यामागुची किस देश की है? A) चीनी ताइपे B) चीन C) इंडोनेशिया D) जापान

**कल के जवाब**
1. B) जेमिमा रोड्रिग्स 2. B) साउथ अफ्रीका 3. B) मिचेल स्टार्क

**लकी WINNERS**



1 अर्चना सक्सेना, लखनऊ, यूपी
2 रूपा मलिक, शालीमार बाग
3 मनीष सिंह, प. विहार, दिल्ली
4 अशोक गोगिया, ठाणे, मुंबई
5 अमन खान, गाजियाबाद, यूपी

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### जादुमणि की जीत

■ ग्रेटर नोएडा: युवा बॉक्सर जादुमणि सिंह ने नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अनुभवी अमित पंघाल को चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनाई, जबकि निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन ने सेमीफाइनल में जीत के साथ गोल्ड मेडल की ओर कदम बढ़ा दिए। जादुमणि (55 किग्रा) ने पंघाल के खिलाफ सर्वसम्मत 5-0 का फैसला अपने नाम किया।

### मैराथन में रेकॉर्ड धावक

■ मुंबई: टाटा मुंबई मैराथन के 21वें सीजन का आयोजन यहां 18 जनवरी को होगा जिसमें हिस्सा लेने के लिए 60,000 से अधिक धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ल्ड एथलेटिक्स 'गोल्ड लेबल' दौड़ में रेकॉर्ड 69,100 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें 65,400 से अधिक प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से जबकि 3,700 वर्चुअल (ऑनलाइन) रन में शिरकत करेंगे।

हजारे में फिटनेस साबित करने के बाद टीम से जुड़े

# श्रेयस नंबर-4 पर फिर से चमक बिखेरने को तैयार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वनडे इंटरनैशनल फॉर्मेट में** टीम इंडिया के मिडल ऑर्डर के 'स्तंभ' माने जाने वाले प्रतिभाशाली बल्लेबाज श्रेयस अय्यर फिर से कमर कस चुके हैं। श्रेयस को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल करते हुए क्रिकेट बोर्ड की ओर से कहा गया था कि उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा। ऐसे में श्रेयस ने विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी करते हुए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ तेज-तर्रार 82 रन बनाए तो पंजाब के खिलाफ भी 45 रन की पारी खेली। इस तरह उन्होंने अपनी फिटनेस से जुड़ी चिंताओं को दूर करते हुए भारतीय कैंप में शामिल होने की हरी झंडी हासिल कर ली है। वह फिर से नंबर-4 की अपनी पसंदीदा पोजिशन पर चमक बिखेरने को तैयार हैं।

भारत vs न्यूजीलैंड
व्हाइट बॉल चैलेंज

**पुराने टच में दिखे:** वनडे फॉर्मेट में हमेशा लय और आत्मविश्वास के साथ खेलने वाले श्रेयस ने विजय हजारे ट्रॉफी में अब तक जो दो पारियां खेली हैं उनमें उन्होंने साफ तौर पर दिखाया कि वह अपने पुराने टच में हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते हुए केवल 53 बॉल पर 82 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 10 फोर और तीन सिक्स जड़े। मुंबई ने वह मैच जीती और श्रेयस टीम के टॉप स्कोरर रहे। पंजाब के अटैक के सामने भी उन्होंने आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए 34 बॉल पर 45 रन की पारी खेली। यह दर्शाता है कि वह चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं और वे मानसिक रूप से भी इस फॉर्मेट का चैलेंज लेने को तैयार हैं।

**विराट के बाद बेस्ट:** श्रेयस और कप्तान शुभमान गिल के लौटने से भारतीय बैटिंग ऑर्डर में थोड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। हालांकि, इतना तय है कि श्रेयस अपनी नियमित नंबर-4 पोजिशन पर ही उतरेंगे। गिल और रोहित शर्मा ओपन करेंगे तो यशस्वी जायसवाल को बाहर बैठना पड़ सकता है। नंबर-3 पर विराट आएंगे तो चौथे पर श्रेयस बैटिंग करेंगे। श्रेयस नंबर-4 पर भारत के अब तक के बेस्ट बैटर्स में शामिल हैं। इस पोजिशन पर श्रेयस रन के मामले में बेशक कुछ भारतीय दिग्गजों से पीछे हैं, लेकिन औसत (51.16) के मामले में सिर्फ विराट कोहली (55.22) ही उनसे आगे हैं। श्रेयस ने अपने करियर में 67 वनडे इंटरनैशनल इनिंग्स में से 43 नंबर-4 पर खेली हैं। इनमें उनके नाम 1893 रन हैं। उनका बैटिंग स्ट्राइक रेट भी 100 के करीब है जो वनडे फॉर्मेट में बेहतरीन है।



**73** वनडे इंटरनैशनल मैच खेले हैं श्रेयस अय्यर ने। उन्होंने 47.81 औसत से 2917 रन बनाए हैं

### कीवी बैटर यंग ने बताया वनडे फॉर्मेट का महत्व

वनडे क्रिकेट की प्रासंगिकता को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के बैटर विल यंग ने कहा कि यह फॉर्मेट आज भी बेहद अहम है। टी20 वर्ल्ड कप और फिर आईपीएल के आयोजन के कारण वनडे सीरीज का महत्व थोड़ा कम हो गया है, लेकिन यंग इसके 'बड़े परिप्रेक्ष्य' को देख रहे हैं। उन्होंने बड़ौदा क्रिकेट संघ के मैदान में प्रैक्टिस सेशन के बाद कहा, "जब टी20 वर्ल्ड कप बिल्कुल सामने हो, तो इस सीरीज का महत्व थोड़ा कम होना लाजिमी है, लेकिन जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं, तो जुनून और प्रेरणा हमेशा होनी चाहिए। आजकल हम इसे थोड़ा कम खेलते हैं। हालांकि याद रखना जरूरी है कि अब भी आईसीसी के दो बड़े टूर्नामेंट चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ल्ड कप हैं जो इसी फॉर्मेट में खेले जाते हैं।"



विल यंग

### घरेलू परिस्थितियों में अधिक आक्रामक

**श्रेयस स्वभाव** से एक आक्रामक बैटर हैं। हालांकि, घरेलू परिस्थितियों में उनके बल्ले का तेवर देखते बनता है। उन्होंने अपने करियर के 73 ODI में से 34 भारत में खेले हैं। इनमें उन्होंने 56.6 औसत और 106.8 स्ट्राइक रेट से 1585 रन बनाए हैं। ODI में उनके पांच में से चार शतक भारत में ही बने हैं। स्पिनर्स पर अटैक करने और स्ट्राइक रोटेट करने में माहिर श्रेयस विदेशी धरती पर 32 पारियों में 39.81 औसत और 93.72 स्ट्राइक रेट से 1075 रन बनाए हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

# नडिन ने बेंगलुरु को दिलाई रॉयल जीत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: 'प्लेयर ऑफ द मैच' नडिन डी क्लर्क (4/32 विकेट, 63*रन) के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के चौथे सीजन की शुरुआत एक बेहद रोमांचक मुकाबले को जीतकर की। बेंगलुरु को 155 रन का पीछा करते हुए आखिरी ओवर में 18 रन की जरूरत थी। लक्ष्य दूर लग रहा था, लेकिन नडिन क्रीज पर थीं। उन्होंने नैट सिवर-ब्रंट के खिलाफ पहली दो गेंद डॉट खेलने के बाद तीसरी गेंद पर सिक्स, चौथी गेंद पर फोर और पांचवीं गेंद पर फिर सिक्स जमा दिया। आखिरी गेंद पर RCB को जीतने के लिए 2 रन चाहिए थे और डी क्लर्क ने चौके के साथ मैच फिनिश कर दिया। मुंबई आज लीग के अपने दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी।

विमिंस प्रीमियर लीग 2026



नडिन डी क्लर्क ने चार विकेट लेने के अलावा मैच विनिंग अर्धशतक भी लगाया

इससे पहले, मुंबई के डीवाई पाटील स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मुंबई इंडियंस ने सजीवन सजना (45 रन, 25 बॉल, 7 फोर, 1 सिक्स) और निकोला कैरी (40 रन, 29 बॉल, 4 फोर) की आक्रामक पारियों की बदौलत खराब शुरुआत से उबरते हुए 20 ओवर्स में छह विकेट पर 154 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। मुंबई ने एक समय 67 रन पर चार विकेट खो दिए थे और उनका रन रेट 6 के करीब था। यहां से सजीवन और निकोला ने मोर्चा संभाला और 82 रन की साझेदारी। बेंगलुरु की कसी हुई बोलिंग ने मुंबई के टॉप ऑर्डर पर अंकुश लगा दिया। नडिन डी क्लर्क चार विकेट लेकर बेंगलुरु की ओर से सबसे सफल गेंदबाज रहीं।

**ब्रीफ स्कोर**

**मुंबई इंडियंस:** 20 ओवर्स में 154/6 (सजीवन सजना 45, निकोला कैरी 40, नडिन डी क्लर्क 4/26)


**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** 20 ओवर्स में 157/7 (नडिन डी क्लर्क 63*, ग्रेस हैरिस 25, अमेलिया केर 2/13)

**11** वीं बॉल पर खाता खोला था अमेलिया केर ने। यह WPL में पहला रन बनाने के लिए दूसरी सबसे ज्यादा गेंद का सामना करने का रेकॉर्ड है

# वॉरियर्स के सामने आज होंगे जायंट्स

■ एजेंसियां, नवी मुंबई: यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स शनिवार को यहां विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। पिछले सीजन में विपरीत प्रदर्शन करने वाली दोनों टीमें इस बार बेहतर शुरुआत के साथ खिताबी दौड़ में मजबूत मौजूदगी दर्ज कराना चाहेंगी। यूपी वॉरियर्स की सबसे बड़ी उम्मीदें नई कप्तान मेग लैनिंग से जुड़ी होंगी। उनकी अगुआई में दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन फाइनल खेल चुकी है। पिछले सीजन में एलिसा हीली की अनुपस्थिति में टीम निरंतरता के लिए जूझती दिखी थी। उधर, एश्ले गार्डनर की कप्तानी वाली गुजरात जायंट्स का आत्मविश्वास पिछले सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने से बढ़ा है। टीम में बेथ मूनी और सोफी डिवाइन जैसी अनुभवी विदेशी बल्लेबाज हैं, हालांकि एक प्रमुख भारतीय बैटर की कमी खल सकती है। गेंदबाजी में रेणुका सिंह ठाकुर, किम गार्थ और काशवी गौतम के साथ स्पिन में गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहैम, राजेश्वरी गायकवाड़ और तनुजा कंवर जायंट्स को संतुलित आक्रमण प्रदान करते हैं।

विमिंस प्रीमियर लीग



कप्तान मेग लैनिंग

**टेलिकास्ट:** दोपहर 3:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

विमिंस हॉकी इंडिया लीग

# पाइपर्स और टाइगर्स के बीच खिताबी भिड़ंत आज



बंगाल टाइगर्स टीम की प्लेयर अगस्टिना गोरजेलानी

■ एजेंसियां, रांची: एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स शनिवार को यहां विमिंस हॉकी इंडिया लीग के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दो हफ्तों तक चले टूर्नामेंट में कुल 12 मुकाबलों के बाद ये दोनों टीमें अंक तालिका में शीर्ष दो स्थान हासिल करते हुए फाइनल में पहुंची हैं। पाइपर्स लीग तालिका में शीर्ष स्थान पर रही थी, जबकि बंगाल टाइगर्स ने दूसरा स्थान हासिल किया था।

**बंगाल की टीम ने दो बार हराया:** इस सीजन में दोनों टीमों का प्रदर्शन काफी हद तक समान रहा है। लीग स्टेज में दोनों टीमें दो बार भिड़ीं और दोनों ही मुकाबलों में बंगाल टाइगर्स ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की। हालांकि, पूरे लीग स्टेज के आंकड़े पाइपर्स के पक्ष में नजर आते हैं। पाइपर्स टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम रही है, जिसने 11 गोल किए हैं। कप्तान नवनीत कौर चार गोल के साथ शीर्ष स्कोरर्स में शामिल हैं। लोला रियरा (तीन गोल) और सुनेलिता टोप्पो (दो गोल) ने भी अहम योगदान दिया है। डिफेंस में भी पाइपर्स मजबूत रहा है और टीम ने इस चरण में सिर्फ नौ गोल खाए हैं। दूसरी ओर, बंगाल टाइगर्स ने अब तक सात गोल किए हैं, जिनमें से पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ अगस्टिना गोरजेलानी ने किए हैं। कप्तान वंदना कटारिया के नेतृत्व में यह टीम फाइनल में फिर दबाव में बेहतर खेल दिखाने की कोशिश करेगी।

**टेलिकास्ट:** शाम 7:30 बजे से HIL के यूट्यूब चैनल, वेव्स ओटीटी, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और डीडी स्पोर्ट्स पर

पिछले सीजन में सबसे नीचे रहने से लेकर इस साल शीर्ष पर पहुंचना बेहद खास है। अब हमारा लक्ष्य इसी लय को बनाए रखते हुए खिताब जीतना है। - नवनीत कौर, कप्तान, एसजी पाइपर्स

### शूटआउट में सूरमा और ड्रैगंस ने मारी बाजी

**नई दिल्ली:** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब और अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगंस ने मेंस हॉकी इंडिया लीग के अपने-अपने मुकाबले पेनल्टी शूटआउट में जीते। दिन के पहले मुकाबले में सूरमा हॉकी क्लब और हैदराबाद तूफान्स नियमित समय में 1-1 गोल कर पाए थे। जिसके बाद सूरमा ने पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से बढ़त बनाते हुए मौजूदा सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। दूसरा मैच ड्रैगंस और एसजी पाइपर्स के बीच नियमित समय में 4-4 से ड्रॉ रहा। ड्रैगंस ने शूटआउट में 5-4 से मैच जीत लिया।

**1.50** करोड़ रुपये मिलेंगे विमिंस HIL जीतने वाली टीम को। उपविजेता को 1 करोड़ और तीसरे स्थान पर रहने वाली रांची रॉयल्स को 50 लाख रुपये मिलेंगे


# BCB भावनाओं में बहकर ना करे कोई फैसला: तमीम

■ एजेंसियां, ढाका: बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और उसके सबसे बेहतरीन ओपनर्स में शामिल तमीम इकबाल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) से अपील की है कि अगले महीने भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में टीम की भागीदारी के बारे में फैसला उन भावनाओं में बहकर नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसे किसी भी फैसले का असर अगले दस साल तक पड़ सकता है।

**भारत का एजेंट बता दिया:** हालांकि, बीसीबी डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम ने अपने फेसबुक पोस्ट में बाएं हाथ के इस बैटर को 'भारतीय एजेंट' करार दे दिया और कहा कि इस बार बांग्लादेश की जनता अपनी आंखों से एक भारतीय एजेंट को उभरते हुए देख रही है। तमीम ने एक क्रिकेट वेबसाइट से बातचीत में कहा, 'स्थिति फिलहाल थोड़ी गंभीर है, लेकिन सब मिलकर काम करें तो कई मसले बातचीत से हल हो सकते हैं। यह देखना होगा कि बांग्लादेश क्रिकेट का भविष्य क्या हो सकता है। फिर उसी आधार पर फैसला लेना चाहिए।' तमीम यह भी कहा कि अगर हम बीसीबी को स्वतंत्र संस्था मानते हैं तो इसे अपने निर्णय लेने का अधिकार भी होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब हम खेलते हैं तो दर्शक भावनाओं से प्रभावित होकर कई बातें कहते हैं। लेकिन अगर आप उन सब के आधार पर निर्णय लेने लगेंगे तो इतनी बड़ी संस्था नहीं चला पाएंगे।'

T20 टी20 वर्ल्ड कप 2026

पूर्व कप्तान की अपील



तमीम इकबाल

### सरकार के बयानों की प्लेयर्स ने की आलोचना

छत्तीस वर्षीय तमीम ने अपने करियर में 70 टेस्ट, 243 वनडे और 78 टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं। उन्होंने बीसीबी और सरकार द्वारा हर दिन जारी बयानों की भी आलोचना की। वहीं, तमीम को उनकी राय पर "भारतीय एजेंट" करार देने वाले नजमुल के पोस्ट पर मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई। तस्कीन अहमद, मोमिनुल हक और ताइजुल इस्लाम समेत कई खिलाड़ियों ने इसका विरोध किया। 'बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर असोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी)' ने भी नजमुल की टिप्पणी पर रोष व्यक्त किया। नजमुल से माफी मांगने को कहा गया है।

# सिंधु सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग हारे

■ एजेंसियां, कुआलालंपुर: पीवी सिंधु ने जापान की अकाने यामागुची के चोट के कारण क्वॉर्टर फाइनल से रिटायर होने के बाद मलयेशिया ओपन सुपर-1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सिंधु ने पहला गेम 21-11 से जीत लिया था, लेकिन इसके बाद तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची ने मैच से हटने का फैसला किया। वह घुटने में ब्रेस पहने हुए थीं। हालांकि, मेंस डबल्स में भारत की चुनौती खत्म हो गई जब तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विक साईराजरंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वॉर्टर फाइनल में हार गई। भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया के फजर अलफियान और मोहम्मद शोहिबुल फिकरी की जोड़ी ने 21-10, 23-21 से हरा दिया।

मलयेशिया ओपन बैडमिंटन



सिंधु को मैच में मिला वॉकओवर

इससे वर्ल्ड रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंधु का यामागुची के खिलाफ जीत का रेकॉर्ड 15-12 हो गया। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद सिंधु अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अब सेमीफाइनल में उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त वांग ने इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को क्वॉर्टर फाइनल में कड़े मुकाबले में हराया। वांग हालांकि सीधे गेम में 21-17, 21-18 से हरा दिया लेकिन यह मैच 50 मिनट तक चला।

# 'किंग काजू' 59 की उम्र में भी दिखेंगे मैदान पर

■ एजेंसियां, तोक्यो: दुनिया के सबसे उम्रदराज प्रोफेशनल फुटबॉलर जापान के काजुयोशी मियूरा का मानना है कि बढ़ती उम्र के साथ उनका खेल और बेहतर होता जा रहा है। 'किंग काजू' के नाम से पहचाने जाने वाले मियूरा अगले महीने 59 बरस के हो जाएंगे।

उन्होंने शुक्रवार को तोक्यो में जे-लीग (जापान की घरेलू फुटबॉल लीग) की तीसरी डिवीजन क्लब फुकुशिमा यूनाइटेड एफसी से जुड़ने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं जितना ज्यादा अपने जुनून का पीछा करता हूं, वह उतना ही वह बढ़ता जाता है। भले ही मेरी उम्र बढ़ रही है, लेकिन मुझे लगता है कि मेरा जोश पहले से भी ज्यादा बढ़ रहा है।'



जापान के काजुयोशी मियूरा

**गोल कर बनाया था रेकॉर्ड:** मियूरा 2017 में, 50 वर्ष की उम्र में प्रोफेशनल मैच में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। इससे पहले यह रेकॉर्ड इंग्लैंड के स्टेनली मैथ्यूज के नाम था।

# निहाल को खिताब, आनंद दूसरे पर

■ एजेंसियां, कोलकाता: भारतीय ग्रैंडमास्टर (GM) निहाल सरीन ने टाटा स्टील चेस इंडिया टूर्नामेंट का रैपिड खिताब जीत लिया। 21 वर्षीय निहाल ने नौवें राउंड में पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद से ड्रॉ खेलकर 6.5 अंक के साथ पहला स्थान पक्का किया। आनंद छह अंक के साथ दूसरे, जबकि अर्जुन एरिगैसी पांच अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। निहाल ने यह खिताब हाल ही में दिवंगत नाना को समर्पित किया। महिला वर्ग में रूस की GM कैटरीना लाग्नो विजेता रहीं।




निहाल सरीन

# सबालेंका ने कीज पर दर्ज की आसान जीत

■ एजेंसियां, ब्रिस्बेन: बेलारूस की आरिना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियों के लिए आयोजित ब्रिस्बेन इंटरनैशनल में अमेरिका की मैडिसन कीज को एकतरफा मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। टॉप सीड सबालेंका ने कीज पर 6-3, 6-3 से जीत हासिल की। अब सबालेंका का सामना 11वीं वरीय कैरोलिना मुखोवा से होगा।

टेनिस राउंड अप



वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका

**स्वितोलिना सेमी में:** टॉप सीड एलिना स्वितोलिना ने सोने कार्टल को तीन सेट में हराकर ऑकलैंड में चल रहे डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वितोलिना ने कार्टल को 6-4, 6-7, 7-6 से हराया। अंतिम चार में स्वितोलिना की भिड़ंत आज अमेरिका की इवा जोविच से होगी।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr: आज आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है। अचानक पड़ने वाले व्यवधान से लाभ मार्ग प्रभावित होगा। परिश्रम की आवश्यकता है। आपके लिए सक्रिय हुए विरोधी भी परास्त होंगे। निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस होगी। कोई शुभ समाचार आपके उत्साह को बढ़ाएगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May: अधिक उत्साह और तत्परता से कार्य बिगड़ सकता है। कुछ आर्थिक और पारिवारिक संयोग अभी टकराव में रखेंगे। शुभ संदेश की आशा व पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। अनावश्यक शंकाओं से बचें। गलत तरीके से आज के दिन धन अर्जित न करें, अन्यथा आगे परेशानी होगी।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun: आज का आपका दिन शुभ है। आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति भी होगी। आर्थिक लेन-देन में आज के दिन थोड़ी सी सावधानी बरतें। आपके द्वारा किए गए कार्यों का विरोध होगा। परिवार की समस्याओं के संबंध में कोई गलत निर्णय लेना कठिन होगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 Jul: परिश्रम के बाद उचित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। हालांकि आज के दिन की गई यात्रा शुभ होगी और यात्रा के दौरान कोई नई जानकारी मिलेगी। किसी परेशानी के चलते मन कुछ उदास रहेगा। ध्यान रहे कि फिजूल की परेशानी आपके लिए ठीक नहीं। बेहतर होगा सुख व दुख को समान समझकर आप सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें।

**LEO** 23 Jul - 22 Aug: आज के दिन सहज ही सभी काम समय पर बनते नजर आएंगे। दिनभर के अच्छे संयोग मन को प्रफुल्लित करेंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है। आज के दिन आपको कई नए अनुभव प्राप्त होंगे। व्यापार के मामले में कोई भी फैसला लेने से पहले अपने पार्टनर से जरूर चर्चा कर लें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep: आज आपको किसी उत्सव में सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होगा। आपके स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। शुभ समाचार का आना लगातार जारी रहेगा, इसलिए वही कार्य करें जिसके बनने की उम्मीद हो। संतान के प्रति थोड़ा चिंतित होंगे, लेकिन सायंकाल तक चिंता का समाधान मिल जाएगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct: आज के दिन कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमेगी व एक के बाद एक मामले सुलझाते चले जाएंगे। स्वास्थ्य के प्रति थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है, अन्यथा सेहत संबंधी कष्ट परेशान करेंगे। समय के अनुसार चलेंगे, तभी आपकी उन्नति होगी, उत्तम समय आपको पीछे छोड़ देगा। आज आपको धर्म-अध्यात्म के लिए भी समय मिलेगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov: आज आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है। अचानक पड़ने वाले व्यवधान से लाभ मार्ग प्रभावित होगा। परिश्रम की आवश्यकता है। आपके लिए सक्रिय हुए विरोधी भी परास्त होंगे। निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस होगी। कोई शुभ समाचार आपके उत्साह को बढ़ाएगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec: आज के दिन आपके व्यापार सुख में वृद्धि होगी। जटिल कार्यों का निष्पादन होगा और लाभकारक उपक्रमों का संचालन भी होगा। मानसिक उलझनों के कारण सिरदर्द की आशंका रहेगी या फिर संतान पक्ष की चिंता रहेगी। आज के दिन निवेश के मामलों में जोखिम उठाना ठीक नहीं।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan: पराक्रम भाव और पुरुषार्थ की योजना बनेगी और मित्रों का सहयोग बना रहेगा। किसी चल या अचल संपत्ति का पारिवारिक विवाद निपटाना आवश्यक होगा। पारिवारिक समस्याएं सुलझाने में व्यस्त रहेंगे। सोचे हुए कार्य सफल होंगे और कार्यक्षेत्र में सहयोगियों द्वारा किए जा रहे विरोध में कमी आएगी।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb: किसी पर व्यर्थ के संदेह और तर्क-वितर्क में समय खर्च न करें। नियोजित कार्यक्रम भी सफल होंगे और आर्थिक लाभ का सुअवसर भी आएगा। आज के दिन ससुराल पक्ष से दिनभर लाभ की आशा रहेगी। सायंकाल में पुराने दोस्त के आगमन से आज घर में व्यस्तता बढ़ेगी।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar: आज का आपका समय लाभकारी है। आप अपनी बुद्धि और व्यवहार से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको कमी रही है। जटिलताएं खत्म होंगी और विरोधी भी परास्त होंगे। खान-पान में परहेज करना ही उचित रहता है, अन्यथा सेहत संबंधी परेशानी होगी। जीवनसाथी से आर्थिक मामलों के चलते अनबन रहेगी, लेकिन प्रेम संबंधता बना रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष बुध, मंगल सहित शनि आपके भाग्यांक और जन्मांक के स्वामी ग्रह रहेंगे। पिछले वर्ष के दौरान मंदी के कारण जनवरी तक आर्थिक विषमता का सामना करना पड़ रहा है। फरवरी महीने से लेकर मार्च और अप्रैल महीने के अंत तक आपके व्यापार की कमजोरी व आर्थिक दुर्बलता समाप्त हो जाएगी। आप सफलता की ओर भी बढ़ेंगे। मई महीने की शुरुआत से लेकर जून महीने के बीच और भी अधिक राहत मिलेगी, काम धंधा पटरी पर आ जाएगा। जुलाई से लेकर अगस्त तक में देव दर्शन, देशाटन पर धन व्यय करना सुखद होगा। सितंबर में किसी तरह डूबे हुए धन का लाभ हो जाएगा। अक्टूबर महीने से लेकर नवंबर महीने के अंत तक में आपको प्रियजनों के मंगल कार्यों, उत्सवों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा। दिसंबर के अंत तक आर्थिक स्थिति और भी अधिक बेहतर हो जाएगी। जनवरी 2027 में उपहार स्वरूप वस्त्राभूषण मिलने की संभावना बनी रहेगी। जनवरी महीने के मध्य तक राज्य से सम्मान मिलेगा। महिलाओं के लिए यह वर्ष उत्तम फलकारक है। विद्यार्थी वर्ग विशेष परिश्रम के बाद भी अल्प संतोष से काम चलाएंगे। घर-परिवार और कार्यक्षेत्र में विशेष उत्तम परिणामों के लिए पन्ना रत्न धारण करना हितकारी रहेगा। गाय को सलाद में एक बार पालक खिलाएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(रविवार, 11 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 22, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, नवमी, रविवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 28, रज्जब 21, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 11 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल सायं 4 बजकर 30 मिनट से 6 बजे तक। अष्टमी तिथि प्रातः 10 बजकर 20 मिनट तक उपरांत नवमी तिथि का आरंभ। चित्रा नक्षत्र सायं 6 बजकर 12 मिनट तक। सुकर्मा योग सायंकाल 5 बजकर 27 मिनट तक उपरांत धृतिमान योग का आरंभ। कौलव करण 10 बजकर 20 मिनट तक उपरांत गर करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात तुला राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-भद्रा 19:39 तक।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 3 | | | | | |
| | 5 | 2 | | | 6 | 7 | | |
| | | | 4 | | 7 | | 2 | 5 |
| | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | 3 |
| 2 | | | | | | | | |
| 8 | 1 | | 5 | | 9 | | | |
| | | 9 | 7 | | | 5 | 4 | |
| | | | | | 2 | | 6 | |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 13:30 भ से भाई |
| 10:00 बड्डुभ बुड्डक | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 बबलू डबलू |
| 12:30 हम पांच | 19:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 रुद्र के रक्षक | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH13 User: cci Time: 01-09-2026 22:53 Color:



**मुस्कान: एंग्जायटी कम करने में मददगार**
जब आप मुस्कुराते हैं, तो शरीर में तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन्स कम होते हैं। यह दिमाग को तुरंत शांत कर घबराहट (एंग्जायटी) दूर करने का आसान और प्राकृतिक तरीका है।

# NBT जन्मदिन मुबारक

## ऋतिक रोशन



ऋतिक रोशन का जन्म 10 जनवरी 1974 को मुंबई में हुआ। पिता राकेश रोशन की बनाई फिल्म 'कहो ना प्यार है' से उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की। अपने बेहतरीन डांस और लुक्स के कारण उन्हें 'ग्रीक गॉड' कहा जाता है। उन्होंने 'कोई मिल गया', 'कृष', और 'वॉर' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं।

## कल्कि कोचलिन



कल्कि कोचलिन का जन्म 10 जनवरी 1984 को पांडिचेरी में हुआ। फ्रांसीसी मूल की कल्कि ने लंदन से थिएटर सीखा और 'देव-डी' फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा। उन्हें 'ये जवानी है दीवानी', 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' जैसी फिल्मों से बड़ी पहचान मिली। बेहतरीन एक्टिंग के लिए उन्हें नैशनल अवॉर्ड भी मिला।

## ओमी वैद्य



10 जनवरी 1982 को कैलिफोर्निया में जन्मे एक्टर ओमी वैद्य को सबसे बड़ी पहचान फिल्म '3 इडियट्स' में 'चतुर रामलिंगम' के किरदार से मिली। उन्होंने बॉलीवुड के साथ-साथ अमेरिकी टीवी शोज में भी काम किया है। उनकी शादी मीनल पटेल से हुई है। वे एक्टिंग के अलावा निर्देशन और लेखन में भी एक्टिव हैं।

## अमानतुल्लाह खान



अमानतुल्लाह खान का जन्म 10 जनवरी 1974 को उत्तर प्रदेश के मेरठ में हुआ। उन्होंने 2008 में राजनीति की शुरुआत लोक जनशक्ति पार्टी से की थी, लेकिन सफलता AAP में आकर मिली। वे दिल्ली की ओखला सीट से 2015, 2020 और अब 2025 में तीसरी बार विधायक चुने गए हैं।

## विचार

अगर आप सफल होना चाहते हैं, तो घिसे-पिटे रास्तों के बजाय नए और अनछुए रास्तों को चुनें। कामयाबी वहीं मिलती है जहां कोई न पहुंचा हो।
– जॉन डी. रॉकफेलर
(John D. Rockefeller)

## ज़रा हंस लें

पप्पू एक उलटे रखे गिलास की ओर से देखते हुए बोला, "यार गप्पू, ये गिलास भी कितना अजीब है, इसका तो मुंह ही नहीं है।" गप्पू ने गिलास उठाकर नीचे से देखा और बोला, "हां यार, इसका तो तला भी नहीं है।"

## कविता : कोशिश

कोशिशों के काफिले,
हों, गर बुलंदी पर तेरे,
जीत की चारों तरफ,
सजती रहेंगी महफिलें,

रुक गया, गर झुक गया,
तो हार होगी सामने,
ना कोई आगे बढ़ेगा,
दामन तेरा ये थामने,

टूटे भी तलवार गर,
ना हौसले तेरे पस्त हों,
आगे बढ़ने की लगन में,
बस, पदचे तेरे मस्त हों,

पूजती दुनिया उसी को,
जो परम पे आज है,
जो गिरा, गिरकर उठा,
उसी के सिर पे ताज है,


जो गिर गया ना उठ सका,
और मुंह के बल लेटा रहा,
वो किस्मत का वास्ता दे,
बस वक्त को खोता रहा।

– ज्ञानेन्द्र कुमार शर्मा, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# 70 साल का इतिहास, 4000 साइन और 'इमली' की जीत

Priyanka.Dasgupta@timesofindia.com




■ कोलकाता : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पारुल मुखर्जी की ओर से लगाए गए 70 साल से ज्यादा पुराने इमली के पेड़ को शहरवासियों ने आखिरकार कटने से बचा लिया है। इसकी रक्षा के लिए 'इमली वृक्ष ग्रुप' बनाया गया था, जिसने रीडिवेलपमेंट प्लान के तहत पेड़ को हटाने या नुकसान पहुंचाने के खिलाफ लड़ाई शुरू की थी। शनिवार को वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रुप के सदस्यों को बताया कि डिवेलपर देवाशीष सरकार ने पेड़ नहीं काटने का आश्वासन दिया है। यही नहीं, वहां मुखर्जी की याद में एक स्मारक भी बनाया जाएगा।

शहर के विद्यासागर कॉलोनी में इस इमली के पेड़ को स्वतंत्रता सेनानी पारुल मुखर्जी ने लगाया था। हाल ही में एक रीडिवेलपमेंट प्लान के तहत पेड़ को काटने की बात उठी तो शहरवासी विरोध में आ गए। कलाकारों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं के बीच यह चर्चा का विषय बन गया था। बनमाली दास, मधुछंदा, समता विश्वास और अन्य कलाकारों ने पेड़ को बचाने के लिए इसके नीचे प्रदर्शन किए। ग्रुप ने इमली ट्यून्स नाम से यूट्यूब चैनल शुरू किया और अधिकारियों को पत्र भी लिखे गए।

### साइन की ऑनलाइन याचिका, बनाई डॉक्युमेंट्री


हाल ही में, 4 हजार से अधिक लोगों ने एक ऑनलाइन याचिका पर साइन किए थे। इसमें कोलकाता नगर निगम (KMC) से पेड़ काटने पर रोक लगाने का आदेश जारी करने की अपील की गई थी। देबलीना के निर्देशन में इस पेड़ पर 'जिलिपिबलार बंधुरा' नाम की डॉक्युमेंट्री भी बनाई गई। इसके जरिये शहरीकरण के बीच हरियाली के महत्व को बताया गया था। पिछले साल कोलकाता इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल में इस डॉक्युमेंट्री को खूब सराहा गया था।

### आम लोगों से ही बदलाव संभव

'इमली वृक्ष ग्रुप' के आंदोलन पर सवाल भी उठे। डिवेलपर ने आरोप लगाया था कि पेड़ बचाना ग्रुप के लोगों के लिए एक धंधा है। लेकिन, डॉक्युमेंट्री निर्माता देबलीना ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा, "उनके लिए पेड़ केवल एक जीवन नहीं, बल्कि लाखों जिंदगियों के बराबर है। ग्रुप से जुड़ी समता विश्वास का कहना था कि अक्सर हमसे पूछा जाता है कि एक पेड़ बचाकर क्या हासिल कर सकते हैं? लेकिन इस पेड़ को बचाना यह दिखाता है कि जब आम लोग एक साथ आते हैं और कदम उठाते हैं, तो बदलाव वास्तव में आ सकता है।

# 16 साल के वीर ने एरियल स्पोर्ट्स में भारत को दिलाया पहला गोल्ड

Aarushi.Mehrishi
@timesofindia.com



■ मुम्बई: पिछले साल दिसंबर में हंगरी के बुडाओर्स शहर में वर्ली के रहने वाले 16 साल के वीर महरोत्रा ने इतिहास रच दिया है। पोल एंड एरियल स्पोर्ट्स वर्ल्ड चैंपियनशिप में वीर ने जूनियर बी एमेच्योर मेन (15 से 17 साल) कैटिगरी में गोल्ड मेडल जीतकर भारत को इस प्रतियोगिता में पहली बार पोडियम पर पहुंचाया। मुंबई लौटते ही इसका असर भी दिखने लगा। जहां वीर पिछले 8 साल से ट्रेनिंग ले रहे हैं, उस राजमुद्रा लोके एरियल आर्ट इंडिया सेंटर में हाल ही में एक 12 साल का बच्चा अपने माता-पिता के साथ एडमिशन लेने पहुंचा। उसका कहना था कि अगर वीर ऐसा कर सकता है तो मैं भी कर सकता हूं।





एक ऐसा खेल जिसे अक्सर सर्कस या सीमित फिटनेस एक्टिविटी समझ लिया जाता है, वीर के लिए यह गोल्ड मेडल अब एक बड़ी पहचान बन गया है। वीर की इस कहानी की शुरुआत तब हुई, जब उनकी मां ने एक फेस्टिवल में एरियल परफॉर्मेंस देखी और उन्हें इसमें दाखिला दिलाया। 8 साल की उम्र में वीर ने कलाकारों को करीब 20 फीट की ऊंचाई से सिर्फ कपड़े के सहारे हवा में झूलते देखा। वीर कहते हैं कि ताकत और कहानी को एक साथ दिखाने वाला यह खेल उन्हें पहली नजर में ही भा गया।

कोच राजमुद्रा लोके की देखरेख में वीर की ट्रेनिंग शुरू हुई। गोल्ड जीतने के लिए वीर ने 'क्रोकोडाइल पोज' में महारत हासिल की। इस पोज में खिलाड़ी एक कोहनी के सहारे शरीर को सीधा रखते हुए जमीन से करीब 14 फीट ऊपर संतुलन बनाते हैं। वीर बताते हैं कि पहली बार इस पोज को करते समय वह करीब 5 फीट नीचे गिर गए थे। आज भी उनकी कोहनी पर उस मेहनत के निशान हैं।

### इस खेल में खर्च भी एक बड़ी समस्या है

*यह खेल इंडियन पोल स्पोर्ट्स एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है लेकिन इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन जैसे बड़े संस्थानों का समर्थन अभी नहीं है। बाहर खिलाड़ी 30 फीट ऊंची छत वाले स्टूडियो में ट्रेनिंग करते हैं, जबकि भारत में 18 फीट की जगह मिलना भी मुश्किल है। कोचिंग, खास उपकरण और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में जाना ज्यादातर खुद के खर्च पर ही होता है।*

# सर्दियों की ठिठुरन में अपनों सा खयाल!



मथुरा में ठंड का स्वागत कुछ इस तरह हो रहा है। गरम कंबल, हैलोजन की रोशनी, पुआल का बिस्तर और ढेर सारे प्यार के साथ वाइल्डलाइफ SOS की टीम इन रेस्क्यू किए गए हाथियों की कर रही स्पेशल केयर

**दिल की सेहत को बेहतर और तनाव कम करता है हाई इंटेंसिटी डांस**

# डायबिटीज़ से लड़ाई में डांस दे रहा साथ

■ टीएनएन, चेन्नै



सिर्फ 10 मिनट का हाई इंटेंसिटी डांस दिल की सेहत और मांसपेशियों की ताकत बढ़ा सकता है और तनाव कम कर सकता है। यह बात मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन (एमडीआरएफ) की 12 हफ्ते की पायलट स्टडी में सामने आई है, जो शहर के दो स्कूलों में की गई। इस पहल में कुछ लड़कियों की मांएं भी शामिल हुईं। एमडीआरएफ ने "धाडव" नाम से एक खास हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (HIIT) डांस प्रोग्राम तैयार किया है, जिसे भारतीय संस्कृति के मुताबिक बनाया गया है। इसके लिए 11 से 71 साल की उम्र की महिलाओं और स्कूली लड़कियों से 1,000 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन मिल चुके हैं। रोज ऑनलाइन क्लासेज और हफ्ते में एक बार ऑफलाइन सेशन में फोक डांस, फिल्मी गानों और पॉपुलर म्यूजिक के स्टेप्स को छोटे लेकिन तेज डांस लूप्स में शामिल किया जाता है। डायबिटीज विशेषज्ञ और इंटरनैशनल डायबिटीज फेडरेशन के फिजिकल एक्टिविटी वर्किंग ग्रुप की प्रेजिडेंट-इलेक्ट डॉ. आर. एम. अंजना ने कहा, "यह एक क्लिनिकल प्रयोग के तौर पर शुरू हुआ था और अब इसके अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं।

MARUTI SUZUKI
NEXA

NEW YEAR. NEW BEGINNINGS.
Drive into the New Year with special offers on your favourite NEXA car.




GRAND VITARA
EFFECTIVE PRICE OF ₹ 10.17 LAKH*

XL6
EFFECTIVE PRICE OF ₹ 11.27 LAKH#

OFFERS VALID TILL 31ST JAN, 2026

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE**


SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

Contact us at
1800-200-6392
1800-102-6392

T&C available at your nearest dealership. *Ex. Showroom Price of Grand Vitara Sigma ₹ 10.77 lakh, Consumer Offer (-) ₹ 25 000, Scrappage Offer (-) ₹ 35 000 = ₹ 10.17 lakh. #Ex. Showroom Price of XL6 Zeta ₹ 11.52 lakh, Scrappage Offer (-) ₹ 25 000 = ₹ 11.27 lakh. The actual Effective Price mentioned may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers (including ex-showroom price) at the time of purchase. Offers valid on Grand Vitara Sigma Variant & XL6 Zeta Variant. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. The above offers are valid until stocks last. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper. **By select finance partners. Finance is at the sole discretion of the financer and subject to customer eligibility. Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/variants.

Manglam BDL
आपका सपना हमारा प्रयास

RERA NO. RAJ/P/2025/4168
RERA.RAJASTHAN.GOV.IN




MANGLAM | JINDAL
ANANDBAGH
KOTPUTLI

Integrated Modern Township
**PLOTS FROM 125 Sq. Yds.**
Right on NH-48

Newly Launched Modern Township

30 & 60 FT. WIDE ROADS
Diverse Plot Options
Secure Gated Premises
Lush Green Surroundings
Vastu-Compliant Planning

RESIDENTIAL | COMMERCIAL

Right On NH-48,
Opp. Eklavya Dental College, KOTPUTLI

0141 4311 186

designsandwords.com

SHAKUN

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 01-09-2026 22:58 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### जब हुआ था पहला विश्व हिंदी सम्मेलन

आज विश्व हिंदी दिवस है। पहली बार इसकी घोषणा 2006 में हुई थी। आज ही के दिन 1975 में नागपुर में पहला 'विश्व हिंदी सम्मेलन' हुआ था, जिसमें 30 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया था। आज ही के दिन 1949 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी गूंजी थी। आज का दिन हिंदी के प्रचार और इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए समर्पित है। 2026 की थीम इसे तकनीक और AI से जोड़ने पर केंद्रित है।

# NBT

### भविष्य में हिंदी होगी एक ग्लोबल भाषा

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में हिंदी अत्याधुनिक और ग्लोबल भाषा बनेगी। यह दुनिया की 3-4 सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से होगी और करीब 2 अरब लोग इसे बोल या समझ रहे होंगे। हिंदी तकनीक, विज्ञान, AI और स्पेस रिसर्च की सशक्त भाषा होगी। यह पूरी तरह बराबरी की भाषा बनेगी, जिसमें जेंडर-न्यूट्रल शब्द आम होंगे। हिंदी का नया रूप हाइब्रिड होगा, जिसमें संस्कृत, उर्दू, लोकभाषाओं और तकनीकी सरलता का संतुलन दिखेगा।



AI Images




## SPEED News

### फिलिपींस के मध्य हिस्से में स्थित सेबू



AFP

शहर में एक कचरा निपटान केंद्र पर हादसा हो गया। मलबे का विशाल ढेर ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, सात घायल है।




AI Image

### इस्राइल की ओर से गाज़ा पर किए गए

हमले में 13 लोगों की मौत हो गई। इस्राइली सेना ने कहा कि गाजा से आतंकियों द्वारा दागी गई मिसाइल के जवाब में यह कार्रवाई की।

### इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) पर चल

रहे मिशन को एक दुर्लभ कदम में नासा ने समय से पहले समाप्त किया। यह कदम अंतरिक्ष यात्री के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे के कारण उठाया गया।



File

### वेनेजुएला सरकार ने कई शीर्ष विपक्षी

नेताओं, कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को जेल से रिहा कर दिया जिनमें देश के नागरिक और विदेशी दोनों शामिल हैं।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

## ईरान में महंगाई और आर्थिक बदहाली के खिलाफ तेज़ हुआ प्रदर्शन



# खामेनेई बोले, हम पीछे नहीं हटेंगे ट्रंप ने कहा, वो देश छोड़ सकते हैं



ट्रंप को खुश करने के लिए प्रदर्शनकारी अपनी ही सड़कों को बर्बाद कर रहे हैं। *-अयातुल्ला अली खामेनेई*

ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद पर अब प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया है। *- डॉनल्ड ट्रंप*

## 'हजारों ईरानियों के खून से सने हैं ट्रंप के हाथ'

**ईरान में** विरोध प्रदर्शनों के बीच सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को स्पष्ट और सख्त संदेश दिया कि इस्लामिक गणराज्य किसी भी हालत में पीछे नहीं हटेगा। सरकारी टीवी पर प्रसारित भाषण में 86 वर्षीय खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों को 'विदेश समर्थित तत्व' करार दिया और कहा कि उनका उद्देश्य ईरान को अस्थिर करना है। खामेनेई ने विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति के हाथ हजारों ईरानियों के खून से सने हैं। उन्होंने 12 जून को हुए अमेरिकी हमलों का हवाला देते हुए कहा कि उन हमलों में उनके देशवासियों की मौत हुई और यह साबित करता है कि ट्रंप की नीति और हस्तक्षेप निर्दयी है। खामेनेई ने साफ संकेत दिए है कि अब सुरक्षा बल सख्त कार्रवाई के लिए तैयार है। शुक्रवार को तेहरान में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों पर तीखा हमला बोला और कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को खुश करने के लिए 'अपनी ही सड़कों को बर्बाद कर रहे हैं।' खामेनेई ने ट्रंप को 'ईरानियों के खून से सने हाथों वाला व्यक्ति' बताया। खामेनेई ने ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा कि इतिहास में घमंडी और तानाशाह शक्तियां अपने शिखर पर ही गिर गईं।

> सुरक्षाबल सख्त कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार

### 'तत्परता और एकता बनाए रखें युवा'

देशभर में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शन को देखते हुए अपने समर्थकों को एकजुट रहने का संदेश देते हुए खामेनेई ने कहा कि प्रिय युवा, अपनी तत्परता और एकता बनाए रखें। एकजुट राष्ट्र किसी भी दुश्मन को परास्त कर सकता है।

### 'बाहरी ताकत कमज़ोर नहीं कर सकती'

खामेनेई ने यह भी याद दिलाया कि इस्लामिक गणराज्य सैकड़ों हजारों सम्मानित लोगों के खून से सत्ता में आया और कोई भी बाहरी या आंतरिक ताकत इसे कमजोर नहीं कर सकती। ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान विरोध प्रदर्शनों के आगे नहीं झुकेगा।

## कई शहरों में हुई हिंसक झड़प

बढ़ती महंगाई, आर्थिक बदहाली और जीवन-यापन की लागत में तेज इजाफे के खिलाफ भड़का आंदोलन राजधानी तेहरान समेत देश के कई बड़े शहरों तक पहुंच गया है। हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। ईरानी नेता खामेनेई ने कहा है कि हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगर ईरानी सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों को मारते हैं, तो अमेरिका कड़ा जवाब देगा। (इनपुट: AP/CNN/BBC/ET)

AFP






बढ़ते विरोध के बाद ईरानी सरकार ने देश में इंटरनेट और अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन सेवाएं बंद कर दी हैं।

### '47 साल से मरी हूं': विरोध की गूंज

प्रदर्शनों के बीच एक बुजुर्ग महिला का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें महिला प्रदर्शनकारी खून से सने चेहरे के साथ सड़कों पर मार्च करती दिखती है। वह चिल्लाकर कहती है, 'मुझे डर नहीं लगता, मैं 47 साल से मरी हुई हूं।' यह वाक्य 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान में लागू धार्मिक शासन की ओर इशारा करता बताया गया है।

### रजा पहलवी की वापसी की उठी मांग

ईरान में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच कई प्रदर्शनकारी रजा पहलवी (Reza Pahlavi), ईरान के अंतिम शाह के निर्वासित पुत्र की वापसी की मांग कर रहे हैं। पहलवी ने खुद लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की है। 65 वर्षीय पहलवी ने 1979 की क्रांति के बाद अमेरिका में शरण ली। अब अपने देश के भविष्य में सक्रिय भूमिका निभाने की ओर बढ़ रहे हैं। पहलवी ने अपने परिवार की व्यक्तिगत त्रासदियों और लंबे निर्वासन से अनुभव प्राप्त किया। हाल के वर्षों में उनका रुख अधिक निर्णायक और सार्वजनिक हुआ है। पहलवी कहते है कि यह अतीत की बहाली नहीं है, बल्कि सभी ईरानियों के लिए लोकतांत्रिक भविष्य सुनिश्चित करने की कोशिश है।



रजा पहलवी

## प्रदर्शन करने वालों को मारा तो जवाब देंगे: ट्रंप

**ईरान में** तेज होते विरोध प्रदर्शनों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई मौजूदा संकट के बीच देश छोड़ने की योजना पर विचार कर रहे हैं। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने संकेत दिया कि खामेनेई के पास प्लान-बी है और वह रूस या किसी अन्य देश में शरण लेने की सोच सकते हैं। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह ईरान में जारी प्रदर्शनों पर नजर रखे हुए हैं और क्या उन्होंने यह खबर पढ़ी है कि खामेनेई मास्को जाने की योजना बना रहे हैं, तो उन्होंने साफ कहा कि हां, मैं इसे बहुत करीब से देख रहा हूं। वह कहीं जाने की सोच में है। ईरान में भारी संख्या में लोग सड़कों पर उतरकर मौजूदा शासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने ईरानी सरकार को सख्त चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाते हैं या उन्हें मारते हैं, तो अमेरिका कड़ा जवाब देगा। ट्रंप ने कहा कि अगर वे लोगों को मारते हैं, तो हम उन्हें जोर से जवाब देने के लिए हम तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अतीत में ईरानी अधिकारी निहत्थे लोगों पर मशीनगनों से फायरिंग करते रहे हैं और कई लोगों को जेलों में डालकर फांसी दी गई।

> ट्रंप ने संकेत दिया कि खामेनेई के पास प्लान-बी है

### 'ईरान के ढहने की संभावना'

ट्रंप ने यह भी कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के ढहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि अब तक हालिया प्रदर्शनों में बड़े पैमाने पर ऐसी हिंसा नहीं दिखी है जैसी पहले देखी गई थी।

### 'सड़क पर उतरे लोगों में जोश'

ट्रंप ने कहा कि सड़कों पर उतरने वाले लोगों की संख्या और जोश यह दिखाता है कि मौजूदा शासन को हटाने की 'अविश्वसनीय उत्सुकता' है। उन्होंने कहा कि भीड़ बहुत विशाल है। लोग बड़ी संख्या में प्रदर्शन कर रहे हैं।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नज़र है, आजमाएं

1. ऑस्कर 2026 के लिए जारी शुरुआती एलिजिबिलिटी लिस्ट में भारत की कितनी फिल्में बेस्ट फिल्म कैटिगरी के लिए पात्र पाई गई है?
A) दो B) तीन C) चार
2. रूस ने यूक्रेन पर हमले में किस नई परमाणु-क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल के इस्तेमाल का दावा किया?
A) किंझाल B) ओरेशनिक C) इस्कंदर
3. आतंकवाद से निपटने के लिए अमित शाह ने किस नए राष्ट्रीय डिजिटल मंच की शुरुआत की है?
A) IED डेटा प्रबंधन मंच B) राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा पोर्टल C) राष्ट्रीय खुफिया सूचना नेटवर्क
4. आवाकाई-अमरावती फेस्टिवल किस राज्य में चल रहा है?
A) तेलंगाना B) आंध्र प्रदेश C) तमिलनाडु
5. संसद का बजट सत्र किस तारीख से शुरू होगा?
A) 25 जनवरी B) 28 जनवरी C) 1 फरवरी

**कल के जवाब**

A1 A) सैकरानिश टैरिफ एक्ट 2025 A2 C) 2024 A3 C) अमेरिका A4 B) 66 A5 B) उदय

**लकी विनर्स**



1. डॉ. दीपशिखा अग्रवाल, लखनऊ
2. मनीष कुमार, नई दिल्ली
3. दीपक कुमार, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## कैरेबियन (Caribbean) में अमेरिका की सख्ती जारी, एक और तेल टैंकर ज़ब्त


■ एपी, वॉशिंगटन

**अमेरिकी सेना** ने कैरेबियन सागर में एक और प्रतिबंधित तेल टैंकर को रोककर अपने नियंत्रण में ले लिया है। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला से जुड़े तेल टैंकरों के खिलाफ सख्त अभियान चला रहा है।

अमेरिकी साउदर्न कमांड के अनुसार, तड़के की गई इस कार्रवाई में अमेरिकी मरीन और नौसेना के जहाज शामिल थे। जब्त किए गए जहाज का नाम 'ओलीना' (Olina) बताया गया है। साउदर्न कमांड ने कहा कि अपराधियों के लिए कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है, और यह ऑपरेशन कैरेबियन क्षेत्र में पिछले कई महीनों से जारी अमेरिकी सैन्य तैनाती का हिस्सा है। नौसेना अधिकारियों ने फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया है कि इस ऑपरेशन में कोस्ट गार्ड भी शामिल थी या नहीं, जैसा कि इससे पहले हुए कुछ मामलों में देखा गया था। 'ओलीना' उन टैंकरों में पांचवां है, जिन्हें अमेरिकी बलों ने जब्त किया है।

> यह 5वां टैंकर है, जिसे अमेरिका ने जब्त किया

AFP



ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला से जुड़े तेल टैंकरों के खिलाफ अभियान चला रहा है।

### टैंकर विवाद: अमेरिकी रिहाई पर रूस का आभार

**पीटीआई, मॉस्को:** नॉर्थ अटलांटिक महासागर में अमेरिकी सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए रूसी ध्वज वाले तेल टैंकर मैरिनेरा के मामले में रूस ने अमेरिका के फैसले का स्वागत किया है। रूस ने टैंकर पर सवार अपने दो नागरिकों को रिहा किए जाने के अमेरिकी निर्णय पर संतोष जताते हुए आभार प्रकट किया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि रूस के अनुरोध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अभियान के दौरान जब्त किए गए टैंकर के दो रूसी चालक दल सदस्यों को रिहा करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मॉस्को इस फैसले का स्वागत करता है और अमेरिकी नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।

## इमिग्रेशन अफसरों की कार्रवाई पर अमेरिका में हंगामा




इमिग्रेशन अधिकारियों की गोलीबारी में दो लोग घायल

■ **एपी, पोर्टलैंड:** अमेरिका के पोर्टलैंड शहर में फेडरल इमिग्रेशन अधिकारियों द्वारा की गई फायरिंग में एक वाहन में सवार दो लोग गोली लगने से घायल हो गए। यह घटना एक अस्पताल के बाहर हुई, जिसने शहर में पहले से मौजूद तनाव को और बढ़ा दिया। गोलीबारी के बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारी रात में यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (ICE) की इमारत के बाहर जमा हो गए। विभाग ने दावा किया कि वाहन का यात्री वेनेजुएला का अवैध प्रवासी था।

> दावा, वाहन का यात्री वेनेजुएला का अवैध प्रवासी था

## US में कोकीन तस्करी में दो भारतीय अरेस्ट

■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क:** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे दो भारतीय नागरिकों को 300 पाउंड से अधिक कोकीन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी फेडरल अधिकारियों के मुताबिक, दोनों आरोपी सेमी-ट्रक के जरिए भारी मात्रा में नशीला पदार्थ ले जा रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 25 वर्षीय गुरप्रीत सिंह और 30 वर्षीय जसवीर सिंह के रूप में हुई है। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (DHS) ने बताया कि दोनों आरोपी अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल हुए थे और उनके पास कैलिफोर्निया राज्य द्वारा जारी कमर्शल ड्राइविंग लाइसेंस भी था। दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



## रूस ने घातक बैलिस्टिक (Ballistic) मिसाइलें यूक्रेन पर दागीं, इनका इस्तेमाल सिर्फ दूसरी बार

■ एपी, कीव

**रूस-यूक्रेन** युद्ध में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। रूस ने शुक्रवार रात यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से बड़ा हमला किया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 22 से ज्यादा घायल हुए। इस हमले की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि रूस ने दूसरी बार अपने नए परमाणु-क्षमता वाले बैलिस्टिक मिसाइल 'ओरेशनिक' (Oreshnik) के इस्तेमाल का दावा किया है, जिसे वह ध्वनि की गति से दस गुना तेज और किसी भी मिसाइल रक्षा प्रणाली से 'अजेय' बताता है।

यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, राजधानी कीव में कई रिहायशी इमारतें हमले की चपेट में आईं। मृतकों में एक मेडिकल कर्मी भी शामिल है, जबकि बचाव कार्य में जुटे पांच रेस्क्यूकर्मी घायल हुए। हमले में कीव स्थित कतर दूतावास को भी नुकसान पहुंचा, जिस पर राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर अमेरिका से स्पष्ट जवाब की मांग की। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह हमला पिछले महीने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के आवास पर कथित यूक्रेनी ड्रोन हमले के जवाब में किया गया।

AP



रूसी राष्ट्रपति पूतिन के घर पर ड्रोन अटैक का बदला लेने की बात कही गई

### पूतिन की चेतावनी

पूतिन हाल ही में चेतावनी दे चुके है कि ओरेशनिक मिसाइल का इस्तेमाल उन देशों के खिलाफ भी हो सकता है जो यूक्रेन को रूस के अंदर हमला करने की अनुमति देते है। गौरतलब है कि यूक्रेन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पूतिन के आवास पर हमले के दावे को खारिज कर चुके है।

### जर्मनी ने की निंदा

जर्मनी ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि रूस डर पैदा करने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और नाटो के साथ आपात बैठक बुलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब शांति प्रयासों की बातें तो हो रही है, लेकिन जमीन पर जंग खतरनाक हो रही है।



www.titaneyeplus.com और भारतभर के 900+ स्टोर्स से शॉपिंग कीजिए

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-09-2026 23:32 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 10 जनवरी 2026 > पौष 21, शक संवत 1947, माघ कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 9 > पेज 24* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in


*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स



विजय की फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट देने का निर्देश ▸p15

पवार परिवार में सभी विवाद खत्म : अजित पवार ▸p15



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।






**WPL आज के मैच**

यूपी वॉरियर्ज vs गुजरात जॉयंट्स
3:00pm से, नवी मुंबई में

मुंबई इंडियंस vs दिल्ली कैपिटल्स
7:30pm से, नवी मुंबई में

WPL के पहले मैच में RCB ने मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से हराया

**खबरों के अंदर की बात NBT Lens**

देखें पेज 16

**GOOD न्यूज**

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 17

## सबरीमला के मुख्य पुजारी गिरफ्तार



■ पीटीआई, तिरुवंतपुरम: केरल के सबरीमला मंदिर से जुड़े सोने के गायब होने के मामले में SIT ने शुक्रवार को मुख्य पुजारी कंदरारू राजीवरू को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि मंदिर में द्वारपालक मूर्तियों और सोने की प्लेटों की खरीद की सिफारिश में भी उनकी भूमिका थी। इससे पहले ED ने मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था।

**काम की खबरें**

### मकर संक्रांति पर डीडीए की हाउसिंग स्कीम

डीडीए प्रीमियम हाउसिंग स्कीम 2026 का रजिस्ट्रेशन शुरू कर रहा है। इस स्कीम में कुल 582 प्रॉपर्टी रहेंगी। ▸▸ पेज 9

### नर्सरी एडमिशन: पहली लिस्ट 23 जनवरी को



AI Image

कई प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी के लिए 10 गुना ऐप्लिकेशन आए हैं, पहली लिस्ट 23 जनवरी को जारी होगी। ▸▸ पेज 4

**हैपी मॉर्निंग**

पति: भगवान ने तुम्हें 2 आंखें दी हैं, चावल से पत्थर नहीं निकाल सकती?
पत्नी: भगवान ने तुम्हें 32 दांत दिए हैं, 2-4 पत्थर नहीं चबा सकते?

**₹ अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,576.24 (−604.72) |
| निफ्टी | 25,683.30 (−193.55) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.13(−0.24) |
| रु/यूरो | 105.00 (−0.01) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,41,700(+1,200) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,50,000 (+6,500) |

**मौसम**

अधिकतम तापमान 19.7°

4.6° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त शनिवार 5:43 | सूर्योदय रविवार 7:15

सुबह धुंध भरी रहेगी। दिन में धूप होगी, लेकिन ठंड भी।

* 20+4 DelhiTimes

# US का डील पर इल्ज़ाम भारत ने किया खारिज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत सरकार** ने अमेरिकी कॉमर्स मिनिस्टर हॉवर्ड लुटनिक के उस बयान को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को कॉल नहीं करने की वजह से ट्रेड डील फाइनल नहीं हो सकी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, इन टिप्पणियों में जो ब्योरा दिया गया है वो ठीक नहीं है। भारत और अमेरिका पिछले साल 13 फरवरी से ही एक द्विपक्षीय ट्रेड डील पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध थे। तब से दोनों पक्षों ने संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी ट्रेड डील पर पहुंचने के लिए कई दौर की बातचीत की है।

> भारत ने कहा, दोनों पक्ष डील करने को प्रतिबद्ध थे

**लुटनिक ने कहा**– भारत कॉल करने में असहज महसूस कर रहा था, इसलिए मोदी ने फोन नहीं किया। लेकिन जब भारत ने फोन कर कहा हम तैयार हैं, तो मैंने उनसे पूछा क्या आप उस ट्रेन को पकड़ने के लिए तैयार हैं जो तीन हफ्ते पहले स्टेशन से निकल चुकी है?

**भारत बोला**, पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 2025 के दौरान 8 बार फोन पर बात हुई, जिसमें व्यापक साझेदारी के पहलुओं पर बात हुई। ट्रंप और पीएम के बीच दोस्ताना संबंध हैं।

> मोदी से ट्रंप को कॉल करने का अनुरोध किया था, लेकिन कॉल नहीं की, जब की तो ट्रेन निकल चुकी थी। -हॉवर्ड लुटनिक

> कई दौर की बात हुई। चर्चा का जो ब्योरा दिया गया वो सही नहीं है। कई मौकों पर, हम समझौते के बहुत करीब रहे हैं। - भारत



AI Image

## अमेरिका के 500% टैरिफ वाले विधेयक पर है भारत की नज़र

**सरकार रूस** से कच्चे तेल की खरीद पर 500% टैरिफ लगाने से जुड़े प्रस्तावित अमेरिकी विधेयक पर करीब से नजर रखे हुए है। ट्रंप ने इस प्रस्तावित कानून को अपनी ओर से हरी झंडी दे दी है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इस प्रस्तावित बिल की जानकारी है। हम घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं। ऊर्जा स्रोतों को लेकर हमारा रुख साफ है। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा खरीद ग्लोबल बाजार की गतिशीलता और नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने से प्रेरित है। ▸▸ पेज 13

> ट्रंप ने इस बिल को पेश करने की मंजूरी दी है, वोटिंग बाकी

## ममदानी को जवाब- पूर्वाग्रह ज़ाहिर न करें



न्यू यॉर्क सिटी के हाल ही में मेयर बने जोहरान ममदानी ने हाल ही में दिल्ली में जेल में बंद उमर खालिद को एक चिट्ठी लिखी थी। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रवक्ता ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से उम्मीद की जाती है कि वो दूसरे लोकतंत्रों में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करें। अहम पद पर बैठे लोगों को इस तरह से अपने निजी पूर्वाग्रहों को जाहिर करना को शोभा नहीं देता। इस तरह की टिप्पणियां करने से बेहतर है कि वो अपनी जिम्मेदारियों पर फोकस करें।

## करीब 2100 अंक गिरा सेंसेक्स पांच दिन में

**शेयर बाजार** में शुक्रवार को लगातार पांचवें कारोबारी दिन भी गिरावट रही। सेंसेक्स 604.72 अंक गिरकर 83,576.24 पर बंद हुआ। बीते 5 दिनों में करीब 2100 अंक की गिरावट दर्ज हुई। वहीं शुक्रवार को 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 193.55 अंक टूटकर 25,683.30 पर बंद हुआ।



> उनके (ट्रंप) हाथ ईरानियों के खून से सने हैं, वे अपने देश पर ध्यान दें। -अली खामेनेई

> प्रदर्शनकारियों को मारने की कीमत चुकानी होगी। खामेनेई देश छोड़ने का रास्ता देख रहे हैं। -डॉनल्ड ट्रंप




# प्रदर्शनों से सुलग उठा ईरान, ट्रंप-खामेनेई में बढ़ा टकराव

■ एजेंसी, दुबई

**गिरती अर्थव्यवस्था** और बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शनों ने करीब पूरे ईरान को चपेट में ले लिया है। 12 दिन से हो रहे प्रदर्शनों में अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है। इंटरनेट और अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा, हम पीछे नहीं हटेंगे। प्रदर्शनकारी दूसरे देश के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए अपनी सड़कें बर्बाद कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने उनकी मदद करने की बात कही। ईरान विदेशियों के लिए काम करने वाले भाड़े के लोगों को बर्दाश्त नहीं करेगा। US राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपनी धमकी को फिर दोहराते हुए एक इंटरव्यू में प्रदर्शनकारियों को मजबूत, बहादुर बताया। कहा- ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को हिंसक तरीके से मारेगा तो अमेरिका उन्हें बचाने को तैयार है। ये बात उन्हें अच्छे से बता दी गई है।

▸▸ देखें संपादकीय पेज 14 और पेज 18

AP



**सड़कों पर लोग**, ट्रंप ने दावा किया- मशहद प्रदर्शनकारियों के कब्जे में।

### डेनमार्क बोला- पहले गोली, फिर करेंगे बात

ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क ने कहा है, अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक ये चेतावनी डेनमार्क के रक्षा मंत्रालय ने दी है।

### वेनेजुएला पर दूसरा हमला रद्द किया: ट्रंप

ट्रंप ने वेनेजुएला पर होने वाले दूसरे हमलों को रद्द कर दिया है। वेनेजुएला ने बड़ी संख्या में राजनीतिक कैदियों को रिहा कर दिया, जिसके बाद ट्रंप ने हमला न करने का फैसला लिया है। ट्रंप ने ने कहा कि अमेरिका और वेनेजुएला अब अच्छे से साथ काम कर रहे हैं।

## अंकिता मर्डर: CM धामी ने की CBI जांच की सिफारिश



■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अंकिता भंडारी मर्डर की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश कर दी। हाल में सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो क्लिप का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि इस संबंध में अलग-अलग FIR दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

## दिल्ली में महिला सम्मान निधि का करना होगा इंतज़ार



■ नई दिल्ली: दिल्ली में शिक्षा, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, सड़क समेत इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी योजनाओं के काम में तेजी लाएगी, लेकिन इसके लिए दिल्ली की महिलाओं को फिलहाल हर महीने 2500 रुपये की महिला सम्मान निधि के लिए इंतजार करना पड़ेगा। सीएम रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को विधानसभा में 2025-26 के लिए रिवाइज्ड बजट पेश किया।

# ED छापों के खिलाफ ममता का मार्च



PTI

■ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पॉलिटिकल कंसलटेंसी फर्म I-PAC के दफ्तर पर ईडी के छापे के खिलाफ कोलकाता में मार्च निकाला।

■ रैली में तृणमूल कांग्रेस के सांसद, विधायक और पार्टी कार्यकर्ता ममता के साथ मौजूद थे। सभी ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

■ केस कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचा, इतना हंगामा हुआ कि जज ने सुनवाई स्थगित कर दी। अगले बुधवार को होगी।

## 'सैकड़ों विडियो, जहां स्ट्रे डॉग्स का हमला दिखा'



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: स्ट्रे डॉग्स से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूट्यूब पर ऐसे सैकड़ों विडियो हैं, जिनमें डॉग्स को बच्चों और बुजुर्गों पर हमला करते देख सकते हैं। सुनवाई के दौरान डॉग राइट्स संगठन की ओर से वकील राजशेखर राव ने कुछ विडियो दिखाने की बात कही। कोर्ट ने कहा, 'अनगिनत' विडियो पहले से मौजूद हैं, जिनमें हमले दिखते हैं। ▸▸ पेज 5


## 4 भारतीय फिल्में ऑस्कर की रेस में

■ पीटीआई, लॉस ऐंजिलिस: लॉस ऐंजिलिस में होने वाले 98वें अकैडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर) के लिए शुरुआती लिस्ट जारी कर दी गई है। 4 भारतीय फिल्में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों के साथ रेस में हैं। बेस्ट फिल्म कैटिगरी के लिए 'कांतारा: ए लीजेंड- चैप्टर 1', 'तन्वी द ग्रेट', एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' और तमिल फिल्म 'टूरिस्ट फैमिली' को पात्र पाया गया है।

> 'होमबाउंड' ऑस्कर के लिए ऑफिशल एंट्री है।

## आपराधिक गिरोह की तरह काम कर रहे थे लालू: HC


Prachi.Yadav@timesofindia.com



■ नई दिल्ली: दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को RJD प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी समेत 46 लोगों पर रेलवे से जुड़े कथित 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले में आरोप तय किए। इस मामले में 98 जीवित आरोपियों में से 52 को कोर्ट ने बरी कर दिया। स्पेशल जज (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने आदेश में कहा कि लालू और उनके करीबी एक आपराधिक गिरोह के तौर पर काम कर रहे थे। कहा, इन लोगों ने संपत्तियां हासिल करने के लिए सरकारी नौकरी का इस्तेमाल सौदेबाजी के हथियार जैसे किया। अदालत के अनुसार, रेलवे में ग्रुप-डी की भर्तियों के बदले जमीन ली गई, जो नियमों का उल्लंघन था।

**प्रदूषण पर रिपोर्ट**

## 1787 शहर मानकों से ज्यादा प्रदूषित



PTI

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: एक रिपोर्ट के अनुसार, देश के 1787 शहर हर साल मानकों से ज्यादा प्रदूषित रहते हैं। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की रिपोर्ट के मुताबिक, नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) में सिर्फ 130 शहर हैं, जो इन प्रदूषित शहरों का सिर्फ 4% है।

**किताबों की दुनिया** 10 से 18 जनवरी तक चलेगा पुस्तक मेला, सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक रहेगी टाइमिंग

# वर्ल्ड बुक फेयर आज से, पहली बार फ्री एंट्री

File




■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

**भारत मंडपम** में शनिवार से वर्ल्ड बुक फेयर शुरू हो रहा है। किताबों के दीवानों के लिए खुशखबरी है। फेयर में एंट्री फ्री रखी गई है। बच्चों के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। बच्चों के लिए हर दिन सुबह से शाम तक खेल-खेल में सीखने वाली गतिविधियां आयोजित होंगी। नैशनल बुक ट्रस्ट ने हॉल नंबर 6 में करीब 750 वर्ग मीटर में 'किड्ज एक्सप्रेस' मंडप तैयार किया है। यहां स्कूल के बच्चे संगीतमय कहानियां सुनाएंगे, कठपुतली बनाना सीखेंगे और बड़े लेखकों के साथ बात कर सकेंगे। ये सभी कार्यक्रम कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के लिए हैं। बुक फेयर में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा साहित्य भी मिलेगा। सरकारी रेट पर पार्किंग की व्यवस्था भी है। ▸▸ पेज 4

### मेडिकल सुविधा से लेकर फ्री शटल बस

**मेला हॉल** नंबर 2 से 6 में लगेगा। एंट्री गेट नंबर 4 और 10 से होगी। फेयर सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। पहुंचने के लिए सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर उतरें। गेट नंबर 10 पर फ्री शटल बस है जो एंट्री तक छोड़ेगी। तबीयत बिगड़ती है, तो हॉल न. 5 के सामने डिस्पेंसरी भी है।

RERA No.: RC/REP/HARERA/GGM/1004/736/2025/107 Dated: 17.10.2025

# DDJAY

हरियाणा सरकार के अंतर्गत

दीन दयाल जन आवास योजना

# APPLICATIONS INVITED FOR

## Premium Residential Plots

**Sector 2 & 3, Pataudi, Greater Gurugram**

(Under Deen Dayal Jan Awas Yojna 2016, Government of Haryana)

दीन दयाल जन आवास योजना

**33% Reservation & Subsidy of Rs. 2000 per sq. yd. Under Reserved Category**



**RERA APPROVED**

**Starting Price: ₹89500* per sq. yd.**

**Plot Size 149 sq. yd. & 179 sq. yd.**

महिलाओं, सैनिकों एवं सरकारी कर्मचारियों के लिए स्वर्णिम अवसर

**Registration Amount Rs. 11,000**

• Gated Township • Great Connectivity • Stilt + 4 Construction Allowed • 24X7 Security • 30+ Amenities • Modern Club House • Lush Green Parks • Open Gym • Yoga Zone • Sports Area • Swimming Pool

## आज ही आवेदन करें

**Bang on 75 mtr. Pataudi-Rewari-Dwarka Expressway**

KMP EXPRESSWAY - 5 MIN | DPS, PATAUDI - 2 MIN | ADANI ICD - 2 MIN | IMT MANESAR - 10 MIN | DWARKA EXPRESSWAY - 15 MIN | IGI AIRPORT - 25 MIN

### General Category : Payment Plan

| Unit Size (Sq. Yds.) | Unit Size (Sq. Mtrs.) | *Basic Unit Price (IN Rs. PER Sq. Yd.) | **Total Basic Cost (IN INR) | Registration Amount (Refundable) | 10% on Allotment Sunday (18-01-2026) | 30% within 30 days of Allotment Wednesday(18-02-2026) | Balance 60% (LOAN AVAILABLE) AS PER CLP |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 149 | 124.58 | 89500 | 13335500 | 11000 | 1333550 | 4000650 | 8001300 |
| 179 | 149.67 | 89500 | 16020500 | 21000 | 1602050 | 4806150 | 9612300 |

**EDC/IDC/IFMS/Possession charges extra. PLC as applicable. BBA to be executed

### Reserved Category : Subsidized Payment Plan (Women Empowerment, Sports Quota, Govt Employee, Divyaang, Armed Forces)

| Unit Size (Sq. Yds.) | Unit Size (Sq. Mtrs.) | *Basic Unit Price (IN Rs. PER Sq. Yd.) | **Total Basic Cost (IN INR) | Registration Amount (Refundable) | 10% on Allotment Sunday (18-01-2026) | 30% within 30 days of Allotment Wednesday(18-02-2026) | Balance 60% (LOAN AVAILABLE) AS PER CLP |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 149 | 124.58 | 87500 | 13037500 | 11000 | 1303750 | 3911250 | 7822500 |
| 179 | 149.67 | 87500 | 15662500 | 21000 | 1566250 | 4698750 | 9397500 |

**EDC/IDC/IFMS/Possession charges extra. PLC as applicable. BBA to be executed

**REGISTRATION AMOUNT IS REFUNDABLE FOR UNSUCCESSFUL APPLICANTS**

SCAN QR TO REGISTER

**Bank Loan Approved**

HDFC BANK SBI

Developed By: VKS Developers

## Helpine No. +91-92899 49969

**For Online Registration: www.deendayalpataudiplots.org**

Disclaimer: Developer urges every applicant to inspect the project site and shall not merely rely upon any architectural impression, plan, sales, brochure, advertisements, representations, statements of whatsoever nature and therefore, requests to make personal judgement prior to submitting an application for allotment, unless otherwise stated, all the images, visuals materials and information contained herein are purely creative/artistic and may not be actual representation of the product and/or any amenities. This project is developer under ddjay policy by private developer. Further, the actual design may vary in the fit and finished form, from the one dispalyed above 75 mtr. Road location is under construction as per master plan approved by government of Haryana. Journey time shown, if any, is based upon Google Maps which may vary as per the traffic at a relevant point of time. Rate mentioned above does not include GST and other statutory charges, if applicable. T & C Apply. 1sq.mt. = 10.7639 sq.ft.

# WiFi चेक करने के बहाने घर में घुसकर की लूटपाट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भजनपुरा इलाके** में तीन बदमाश वाईफाई चेक करने के बहाने घर में दाखिल हुए और मां-बेटे को बंधक बनाकर चाकू की नोक पर लूटपाट की। बदमाश घर से 3 लाख रुपये और सोने की जूलरी लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिला की शिकायत के बाद भजनपुरा पुलिस लूटपाट का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गीता शर्मा (35) अपने पति राहुल शर्मा और दो बच्चों के साथ ए ब्लॉक गली नंबर-7 भजनपुरा इलाके में रहती है। महिला का आरोप है कि 8 जनवरी को उनके पति ऑफिस गए थे। दोपहर करीब 1:15 बजे उनके बेटे शिवम ने बताया कि दरवाजे पर दो अंकल खड़े हैं। उन्होंने बेटे को दरवाजा खोलने से मना किया और खुद गईं। दोनों शख्स ने बताया कि वह वाईफाई चेक करने और उसकी फोटो लेने आए हैं। उन्होंने दरवाजा खोल दिया। उनके साथ आया तीसरा शख्स अलमारी वाले कमरे में चुपचाप घुस गया। फिर उनके दोनों बच्चों को बाथरूम में बंद कर दिया। तभी एक लड़के ने उनसे पानी मांगा।

जब वह पानी पिलाने के बाद गिलास किचन में रखने जा रही थीं, तभी एक लड़के ने पीछे से उनका मुंह दबा दिया और दूसरे ने उनकी गर्दन पर चाकू रख दिया। इसके बाद एक बदमाश दूसरे कमरे में रखी अलमारी की चाबियां लेकर आया। फिर अलमारी का लॉकर खोल कर लूटपाट कर फरार हो गए।

AI image



■ दोनों बेटे को बाथरूम में बंद किया, महिला की गर्दन पर चाकू लगाया

# अफसरों पर रिश्वत लेने का आरोप, वेस्ट जोन से तीन अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सीबीआई ने एमसीडी के वेस्ट जोन के पब्लिक हेल्थ विभाग के इंस्पेक्टर पंकज कुमार शर्मा और एमटीएस वर्कर राजन तंवर सहित तीन लोगों को अरेस्ट किया है। तीसरे आरोपी की पहचान राहुल सेठी के रूप में हुई है। सीबीआई ने तीनों आरोपियों के घरों पर दबिश दी और कुछ दस्तावेज जब्त किए। अभी हाल ही में सीबीआई की टीम ने एमसीडी के शाहदरा साउथ जोन में बिल्डिंग विभाग में तैनात असिस्टेंट इंजीनियर और बेलदार को भी अरेस्ट किया था।



पब्लिक हेल्थ विभाग के इंस्पेक्टर और एमटीएस वर्कर को दबोचा

सूत्रों ने बताया कि शिकायतकर्ता की वेस्ट जोन में दुकान है। वेस्ट जोन के हेल्थ विभाग में तैनात अधिकारी लगातार उनकी दुकान को सील करने की धमकी दे रहे थे। विभाग के अधिकारियों ने दुकान सील न करने के एवज में उनसे 40,000 रुपये की मांग की थी। परेशान होकर पीड़ित ने सीबीआई में लिखित कंप्लेंट दे दी। कंप्लेंट मिलने के बाद सीबीआई अधिकारियों ने अपने स्तर पर मामले की जांच की। शिकायत सही पाए जाने पर सीबीआई ने भ्रष्टाचार निरोधक एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की।

इसके बाद सीबीआई की टीम ने ट्रैप लगाकर शिकायतकर्ता से 40,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए राहुल सेठी नाम के एक प्राइवेट व्यक्ति को अरेस्ट किया। पूछताछ में उसने पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद सीबीआई की टीम ने हेल्थ विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात पंकज कुमार शर्मा और एमटीएस वर्कर राजन तंवर को भी अरेस्ट कर लिया।

पूरी कार्रवाई के दौरान दो पब्लिक विटनेस भी मौके पर मौजूद रहे। इनमें से एक गवाह फेडरल बैंक में मैनेजर है, जबकि दूसरा सीजीएसटी में टैक्स असिस्टेंट के रूप में कार्यरत है।















## नवभारत टाइम्स में वर्ल्ड बुक फेयर की कवरेज नए अंदाज में

# जब किताबों से मिलेगी GenZ

**नवभारत टाइम्स** हर साल बुक फेयर की हर हलचल आप तक पहुंचाता है, लेकिन इस बार हम इसे जरा हटके और एकदम ताजा नजरिए से देखने जा रहे हैं। हमारा फोकस सिर्फ इस पर नहीं होगा कि कौन सी किताब आई या कौन सा लेखक चर्चा में है, बल्कि हम गहराई में उतरेंगे यह जानने के लिए कि आज के बदलते दौर में लोग आखिर क्या, कैसे और क्यों पढ़ रहे हैं।

**दूर-दूर से बुक फेयर में आ रहे किताबों के कद्रदानों से भी हमारी टीम बात करेगी**

इस बार एनबीटी के युवा (GenZ) पत्रकार बुक फेयर की गैलरियों में मोर्चा संभालेंगे। हम सीधे प्रचंड खोरों से जानेंगे कि आज की पीढ़ी को कौन सी किताबें अपनी ओर खींच रही हैं? स्क्रीन और डिजिटल के इस जमाने में कागज वाली किताबों का क्रेज कितना बचा है और युवाओं का किताबों के साथ रिश्ता कैसे बदल रहा है? नए जमाने के लेखक, अनोखे विषय और बुक फेयर के सबसे दिलचस्प स्टॉल्स, इन सबसे जुड़ी हर मजेदार कहानी हम आपके लिए चुनकर लाएंगे।

### तो जुड़े रहिए हमारे साथ !

- **अभिषेक उपाध्याय** बताएंगे कि इंटरनैशनल पब्लिशर्स की कौन सी किताबें पसंद की जा रही हैं। खेलों से जुड़ी किताबों पर भी नजर रखेंगे।
- **डेविड शर्मा और अरविंद कुमार** हिंदी के नए साहित्य को परखेंगे और उसके पाठकों, लेखकों से बातचीत करेंगे।
- **रजत चन्द** इंग्लिश की नई और बेस्टसेलर बुक्स के बारे में बताएंगे।
- **अंजलि चंद** बच्चों की दुनिया के नए ट्रेंड्स को जानेंगी। बच्चों से जुड़ी किताबें, स्टोरी बुक्स, स्टेशनरी और कॉमिक्स अब भी सुपरहिट हैं।
- **अतुल कुमार** तमाम किताबों के बीच विजिटर्स के लिए खाने-पीने के कैसे हैं इंतजाम, इसके बारे में जानकारी देंगे।
- **मोहम्मद असगर** भी साथ में होंगे। किताबों के विमोचनों पर रखेंगे नजर। उर्दू, फारसी और अरबी की किताबों के बारे में बताएंगे।




अगर आप हमारी टीम से बुक फेयर से जुड़ा कोई सवाल पूछना चाहते हैं तो हमें **9220747220** पर वट्सऐप करें।

## बच्चों के लिए सजेगी 'kids एक्सप्रेस'

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

**वर्ल्ड बुक** फेयर में बच्चों को हर रोज सुबह से शाम तक खेल-खेल में उनके पसंद की चीजों के बारे में जानकारी दी जाएगी। कहानी पढ़ने और लेखन में रुचि रखने वाले स्कूली बच्चों के लिए खास मौके हैं।

आज से शुरू हो रहे वर्ल्ड बुक फेयर में आयोजक नैशनल बुक ट्रस्ट ने प्रगति मैदान के हॉल नं. 6 में बच्चों के लिए करीब 750 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 'किड्स एक्सप्रेस' मंडप तैयार किया है। इसमें फेयर घूमने आए बच्चे संगीतमय कहानी सुनाएंगी। कठपुतली बनाना सिखाने से लेकर उनकी कहानियां भी सुनाई जाएंगी। बाल लेखकों की बैठकें होंगी। बड़े लेखक और कहानीकार बच्चों के बीच इंटरैक्टिव मीटिंग भी होंगी। मधुबनी आर्ट कॉर्नर, कलर कॉर्नर, इमोजी मी कॉर्नर, कला एवं शिल्प कॉर्नर, वर्ली आर्ट कॉर्नर, क्ले प्ले, वर्ली कला वर्कशॉप, कार्टून डिजाइन वर्कशॉप में बच्चों को सिखाया जाएगा। वे अपनी कला का प्रदर्शन कर सकेंगे। ये प्रोग्राम क्लास 1 से 12 तक के स्कूली बच्चों के लिए हैं।

**खेल-खेल में सीखेंगे कहानी और कलाएं**

ब्रिटिश उपनिवेशवाद के दौरान 1860 से लेकर 1920 के दौरान ब्रिटिश शासकों ने कई साहित्य को जब्त कर लिया या उनकी किताबें जला दी थीं। वे साहित्य भी नए सिर से किताबों के रूप में प्रकाशित करके फेयर में लाया जा रहा है।

**मिलेंगी ये सुविधाएं:** हॉल नं. 2, 3, 4, 5 और 6 में चलने वाले फेयर में आम जनता को गेट नं. 4 और 10 से एंट्री मिलेगी। नैशनल बुक ट्रस्ट के डायरेक्टर युवराज मलिक ने बताया कि सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक बुक फेयर खुला रहेगा। गेट नं. 10 से आने वाले सभी लोगों के लिए टैंपो ट्रैवलर की सुविधा मिलेगी, जो हॉल नं. 5 और 6 में उतारेंगी। इसी तरह गेट नं. 3 से भी टैंपो ट्रैवलर हॉल नं. 3 तक लगातार चलती रहेंगी। इस सेवा में सीनियर सिटिजन, महिलाओं और बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी।

कार, टू वीलर से आने वाले लोगों को प्रगति मैदान की बेसमेंट पार्किंग और भैरों मंदिर के पास की पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने की सुविधा मिलेगी।

# वट्सऐप हेल्थ असिस्टेंट से लेकर स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक तक, 750+ स्टार्टअप्स

blind stick

## दिल्ली स्टार्टअप युवा महोत्सव में दिखे युवाओं के अनोखे स्टार्टअप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नेताजी सुभाष** यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलजी (NSUT) में दिल्ली स्टार्टअप युवा महोत्सव का आगाज हो चुका है। डायरेक्टोरेट ऑफ ट्रेनिंग एंड टेक्निकल एजुकेशन (DTTE) के सहयोग से हो रहे इस फेस्टिवल का उद्घाटन दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने किया। सूद ने कहा कि यह पहल शिक्षा, स्किल डिवेलपमेंट और आंत्रप्रेन्योरशिप को आगे बढ़ाने की है। इस महोत्सव को स्टार्टअप पिचिंग और इनोवेशन प्रतियोगिताओं के लिए 750 से अधिक आवेदन मिले हैं और मेंटॉरशिप और निवेश पिचिंग के मौके यहां दिए जा रहे हैं। इसका फिनाले 14 जनवरी को आंबेडकर इंटरनैशनल सेंटर में होगा।

**NSUT में हो चुका है आगाज**

दिल्ली सरकार कौशलयपूरी, द्वारका के इस फेस्ट में TIE दिल्ली-एनसीआर पार्टनर है, जो स्टूडेंट्स को स्टार्टअप के लिए गाइडेंस और इंडस्ट्री से जुड़ने के लिए मदद देगा। शुक्रवार को फेस्ट में एनएसयूटी के वाइस चांसलर प्रो. आनंद श्रीवास्तव ने यूनिवर्सिटी के इनोवेशन, इनक्यूबेशन और इंडस्ट्री-अकैडमिया सपोर्ट के बारे में जानकारी दी।



नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलजी (NSUT) में चल रहा है दिल्ली स्टार्टअप युवा महोत्सव

### स्टूडेंट्स की ओर से पेश कुछ आइडियाज :

- **क्विकगिक :** होटल इंडस्ट्री के लिए AI ऑपरेटिंग सिस्टम, जो गेस्ट सर्विस, स्टाफ ऑपरेशन और रियल-टाइम मैनेजमेंट को एक प्लेटफॉर्म पर जोड़ता है। टीम का कहना है कि दुनिया के नामी होटल्स अभी भी मैनुअल कोऑर्डिनेशन, वट्सऐप ग्रुप और पुराने सिस्टम पर निर्भर हैं, ऐसे में उनका सिस्टम स्मार्ट सर्विस देता है।
- **स्वास्थ्य-साथी :** वट्सऐप आधारित वॉयस हेल्थ असिस्टेंट, जो प्रिस्क्रिप्शन को स्थानीय भाषा में ऑडियो में समझाता है और दवा का रिमाइंडर देता है।
- **अप राइट केयर इंडिया :** दृष्टिबाधित और बुजुर्गों के लिए स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, जो जीपीएस को फॉलो करती है, रास्ते की रुकावट का पता लगाती है, वॉयस असिस्ट करती है, SOS अलर्ट भी देती है।
- **मिस्टिक डेट्स :** खजूर के बीज से बनी कैफीन-फ्री, हेल्थ-फोकस्ड बेवरेज, जो एग्री-वेस्ट का इस्तेमाल करती है। टीम ने बताया कि इसमें कॉफी की तरह महक और स्वाद आता है, लेकिन यह बहुत स्वास्थ्यवर्धक है क्योंकि इसमें कोई प्रिजर्वेटिव नहीं है।
- **बायोप्योर हाइड्रो :** आइडिया है एग्री-वेस्ट से बायोचार बनाने का, जो हाइड्रोपोनिक और एक्वापोनिक खेती की उपज बढ़ाता है।

## इंडिया AI इम्पैक्ट समिट में IIT-D के इनोवेशन

# बीमारियों का भी पता लगा रहा AI

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** 'इंडिया AI इम्पैक्ट समिट' में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी दिल्ली के इनोवेशन और आइडिया भी पहुंचेंगे। हेल्थकेयर और बायोटेक में AI के असर को फोकस करते हुए आईआईटी के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नॉलजी ट्रांसफर (FITT) में शुक्रवार को एक समिट का आयोजन हुआ, जिसमें 12 स्टार्टअप अपनी टेक्नॉलजी को पिच करने पहुंचे। FITT टीम का कहना है कि यह इंडिया AI इम्पैक्ट समिट के लिए AI प्री-समिट है, जिसमें 17 वीसी इंवेस्टर्स (वेंचर कैपिटल) के साथ नेटवर्क बनाने की कोशिश की गई।

कैंसर की पहचान, बीमारी के मैनेजमेंट, डायग्नोस्टिक्स और स्केलेबल हेल्थ सॉल्यूशंस में AI की भूमिका पर एफएस फाउंडेशन, FITT, ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट (बीएफआई) के इस समिट में खासतौर पर जोर दिया गया। FITT, आईआईटी दिल्ली का इंडस्ट्री एकेडमिया ऑर्गनाइजेशन है, जो टेक्नॉलजी को विकसित करने, इसे ट्रांसफर करने, कमर्शलाइजेशन, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और मेंटॉरिंग के लिए काम करता है। FITT के सीईओ तरुण चतुर्वेदी ने बताया कि भारत में हेल्थकेयर की समस्याएं विकसित देशों से अलग हैं, क्योंकि यहां आबादी बहुत बड़ी है और संसाधन सीमित हैं।

### प्री-समिट में AI आधारित हेल्थकेयर स्टार्टअप्स पेश किए गए

- सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे 'तन्विश डाइनमिक्स' ने खासतौर पर ग्रामीण और कम संसाधन वाले इलाकों के लिए अपनी तकनीक तैयार की है। टीम का कहना है कि सिर्फ मोबाइल की मदद से, बिना किसी अटेंडेंट या विशेषज्ञ डॉक्टर के, शुरुआती स्तर पर बीमारी की पहचान संभव हो पाती है और तुरंत रिपोर्ट मिल जाता है।
- मेडिकल इमेजिंग प्लेटफॉर्म 'इमिजेफाई' टीम बताती है कि यह AI आधारित है और सीटी, एमआरआई, पेट के स्कैन की जल्द और सटीक एनालिसिस में मदद करता है। यह ऑटोमेटेड सेगमेंटेशन और 3D विजुअलाइजेशन के जरिए डॉक्टरों को इलाज की बेहतर प्लानिंग बनाने में मदद देता है।
- प्राइमरी हेल्थटेक स्टार्टअप IoT और सेंसर तकनीक के जरिए बीमारी की पहचान और निगरानी पर काम कर रहा है। इसका प्लेटफॉर्म रियल-टाइम हेल्थ डेटा और इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार करता है, ताकि बीमारी का सटीक और किफायती समाधान मिल सके।
- 'स्विफ्टिन मेडटेक' ने ब्रेस्ट कैंसर के मरीजों के लिए लिंफेडेमा थेरेपी डिवाइस तैयार किया है। दावा है कि यह बिना कोई कट लगाए, थेरेपी देकर ट्रीटमेंट को बेहतर मैनेज करेगा।
- 'भारत हेलिक्स' संक्रामक रोगों की जल्द पहचान के लिए AI आधारित NAAT टेस्टिंग सिस्टम विकसित कर रहा है।




## TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

शोक सन्देश

स्मृति सन्देश


स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ समाजवादी



स्व. वीरेंद्र सक्सेना
(पूर्व डी.सी. एवं एम.सी., डी.एम.सी.)
प्रथम पुण्य तिथि: 10.01.2026 पर ...

9811157322, 9811513060
8860005571, 9205186592

श्रद्धांजलि
श्री प्रकाश चन्द्र जैन
15.07.1932 - 10.01.2018




श्रीमती बिमला देवी जैन
आठवीं पुण्यतिथि पर आपके चरणों में शत् शत् नमन।
आपका आशीर्वाद सदैव हमारे साथ है
शैलेन्द्र, राजीव जैन (पुत्र)
आशीष, शिशिर जैन (पौत्र)
मिहिर (प्रपौत्र)
D 89, C 164, प्रीत विहार
Jaina Industrial Liners
Gudiya Fireworks, Saavi Electric

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



14th Death Anniversary
Sh. Rakesh Aggarwal
(22.09.1953-10.01.2012)

It is his love, care and guidance that still illuminates our path. A path that has lead us to prosperity, growth and success. Following his principals and values, we are striving toward greater achievements and contributing our best towards community betterment.
Aggarwal Family, Management, Staff and Students of Ideal Institute of Management and Technology & School of Law
(G.G.S. Indraprastha University, Delhi)
Karkardooma, Delhi-110092



Sh. Chaman Lal Wadhwa
32nd Death Anniversary

We can't have old days back when we were all together. But secret tears and loving thoughts Will be with us forever.
Deeply remembered by:- Mrs. Avinash Rani (Wife) & Family Members, Management & Staff of Modern Stage Service, Modern Stage Services Pvt. Ltd., Audio Design.

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 & PANKAJ : 81306 04727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727



राजधानी के कई स्कूलों ने जारी की अप्लाई करने वालों की लिस्ट

# नर्सरी एडमिशन : कई स्कूलों में सीटों से 10 गुना ज़्यादा मिले हैं आवेदन

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI image




**दिल्ली के** प्राइवेट स्कूल नर्सरी क्लास में अप्लाई करने वाले बच्चों की लिस्ट जारी कर चुके हैं। इन स्कूलों में 4 दिसंबर से 27 दिसंबर तक पैरंट्स ने अपने बच्चों के लिए अप्लाई किया था। कई स्कूलों में सीटों से कई गुना ज्यादा लोगों ने अप्लाई किया है। लिस्ट जारी होने के बाद अब स्कूलों में ड्रॉ तय करेगा कि सीट किसे सीट मिलेगी।

सभी प्राइवेट स्कूलों ने 100 पॉइंट फॉर्म्युला के तहत अलग-अलग क्राइटेरिया जैसे डिस्टेंस, अल्मनाई, सिबलिंग के आधार पर पॉइंट दिए हैं। अभी प्राइवेट स्कूलों ने अप्लाई करने वाले सभी बच्चों की लिस्ट जारी की है। 16 जनवरी को ये 100 पॉइंट क्राइटेरिया के तहत सभी बच्चों की मार्क्स लिस्ट वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। पहली लिस्ट और वेटिंग लिस्ट 23 जनवरी को आएगी। इस लिस्ट पर, पॉइंट पर कोई भी सवाल या उलझन हो तो पैरंट्स 24 जनवरी से 3 फरवरी तक स्कूल से बातचीत कर सकते हैं।

**16 जनवरी को अपलोड की जाएगी मार्क्स की लिस्ट**

1758 स्कूलों में नर्सरी के लिए दाखिले होंगे। कई स्कूलों में अप्लाई करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या सीटों के मुकाबले काफी ज्यादा है। ऐसे में एक से मार्क्स वाले कई बच्चे होंगे, जिनकी संख्या सीटों से ज्यादा है। इससे साफ है कि सीटें अलॉट करने के लिए स्कूलों को ड्रॉ निकालना होगा। डीपीएस मथुरा रोड को नर्सरी के लिए 1792 ऐप्लिकेशन मिली हैं, जबकि सीटें सिर्फ 122 हैं। इसी तरह से ब्लूबेल्स इंटरनैशनल स्कूल को 203 सीटों के लिए 1211 ऐप्लिकेशन मिली हैं, तो एमिटी इंटरनैशनल स्कूल में नर्सरी के लिए 966 बच्चों ने अप्लाई किया है। कई स्कूलों ने मार्क्स लिस्ट भी जारी कर दी है। दूसरी लिस्ट 9 फरवरी को निकाली जाएगी। अगर फिर भी सीटें खाली रहती हैं, तो 5 मार्च को फिर लिस्ट जारी होगी।

19 मार्च एडमिशन का आखिरी दिन होगा। ओपन सीटों 75% की पहली लिस्ट के बाद शिक्षा निदेशालय बाकी 25% EWS/DG सीटों के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू करेगा।

## 'सकारात्मक सोच से हर कठिनाई का हल संभव है'

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली: चिंत हरण मंदिर मानस मार्ग, पटेल धाम, भागवतपुरी में सत्संग के मौके पर पं. प्रेम वल्लभ पाठक ने कहा कि संतोष और सकारात्मक सोच से जीवन की हर कठिनाई का हल संभव है। जो व्यक्ति धैर्य पूर्वक अपने ईष्ट देव या देवी का स्मरण करते हुए कर्म करता रहता है, उसका जीवन सुखमय बनता है।

स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म

**आदीश्वर दीप अर्चना:** श्री दि. जैन मंदिर सेक्टर-16 रोहिणी में आदर्श महिला मंडल के तत्वावधान में रोहिणी-पीतमपुरा क्षेत्र की सभी महिला मंडलों की सैकड़ों महिलाओं ने भक्तिभाव अर्चना, प्रश्नमंच व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। पवन जैन के अनुसार सभी को सम्मानित किया गया।


**भागवत कथा:** शिवशक्ति मंदिर जीवन पार्क, उत्तम नगर में कथा व्यास पं. देवेंद्र शास्त्री (भूरेना) ने कहा कि भागवत से हमें प्रेरणा मिलती है कि माता-पिता व गुरु की वंदना करने से बुद्धि, यश, बल और शील की प्राप्ति होती है। वहीं बटुक भैरव शक्तिपीठ मंदिर नेहरू पार्क, भागवतपुरी में सत्संग के समय पंडित राजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि जीवन में हर कार्य करते हुए पुण्य को अपने खाते में डालते जाओगे तो पुण्य तुम्हारा रक्षक बनकर खड़ा हो जाएगा।

3000 गाड़ियां होंगी पार्क, जगहों की हुई पहचान, LG के निर्देश पर दिल्ली पुलिस की तैयारी

# 56 व्यस्त सड़कों पर मिलेगी बॉक्स पार्किंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI image




**बढ़ते ट्रैफिक** जाम और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए एलजी वी.के. सक्सेना के निर्देश पर दिल्ली पुलिस 56 व्यस्त इलाकों में बॉक्स पार्किंग की व्यवस्था करेगी। इसके लिए जगह की पहचान कर ली गई है। बॉक्स पार्किंग में करीब 3,000 गाड़ियां (कुल क्षमता 2,984) पार्क हो सकेंगी। पार्किंग की वजह से जाम की मिल रही शिकायतों के बाद यह फैसला लिया गया है।

एलजी ने इन बाजारों और प्रमुख सड़कों पर बेतरतीब पार्किंग के कारण लगने वाले जाम को लेकर इन जगहों पर बॉक्स पार्किंग के लिए जगह की पहचान करने का निर्देश दिया था। मार्किंग करने का काम किया जा रहा है, जिससे लोग गाड़ी आड़ी-तिरछी खड़ी न कर मार्किंग वाले बॉक्स में ही गाड़ी खड़ी करें।

जिन जगहों पर बॉक्स पार्किंग के लिए जगह की पहचान कर गई है, उसमें 46 पीडब्ल्यूडी, 4 डीडीए, 3 एमसीडी और 3 अन्य एजेंसियों के अधीन आती हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार सड़क किनारे बॉक्स पार्किंग की सुविधा से जाम से राहत के साथ प्रदूषण में भी कमी आएगी। ट्रैफिक में सुधार होगा और इमरजेंसी गाड़ियों को बिना रुकावट रास्ता मिलेगा।

### इन इलाकों में बनेगी पार्किंग

चांदनी चौक, कमला नगर मार्केट, विकास मार्ग, चांदनी चौक, नेताजी सुभाष प्लेस, गांधी नगर, पुरता रोड, रोहिणी, मालवीय नगर, द्वारका, यूसुफ सराय, ओखला समेत कई अन्य इलाके शामिल हैं।

**56 जगहों पर बनेगी बॉक्स पार्किंग**

| | |
|---|---|
| पूर्वी जिला | 14 |
| उत्तरी जिला | 11 |
| दक्षिणी जिला | 10 |
| केंद्रीय जिला | 9 |
| पश्चिमी जिला | 6 |
| नई दिल्ली जिला | 6 |


CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 01-09-2026 23:37 Color:






## SC ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

# 'अस्पतालों में कुत्तों की एंट्री का सुझाव नहीं स्वीकार'



Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com


■ **नई दिल्ली :** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट को बताया गया कि मामला सिर्फ कुत्तों बनाम इंसानों का नहीं, बल्कि संवैधानिक सीमाओं, सार्वजनिक सुरक्षा और पशु कल्याण के संतुलन का है। जस्टिस मेहता ने कहा, अस्पतालों में कुत्तों को अनुमति देने का सुझाव स्वीकार्य नहीं है और दलीलें जमीनी हकीकत से दूर हैं। कोर्ट ने कथित एंटी-फीडर विजिलेंट द्वारा महिला डॉग फीडरों के उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने से भी इनकार कर दिया। कहा, यह कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है। मामले में अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह मामला अब कुत्तों या इंसानों तक सीमित नहीं, बल्कि संवैधानिक शक्तियों की सीमाओं का प्रश्न है। डॉग राइट्स (कुत्ता अधिकार) संगठन की ओर से पेश वकील राज शेखर राव ने दावा किया कि सीएसवीआर मॉडल से सुरक्षा मिलती है और कई संस्थानों में कुत्ते व्यवस्था का हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने संस्थानों को समस्या सुलझाने के लिए 6 महीने का समय देने की मांग की। अदालत ने कहा, यूट्यूब पर ऐसे 'अनगिनत' विडियो हैं, जिनमें कुत्तों को बच्चों और बुजुर्गों पर हमला करते देखा जा सकता है।

**कोर्ट में दी गई दलीलें जमीनी हकीकत से दूर हैं: SC**

सीनियर वकील शादान फरासत ने 6 सुझाव दिए और कहा कि अस्पतालों और मुख्य सड़कों को आवारा कुत्तों से मुक्त करना, फीडर्स और फीडिंग स्थानों की पहचान, एबीसी नियमों का समयबद्ध क्रियान्वयन, राज्यों द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी दूर करने की योजना, नगर निगम और राज्य सरकार के बीच समन्वय और हर नगर क्षेत्र में जवाबदेह अधिकारी की नियुक्ति होनी चाहिए। जस्टिस जे. मेहता ने कहा कि अलग-अलग पक्षों की राय अलग हो सकती है, लेकिन संतुलन बनाने का प्रयास सराहनीय है। सीनियर वकील माधवी दिवान ने राज्य स्तर पर ऑनलाइन डैशबोर्ड बनाने का सुझाव दिया।





## रेबीज़ की चुपचाप मार, कई ज़िंदगियां छीनीं

Rahul.Anand@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली में रेबीज की वजह से 11 लोगों की जान चली गई। यह खुलासा दिल्ली सरकार की वार्षिक रिपोर्ट में हुआ है। दिल्ली सरकार के डायरेक्टोरेट ऑफ इकनॉमिक्स एंड स्टेटिस्टिक्स की 2024 की रिपोर्ट में इन आंकड़ों का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में रेबीज से कुल 11 मौतें हुईं, जिनमें 10 पुरुष थे। उम्र के हिसाब से देखें तो पांच से 14 साल के बीच एक, 15 से 24 साल के बीच एक, 25 से 34 साल के बीच एक, 35 से 44 साल के बीच चार, 45 से 54 साल के बीच दो और इससे अधिक उम्र के एक व्यक्ति की मौत रेबीज से हुई। ये सभी पुरुष थे। इसके अलावा, एक से चार साल की उम्र की एक बच्ची की भी रेबीज से मौत दर्ज की गई है।

एक्सपर्ट का कहना है कि रेबीज ऐसी बीमारी है, जिसमें लक्षण सामने आने के बाद जान बच पाना लगभग नामुमकिन हो जाता है। हालांकि दिल्ली सरकार ने हाल ही में रेबीज को महामारी रोग अधिनियम के तहत नोटिफिएबल डिजीज घोषित किया है। दूसरी ओर, रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि 2024 में सांप और अन्य ज़हरीले जीवों के काटने से 9 लोगों की मौत हुई। इन मामलों को रिपोर्ट में 'Bites of snakes & other venomous animals' की कैटिगरी में दर्ज किया गया है।

**9** लोगों की मौत हुई सांप और अन्य ज़हरीले जीवों के काटने से 2024 में

**7** से 8 दिन लगते हैं एंटी रेबीज वैक्सीन लगने के बाद वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनने में

**11** मौतें हुईं 2024 में रेबीज की वजह से।

**10** पुरुष मृतकों की संख्या रही कुल आंकड़ों में।

**4** मौतें दर्ज की गईं 35 से 44 साल के आयु वर्ग में।

**3** मौतें 5-34 साल तक के युवाओं की।

1 बच्ची की जान गई एक से चार साल की उम्र में



### डॉग बाइट में वैक्सीन लेना ज़रूरी

एक्सपर्ट के मुताबिक, दिल्ली में रेबीज की प्रमुख वजह डॉग बाइट ही है। डॉग बाइट के बाद समय पर वैक्सीन लेना बेहद जरूरी होता है, जिससे काफी हद तक बचाव संभव है। इलाज में एंटी रेबीज वैक्सीन और एंटी रेबीज सीरम दिया जाता है। एंटी रेबीज वैक्सीन वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनाती है, लेकिन इसमें करीब 7 से 8 दिन लगते हैं। इसलिए जहां काटने का निशान होता है, वहां सीरम का इंजेक्शन दिया जाता है, जिसमें पहले से मौजूद एंटीबॉडी होती है और यह तुरंत सक्रिय होकर वायरस को फैलने से रोकती है।



## शुक्रवार सुबह 5वीं मंजिल से एक दिव्यांग कर्मचारी ने लगाई छलांग


# साकेत कोर्ट में स्टाफ ने किया स्यूसाइड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**साउथ डिस्ट्रिक्ट** के साकेत कोर्ट में शुक्रवार सुबह पांचवीं मंजिल से कूदकर एक कर्मचारी ने खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान हरीश सिंह महार (43) के रूप में हुई है। वह साकेत कोर्ट में ही कार्यरत थे और 60 प्रतिशत दिव्यांग थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मृतक को किसी तरह की मानसिक सहायता या परामर्श उपलब्ध कराया गया था या नहीं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सुबह करीब 10:24 बजे साकेत पुलिस चौकी में काम करने वाले ASI सतीश ने कॉल करके बताया कि एक व्यक्ति ने साकेत कोर्ट की इमारत से नीचे छलांग लगा दी है। नीचे गिरते ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद कामकाज कुछ समय के लिए प्रभावित रहा।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से एक स्यूसाइड नोट भी बरामद हुआ है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक लंबे समय से मानसिक तनाव में थे। वह काम के दबाव को लेकर काफी परेशान चल रहे थे। सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा है कि वह ऑफिस के काम के प्रेशर के कारण आत्महत्या कर रहे हैं और इसके लिए किसी भी व्यक्ति या विभाग को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाए। जांच में पता चला है कि हरीश परिवार के साथ फरीदाबाद में रहते थे। वह बचपन से ही दिव्यांग थे। परिवार में माता पिता हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि वह वर्ष 2010 से कोर्ट में काम कर रहे थे। इससे पहले भी वह अन्य कोर्ट में काम कर चुके हैं।



कोर्ट स्टाफ ने किया प्रदर्शन



हरीश सिंह महार

**सुसाइड नोट में क्या लिखा?** कथित स्यूसाइड नोट में हरीश ने लिखा है कि 'मेरा नाम हरीश सिंह महार है। आज मैं कार्यालय के काम के दबाव के कारण आत्महत्या कर रहा हूं। मैं यह आत्महत्या अपनी पूरी इच्छा से कर रहा हूं, इसके लिए कोई भी व्यक्ति जिम्मेदार नहीं है। वहीं, कोर्ट के बाहर नाराज कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। 'हरीश के लिए न्याय' के नारे लगाए।

### 'किसी दूसरे को नहीं बनने देंगे हरीश'

Prachi.Yadav
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** कोर्ट कर्मचारी के स्यूसाइड के बाद सभी जिला अदालतों के कोर्ट स्टाफ ने एकजुट होकर मृतक के लिए इंसाफ की मांग उठाई। साकेत कोर्ट परिसर में कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। कोर्ट स्टाफ पर काम के 'बेहिसाब बोझ' का दावा करते हुए शनिवार को हड़ताल का ऐलान तक कर दिया। हालांकि, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से देर शाम मुलाकात के बाद हड़ताल का फैसला वापस ले लिया। कर्मचारी कल्याण संगठन ने कहा कि चीफ जस्टिस ने उन्हें एक महीने के भीतर स्टाफ की कमी का ऑडिट कराने और अन्य शिकायतों को हल करने का भरोसा दिया है।

**नाराज कर्मचारियों ने उठाई इंसाफ की मांग**

काम के दबाव के चलते स्यूसाइड करने वाले हरीश सिंह महर के प्रति जजों ने भी दुख जताया। पर असल नाराजगी कोर्ट कर्मचारियों में नजर आई। इसी बीच डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट एम्प्लॉईज वेलफेयर एसोसिएशन ने सभी जिला अदालतों के कर्मचारियों से साकेत कोर्ट कर्मचारियों के साथ खड़े होने की अपील की। एसोसिएशन प्रेजिडेंट दीपक भारद्वाज ने कहा, यह एक सीट, एक डिस्ट्रिक्ट, एक कोर्ट या किसी एक स्टाफ तक सीमित मुद्दा नहीं। ऐसी परेशानी से जूझने के लिए सारे कोर्ट स्टाफ मजबूर हैं।

संगठन ने अपनी मांगों की सूची तैयार की और कहा कि अब पॉलिसी या वर्क फ्रेम के बिना कोई काम नहीं होगा। तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे, जब तक मांगों पर अमल का भरोसा नहीं मिल जाता।

मृतक हरीश साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में एक जुडिशल मैजिस्ट्रेट के यहां अहलमद के पद पर काम करते थे। अहलमद का काम संबंधित कोर्ट में लगे सभी मामलों की सूची तैयार करना, उनसे जुड़े सभी रिकॉर्ड की देखरेख करना, हर मामले की अपडेट तैयार करना और अगले दिन सुनवाई के लिए लगे मामलों की सूची तैयार करना होता है। साकेत कोर्ट में एक अहलमद ने बताया कि अधिकतर अहलमद सुबह आठ- साढ़े आठ बजे तक कोर्ट पहुंच जाते हैं और देर रात तक काम करते हैं। हर केस का रिकॉर्ड तैयार करना एक इंसान के बस की बात नहीं। फिर भी देर तक काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। काम पेंडिंग रखने पर शिकायत की धमकी दी जाती है।

## नारायणा में पेड़ की टहनी गिरने से मौत के मामले में जांच जारी


■ NBT न्यूज, नारायणा

**नारायणा** में पेड़ की टहनी गिरने से एक शख्स की मौत के मामले में पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया है। FIR दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। PWD ने भी जांच के आदेश दिए हैं।

**PWD ने भी मामले में जांच के आदेश दिए हैं**

मृतक मुकेश दिल्ली में अकेले रहते थे, उनका बॉडी को लेकर परिजन शुक्रवार को बिहार के पैतृक गांव अंतिम संस्कार के लिए ले गए। उनके जानकार राजू के अनुसार, मुकेश 5 साल से नारायणा में चाय की दुकान चलाकर परिवार की देखभाल करते थे। गुरुवार को दूध और अन्य सामान लेने के लिए निकले थे। तभी यह हादसा हो गया।

मुकेश के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि टहनी काटते समय सड़क पर बैरिकेडिंग की गई थी या नहीं। क्या राहगीरों को अलर्ट करने के लिए कोई साइन बोर्ड लगाया गया था। मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद था? पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ लापरवाही के कारण हुई मौत का मामला दर्ज किया है। जांच के बाद संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।



इसी जगह पर हुआ था हादसा

## डिलिवरी बॉय से आईफोन छीना

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** बिन्दापुर में ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी के एक डिलिवरी बॉय से आईफोन छीन लिया गया। आरोपी कैश ऑन डिलिवरी के बहाने आए और मौका पाकर डिलिवरी बॉय के हाथ से आईफोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

**फोन की डिलिवरी देने जाते समय हुई स्नैचिंग**

अभिषेक (22) ने पुलिस को बताया कि वह फ्लिपकार्ट में डिलिवरी बॉय है। 5 जनवरी को फोन की डिलिवरी देने गोलकधाम मंदिर, बिन्दापुर आए थे। यह डिलिवरी कैश ऑन डिलिवरी थी। शाम करीब 6:25 बजे बाइक सवार दो युवक आए। उन्होंने पहले पेमेंट करने को कहा। तभी युवक उनसे डिब्बा छीनकर फरार हो गए।

## अल्पसंख्यक स्कूलों ने दी फीस कानून को चुनौती

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**प्राइवेट स्कूलों** के साथ-साथ दिल्ली के अल्पसंख्यक स्कूलों ने भी फीस बढ़ोतरी के लिए सरकारी मंजूरी को अनिवार्य बनाने वाले दिल्ली सरकार के कानून की संवैधानिक वैधता को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। कोर्ट ने शुक्रवार को ऐसे कई अल्पसंख्यक स्कूलों की याचिकाओं पर शिक्षा निदेशालय (डीओई) और उपराज्यपाल (एलजी) से जवाब मांगा।

**कोर्ट ने निदेशालय और LG से मांगा जवाब**

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने दिल्ली सरकार के डीओई और एलजी को नोटिस जारी किया और उनसे 6 हफ्तों के अंदर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। मामले में अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी। प्राइवेट स्कूलों की संबंधित याचिका भी उसी दिन सुनवाई के लिए लगी है। इन याचिकाओं में दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस तय करने और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025, और इसके बाद के नियमों को चुनौती दी गई है।

प्राइवेट स्कूलों की याचिका पर 8 जनवरी को सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने ऐसी समितियों के गठन के लिए समय 10 जनवरी से बढ़ाकर 20 जनवरी कर दिया। आदेश के मुताबिक, स्कूल प्रबंधन द्वारा समितियों को प्रस्तावित फीस जमा करने की अंतिम तारीख भी 25 जनवरी से बढ़ाकर 5 फरवरी की जाती है। दरअसल, नए कानून में यह अनिवार्य है कि प्राइवेट स्कूलों में सभी फीस बढ़ोतरी को पैरेंट्स, स्कूल प्रबंधन और सरकारी प्रतिनिधियों वाली एक पारदर्शी, तीन-स्तरीय कमिटी सिस्टम के जरिए से मंजूर किया जाना चाहिए।

# ट्रांसफर की अटकलों के बीच पुलिस सुस्त

## अफसरों से लेकर स्टाफ तक ट्रांसफर-पोस्टिंग के मोड में

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Shanker.Singh@timesofindia.com

AI Image



■ **नई दिल्ली:** एक महीने से ज्यादा वक्त से दिल्ली पुलिस में हेडक्वॉर्टर से लेकर थाने तक ट्रांसफर-पोस्टिंग की अटकलें हैं। कई जिलों के 'कप्तान' प्रमोशन पर डीआईजी बन चुके हैं, जबकि दूसरे राज्यों से आने-जाने वाले अफसरों की लिस्ट भी होम मिनिस्ट्री से आ चुकी है। कई डीसीपी, एसीपी और एसएचओ तक बोरिया-बिस्तर बांध कर तैयार बैठे हैं। निचला स्टाफ भी पूरी तरह ट्रांसफर-पोस्टिंग के मोड पर है। इसका असर कामकाज पर दिख रहा है, लेकिन बहुप्रतीक्षित ट्रांसफर-पोस्टिंग की लिस्ट अटकी पड़ी है।

**सूत्रों का कहना है कि काम में नहीं दिख रही है गंभीरता**

पुलिस सूत्रों का कहना है कि ट्रांसफर-पोस्टिंग का फरमान कभी भी आ सकता है। सबकी निगाहें उसी पर हैं। इसी तरह से कई अफसर भी जाने की तैयारी में हैं। नतीजतन वह काम में उतनी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। यह ऊपर से लेकर निचले लेवल तक देखने को मिल रहा है। इससे महकमे में एक अजीब सी 'सुस्ती' दिख रही है, जिसका असर कानून-व्यवस्था तक पर भी पड़ रहा है। होम मिनिस्ट्री की तरफ से दिल्ली से ट्रांसफर होकर आने-जाने वाले अफसरों की लिस्ट सदि को जारी की थी। आईपीएस अजीत कुमार सिंगला, आरपी मीणा, राहुल अलवाल, शोभित डी. सक्सेना, निधरिका भट्ट, सचिन कुमार सिंघल और ईशा सिंह दिल्ली आए हैं। एडिशनल सीपी (ईस्टर्न रेंज) राजीव रंजन सिंह, डीसीपी (शाहदरा) प्रशांत प्रिय गौतम, डीसीपी (ट्रैफिक) संध्या स्वामी और दिल्ली पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के डिप्टी जीएम अचिन गर्ग को दिल्ली से बाहर भेजा गया है। इसी तरह पांच दानिप्स अफसरों को बाहर भेजा गया है, जबकि पांच ही अफसर दिल्ली आ रहे हैं।

दूसरी तरफ पिछले महीने ही होम मिनिस्ट्री की तरफ से आठ आईपीएस अफसरों को प्रमोट कर डीआईजी बनाने का फरमान भी आ चुका है। इनमें डीसीपी (सेंट्रल) निधिन वलसन, डीसीपी (ईस्ट) अभिषेक धानिया, डीसीपी (नॉर्थ वेस्ट) भीष्म सिंह, डीसीपी (रोहिणी) राजीव रंजन, डीसीपी (नई दिल्ली) देवेश कुमार महला के अलावा डीसीपी (हेडक्वॉर्टर) राकेश पावरिया, डीसीपी (EOW) रवि कुमार सिंह और दिल्ली पुलिस अकैडमी के डिप्टी डायरेक्टर मोहम्मद अली शामिल हैं। डीसीपी (द्वारका) अंकित कुमार सिंह और डीसीपी (साउथ) अंकित चौहान का 'कप्तानी' का कार्यकाल भी दो साल का हो चुका है।

**बदलाव के संकेत:** इस तरह से सात जिलों के डीसीपी बदले जाने तय लग रहे हैं। ऐसे में जिलों की कमान मिलने की आस लगाए बैठे 2014 बैच और उसके बाद के आईपीएस अफसरों की उम्मीद जग रही है, जिनका इंतजार पहले ही लंबा हो चुका है। सीपी सतीश गोलछा ने 22 अगस्त 2025 को चार्ज संभाला था, जिसके बाद 24 अक्टूबर को स्पेशल सीपी लेवल के 10 टॉप अफसरों के कामकाज में फेरबदल का फरमान जारी हुआ था। लेकिन जिलों में तालमेल की आस लगाए बैठे अफसरों के हाथ निराशा ही लगी। अबकी बार कुछ स्पेशल सीपी के कार्यकाल में भी बदलाव के संकेत हैं।




## सब्ज़ियों के दाम में राहत, आलू सबसे सस्ता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File Photo



**दिल्ली के** बाजारों में इस समय सब्जियों के दामों में गिरावट देखने को मिल रही है। खास तौर पर आलू अपने सबसे कम स्तर पर पहुंच गया है। आजादपुर मंडी में आलू सिर्फ 4 से 5 रुपये किलो की दर पर बिक रहा है, जो इस समय सबसे कम दामों में से एक है। आजादपुर मंडी के थोक व्यापारियों का कहना है कि हरी सब्जियों की फसल अच्छी आ रही है। इससे दाम सामान्य से भी कम हो गए हैं। पालक आजादपुर में 10 से 12 रुपये प्रति किलो पर मिल रहा है। थोक बाजार में आई इस गिरावट का सीधा असर रिटेल बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। नरेला, रोहिणी, आदर्श नगर और आसपास के खुले बाजारों में ग्राहकों को ताजी सब्जियां काफी सस्ते दामों पर मिल रही हैं।

### ताज़ी सब्जियां आसानी से उपलब्ध

नरेला में सब्जी बेचने वाले रोहन शाह ने बताया कि आजादपुर मंडी में हरी सब्जियां अच्छे भाव में मिल रही हैं इसलिए रिटेल में भी दाम कम हैं। जो मटर एक हफ्ते पहले 60 से 70 रुपये किलो बिक रही थी, वह अब 30 से 40 रुपये किलो मिल रही है। गोभी 20 रुपये किलो और कई जगह तो 10 रुपये किलो तक मिल जाती है। मशरूम, बीन्स और अन्य के दामों में हल्की बढ़ोतरी है। कुल मिलाकर, इस मौसम में सब्जियों की बेहतर पैदावार ने दिल्ली के लोगों को राहत दी है और खरीदारी बढ़ी है।

## मोहल्ला क्लिनिक का स्टाफ गया SC

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** राजधानी में सैकड़ों मोहल्ला क्लिनिक बंद होने की वजह से वहां काम करने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों की मुश्किल बढ़ गई है। दावा है कि वह अब बेरोजगार हो गए हैं। नौकरी बचाने के लिए उन्होंने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

जानकारी के मुताबिक, शहर में लगभग 500 मोहल्ला क्लिनिक हैं। मोहल्ला क्लिनिक में काम करने वाले एक डॉक्टर ने बताया कि अब तक करीब 300 मोहल्ला क्लिनिक बंद हो चुके हैं। इसकी वजह से सैकड़ों डॉक्टर और कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। नौकरी बचाने की लड़ाई में डॉक्टरों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।



# तुर्कमान गेट पर सुरक्षा कड़ी, दो और आरोपी अरेस्ट


## पुलिस अन्य आरोपियों की कर रही तलाश

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

**तुर्कमान गेट** में हुए पथराव और बलवा में शामिल दो और आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसकी पहचान तुर्कमान गेट निवासी मोहम्मद इमरान (36) और मोहम्मद उबैदुल्लाह (26) के तौर पर हुई है। अब तक इस मामले में पुलिस 13 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है। दूसरी तरफ शुक्रवार दोपहर को दरगाह फैज-ए-इलाही मस्जिद में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच करीब 30 नमाजियों ने नमाज अदा किया गया। इनमें मस्जिद कमिटी के सदस्य और स्थानीय लोग शामिल हुए। जुमे की नमाज के दौरान पूरे क्षेत्र को 6 सुरक्षा लेयर में बांटते हुए कड़े बंदोबस्त किए गए थे।

**सुरक्षा के बीच मस्जिद में 30 लोगों ने नमाज की अदा**

सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। पुलिस के अनुसार, मस्जिद और आसपास की गलियों में अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं और आवाजाही को नियंत्रित करने और अप्रिय घटना को रोकने के लिए जगह-जगह पिकेट लगाए गए हैं। पुलिस ड्रोन और CCTV कैमरों से इलाके पर कड़ी नजर रख रही है। पुलिस ने बताया कि स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। वहीं पुलिस को अब तक 400 से अधिक विडियो और मोबाइल फुटेज मिले हैं। 50 से ज्यादा आरोपियों की पहचान की गई है, इनमें 10 से 15 महिलाएं भी शामिल बताई जा रही हैं। उधर, तुर्कमान गेट के पास मलबे को हटाने के लिए शुक्रवार को भी करीब एक दर्जन JCB मौके पर मौजूद थे।



### घर के पास ही नमाज की अदा

**तोड़फोड़ के** बाद शुक्रवार को पहला नमाज था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि भारी सुरक्षा के बावजूद नमाज अदा करने पर कोई रोक नहीं थी, फिर भी हमने असहज माहौल के चलते बड़ी मस्जिदों की बजाय अपने घरों के पास की मस्जिदों में या अपने ही घरों में नमाज अदा किया। हस्तशिल्प कारोबारी 43 वर्षीय शाहनवाज ने कहा, हमने अपने घर के पास की मस्जिद में नमाज अदा की। फैज-ए-इलाही मस्जिद जाने में कोई पाबंदी नहीं है, लेकिन लोग सतर्क हैं।

**जांच में शामिल नहीं हुईं महिला इन्फ्लुएंसर्स :** जांच के तहत पुलिस ने 10 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की पहचान की है, जिन पर घटना से जुड़ी भ्रामक या अपुष्ट जानकारी फैलाने का आरोप है। अधिकारियों के अनुसार, एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ऐमन रिजवी समन के बावजूद अब तक जांच में शामिल नहीं हुईं। वहीं इन्फ्लुएंसर्स सलमान को समन भेजना बाकी है। सोशल मीडिया पर कुछ संदेशों के प्रसार में उसकी भूमिका की भी जांच की जा रही है। वहीं एसपी के एक सांसद की भूमिका जांच के दायरे में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें नोटिस भेजा जा सकता है। पुलिस ने जनता से शांति बनाए रखने और अपुष्ट जानकारियों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।


**अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की**

# तीन विभागों के ज़मीन विवाद में ऐक्शन

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** एमसीडी, लैंड एंड डिवेलपमेंट ऑफिस (L&DO) और पीडब्ल्यूडी के बीच जमीन विवाद के बाद यह पता चला कि रामलीला मैदान की जमीन पर फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अवैध अतिक्रमण है। एमसीडी की 36,428 वर्ग फुट जमीन, जबकि पीडब्ल्यूडी की 2512 वर्ग फुट जमीन पर कब्जा है। मस्जिद और कब्रिस्तान 7343 वर्ग फुट एरिया में है। अब, जिस जमीन पर मस्जिद है, उसकी मालकियत (ओनरशिप) भी एमसीडी खंगालने में जुटी है। इस संबंध में फैज-ए-इलाही मस्जिद मैनेजमेंट कमिटी के जनरल सेक्रेटरी और दिल्ली वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों से ओनरशिप डॉक्युमेंट मांगे गए थे, लेकिन वह कोई ठोस डॉक्युमेंट एमसीडी और L&DO अफसरों के सामने पेश नहीं कर पाए।

एमसीडी अफसरों के अनुसार रामलीला मैदान की जमीन L&DO ने ही एमसीडी को दी थी। विभाग के अफसरों ने दावा किया था कि लीज डीड के बाद भी वहां पर उनकी कुछ जमीन है। पीडब्ल्यूडी का भी दावा था कि आसफ अली रोड के फुटपाथ और रोड के कुछ हिस्सों पर भी अवैध कब्जा है। जमीनों के आपसी विवाद सुलझाने के लिए एमसीडी, डीडीए, L&DO, पीडब्ल्यूडी और रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने एक जॉइंट सर्वे किया था, जिसमें पता चला कि रामलीला मैदान की 36,428 वर्ग फुट जमीन पर अतिक्रमण है। जिसमें बैंक्वेट हॉल, पार्किंग, प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर बने हैं। कुछ कमर्शल प्रतिष्ठान भी हैं। अपनी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए एमसीडी ने कार्रवाई की और मस्जिद से सटे बाकी ढांचे को गुरुवार को सिटी-एसपी जोन के डिप्टी कमिश्नर विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में तोड़ा गया। सर्वे में यह भी पता चला कि पीडब्ल्यूडी के आसफ अली रोड के फुटपाथ और रोड के कुछ हिस्सों में करीब 2512 वर्ग फुट जमीन पर अवैध कब्जा है।



Photos: Sunil Kataria

अब यहां से हटाया जा रहा है मलबा, हालात सामान्य हो चुके हैं

**जमीन पर दावा पेश करने का दिया गया मौका :** अफसरों का कहना है कि तोड़फोड़ की कार्रवाई से पहले जमीन का सर्वे किया गया और इसके बाद ही कार्रवाई की गई। कार्रवाई से प्रभावित होने वालों का पक्ष भी जानना जरूरी था। इसलिए उनकी बातें सुनने और जमीन पर दावा पेश करने का मौका दिया गया। पहली सुनवाई पिछले साल 24 नवंबर को हुई। जिसमें सैयद फैज इलाही मस्जिद मैनेजमेंट कमिटी के जनरल सेक्रेटरी और दिल्ली वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी शामिल रहे। इस दौरान एमसीडी अफसरों ने L&DO अफसरों को मस्जिद की जमीन से संबंधित ओनरशिप को स्पष्ट करने के लिए कहा। अफसरों ने कहा कि जमीन ट्रांसफर के संबंध में उनके पास कोई डॉक्युमेंट नहीं है। मस्जिद मैनेजमेंट कमिटी से भी ओनरशिप डॉक्युमेंट प्रस्तुत करने को कहा गया, जिस पर जनरल सेक्रेटरी ने बताया कि जमीन के लिए कमिटी दिल्ली वक्फ बोर्ड को लीज रेंट चुका रही है। इसके अलावा कमिटी के पास ओनरशिप संबंधित कोई दस्तावेज नहीं है। दिल्ली वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी ने कहा कि डीडीए के गैजेट नोटिफिकेशन में जमीन दिल्ली वक्फ बोर्ड के होने के संकेत हैं। लेकिन, वक्फ बोर्ड से ओनरशिप संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं सका। 16 दिसंबर को दूसरी बार इस मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान मस्जिद कमिटी के जनरल सेक्रेटरी ने कहा कि मस्जिद और दरगाह 100 साल पुराने हैं, लेकिन किसी सरकारी दस्तावेज में इस संबंध में कोई उल्लेख नहीं है। लेकिन, कोर्ट को उन्होंने बताया कि मस्जिद और दरगाह वक्फ है और इसके लिए ओनरशिप डॉक्युमेंट पेश करना जरूरी नहीं होता।

**एमसीडी, L&DO और PWD के विवाद के बाद पता चला**

वहीं, दिल्ली वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों ने कहा कि अप्रैल, 1970 के गैजेट नोटिफिकेशन के क्रमांक संख्या-40 में जमीन पर ख्वाजा फैज इलाही मस्जिद उर्फ मस्जिद गोमीन और कब्रिस्तान का उल्लेख है। एरिया कितना है, इसका उल्लेख नोटिफिकेशन में नहीं है। 15 फरवरी, 1940 में गवर्नर जनरल इन काउंसिल और जामा मस्जिद मैनेजिंग कमिटी के सेक्रेटरी के बीच एक एग्रीमेंट हुआ था। इस एग्रीमेंट के तहत यह जमीन 0.195 एकड़ है। इस पर एमसीडी अफसरों ने वक्फ बोर्ड पदाधिकारी से सवाल किया कि जब यह जमीन जामा मस्जिद मैनेजमेंट कमिटी की है, तो फैज इलाही मस्जिद मैनेजमेंट कमिटी कैसे इस्तेमाल कर रही है?

इस पर वक्फ बोर्ड पदाधिकारियों का जवाब था कि दिल्ली वक्फ बोर्ड से पहले जामा मस्जिद मैनेजमेंट कमिटी को ही वक्फ बोर्ड का दर्जा हासिल था। L&DO अफसरों ने भी इस बात की तस्दीक की कि 15 फरवरी, 1940 के लीज डीड में 0.195 एकड़ जमीन जामा मस्जिद मैनेजमेंट कमिटी को दी गई थी। लेकिन, जामा मस्जिद मैनेजमेंट कमिटी को यह जमीन टीन शेड, हुजरा (कमरा/बैठक) और कब्रिस्तान के लिए दी गई थी।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
प्रशासन
कार्यालय सहायक

FEMALE Executives required for Office Administration work with 3 years exp. Location East Delhi Surajmal Vihar, Married. Fluency in English. Contact: 8527749898

आवश्यकता
अमर सिंह कालिज, लखावटी (बुलन्दशहर)–203407 में आशुलिपिक (अराजकि–01) पद वेतनमान 5200-20200, ग्रेड पे रू० 2800/- तथा अनुमन्य भत्ते। शैक्षणिक अर्हता– 1. माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो। 2. हिन्दी आशुलेखन व हिन्दी टंकण में क्रमशः 80 व 25 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति आवश्यक है। 3. डोएक सोसाइटी द्वारा संचालित सी०सी०सी० पाठ्यक्रम परीक्षा उत्तीर्ण अथवा माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र० द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर पाठ्यक्रम अवश्य उत्तीर्ण हो। नोट– भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से आशुलिपिक का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र पात्रों को परीक्षा दी जायेगी। आयु दिनांक 01.01.2026 को न्यूनतम 18 से 40 वर्ष एवं शासनादेश के अनुसार छूट मान्य होगी। आवेदन पत्र के साथ अभिलेखों की स्व-हस्ताक्षरित छायाप्रतियाँ सहित 500/- रू० का डी०डी० प्राचार्य, अमर सिंह कालिज, लखावटी (बुलन्दशहर) के नाम से देय को संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन विज्ञापन की तिथि से 21 दिन के अन्दर प्राचार्य, अमर सिंह कालिज, लखावटी (बुलन्दशहर) को केवल सीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक द्वारा ही प्राप्त किये जायेंगे। उक्त पद हेतु टंकण परीक्षा एवं साक्षात्कार की सूचना पृथक से दी जायेगी। साक्षात्कार के समय सभी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने अनिवार्य है। प्राचार्य

चपरासी
फ्री भर्ती- हाउसकीपिंग/ साफ सफाई के लिए लड़के जनक पुरी या राजौरी गार्डन के लिए। 10 घंटे ड्यूटी, महीने की 4 छुट्टी, खाना फ्री, वेतन 13000 ☎ 8820655055.

विपणन, विज्ञापन और बिक्री
विपणन (मार्केटिंग)
[illegible]

अन्य रिक्तियां
चालक
कमाओ दिन के rs. 1000 तक (पार्ट टाइम / फुल टाइम) भारत टैक्सी चालक बनाएं। जॉइन करने के लिए भारत टैक्सी ड्राइवर ऐप डाउनलोड करें या कॉल करें - 011 -[illegible]

सेवाएं
खानपान
होम कुक / शेफ के लिए नौकरी
Vacancy For Home Cook / Chef
◆ इंडियन वेज खाना बनाना आना चाहिये
◆ घर में काम करने का अनुभव होना चाहिये
◆ रहना, खाना और कागज-पत्र कंपनी देगी
केवल पुरुष भर्ती (उम्र 28 से 35 वर्ष)
वेतन हुनर और अनुभव के हिसाब से
यह नौकरी डायरेक्ट है, कोई भी एजेंसी या कमीशन नहीं है
जगह: दुबई
+91-9560854998

तकनीकी
इंजीनियर्स
SR. Site Engineer urgent required for civil & interior work Degree/Diploma in Civil Engineering with 8 years exp. Location Delhi/Gurgaon (Personal Vehicle Must) Contact: 8527749898

पेशेवर नौकरी चाहने वाले
REQD. EX Banker, Semi Qualified for Bank Audit at NCR/ Faridabad for CA Firm. Contact-9718477570, Email-lokesh.511987@gmail.com.

BOOK YOUR TENDER/NOTICE ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Aman Pasricha
9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

IT is for the general public. I, Shankar Barai, s/o Makhan Barai, Hno.1426,Dundahera, Gurgaon 122016, (HR) declare that my name and my parent name are incorrectly spelled as Shankar,My father & mother name are also incorrectly spelled as Makhan Singh & Kalpna in my 10th marksheet. my correct name is Shankar Barai, my father name is Makhan Barai, & my mother name is Kalpana Barai. Which may be amended accordingly

PUBLIC NOTICE
Be it known to the general public that the Agreement to Sell dated August 14, 2023, entered into by my client, Mr. Vinay Bhushan Chandhok (through his Power of Attorney holder, Mr. Raj Jasra), with Mrs. Ruchika Dhingra and Mr. Rajeev Dhingra (the Intending Purchasers) for the sale of property bearing No. A-141, Entire Third Floor with Terrace / Roof rights, New Friends Colony, New Delhi, stands terminated and cancelled with immediate effect.
Consequently, the earnest money of Rs. 35,00,000/- (Rupees Thirty-Five Lakhs Only) stands adjusted.
The public, including real estate agents, financial institutions, and banks, are hereby cautioned against entering into any transaction or dealing concerning the said property based on the now-terminated Agreement to Sell. Any such dealings will be at their own risk and cost.
My client, Mr. Vinay Bhushan Chandhok, had always been the absolute owner and is free to deal with the said property as he deems fit.
Sd/-
Varun Mathur, Advocate
A131 Neeti Bagh New Delhi
On behalf of:
Mr. Vinay Bhushan Chandhok
Through his Power of Attorney Holder Mr. Raj Jasra
Date: 10.01.2026
Place: New Delhi

निविदाएं (टेंडर्स)

Vasant Vihar Club
Invites Request for Proposal (RFP)
Design, Supply,Installation, Testing, Commissioning, Operation and Maintenance for 33.5 KW DC Rooftop PV Solar Power Plant with Grid connection under Net metering policy.
Interested bidder from NCR may collect the RFP documents from General Manager's office on a payment of ₹1500/- including GST available from 12 January till 15 January 2026 between 10 am to 5pm.
Last date for the submission of RFP will be 27 January 2026.
The General Manager
88, Paschimi Marg, Vasant Vihar, New Delhi-110057
Or E-mail clubvasantvihar@gmail.com
Ph: 011-40701323/1324

बैंक ऑफ बड़ौदा / Bank of Baroda
दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र, 11वीं मंजिल, परिसर और उपस्कर विभाग, बैंक ऑफ बड़ौदा भवन, 16 संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001
निविदा
बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रीन पार्क / ग्रीन पार्क एक्सटेंशन दक्षिण में अपनी नई शाखा खोलने के लिए 1500–2250 वर्ग फुट के कारपेट एरिया वाले नई या अच्छी बनी हुई व्यावसायिक भवन पट्टे पर लेना चाहता है। [illegible] www.bankofbaroda.com/tenders.htm देखें।
क्षेत्रीय प्रमुख, दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 10.01.2026

TENDER NOTICE
HIMACHALI CGHS LTD., PLOT NO-8, SECTOR-3 DWARKA, NEW DELHI-110078
is inviting bids for Installation of 6 new lifts. (capacity of 8 persons) on Reverse Auction(RA) basis. Reputed manufacturers of lift may visit the site and collect the tender document at a cost of Rs.500/- and submit their technical and financial bids separately, within 15 days from the date of this publication. For pre-bid meeting, last date of submission of tender and date of opening of tender, please contact the undersigned.
SECRETARY (9911145946)

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

न्यायालय सूचना

IN THE COURT OF SH. SUMEET ANAND, L.D. DISTRICT JUDGE-11, CENTRAL DISTRICT, ROOM NO.-116, TIS HAZARI COURT, DELHI
PROCLAMATION OF SALE (AUCTION)
Ex. No. 410/2017
In C. Suit No. CS. 20453/16
M/S. ANNAPURANA OVERSEAS, THROUGH PROPRIETOR, SHRI DWARKA PARSHAD AGGARWAL, 2263-68/19, GALI RAGHUNANDAN, NAYA BAZAR, DELHI-110006 ......Decree-Holder
Vs
1. M/S. SAMS GRAINS (INDIA)PVT. LTD.
2. SHRI SAYED MANSUR HUSSAIN JAFRI, DIRECTOR OF M/S. SAMS GRAINS (INDIA) PVT. LTD.
3. SMT. S. JAFRI, DIRECTOR OF M/S. SAMS GRAINS (INDIA) PVT. LTD.
4. SHRI SAYED MASUD ANWAR JAFRI, DIRECTOR OF M/S. SAMS GRAINS (INDIA) PVT. LTD., ADDRESS OF ALL NO. 8774, MITTAL CHAMBERS, 1ST FLOOR, OPPOSITE FILMISTAN, FIRE STATION, RANI JHANSI ROAD, NEW DELHI-110005 ......Judgment Debtors
To,
The General Public
Whereas the above noted execution case has been filed by the Decree Holder with prayer for a direction for a auction for sale of the Property i.e. possession of attached property i.e. NO. 8774, MITTAL CHAMBERS, 1ST FLOOR, OPPOSITE FILMISTAN, FIRE STATION, RANI JHANSI ROAD, NEW DELHI-110005, and making payment of the petitioner's share from the sale proceeds and whereas Court has ordered to sell the under mentioned property by Public Auction on 20.02.2026 at the property mentioned below.
SCHEDULE OF PROPERTY
NO. 8774, MITTAL CHAMBERS, 1ST FLOOR, OPPOSITE FILMISTAN, FIRE STATION, RANI JHANSI ROAD, NEW DELHI-110005
DATE OF AUCTION : 20.02.2026
All person interested in the purchase of above immovable property are invited to bid at theauction as specified in the proclamation of sale (auction). However, the sale of the property will be subject to confirmation by the Hon'ble Court.
Given under my hand and the seal of this Court, in terms of order dated 04.12.2025.
(Seal) District Judge-11 (Central) Tis Hazari Courts, Delhi

COURT NOTICE
IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (ORDINARY ORIGINAL CIVIL JURISDICTION) CS(OS) 245/2022 ANIL KUMAR & ANR. ..PLAINTIFFS VERSUS JAIVEER SINGH LOHIA & ORS. .. DEFENDANTS TO LR No. 4 of Deceased Defendant No.4 MS. MANISHA RANA D/o LATE SADANAND R/O HOUSE NO. K-300, BLOCK-K, PAPPI APARTMENT, OPPOSITE SANATAN DHARAM MANDIR, MAHIPALPUR, NEW DELHI-110037 (last known address also at Canada) WHEREAS the above named plaintiffs have instituted a SUIT FOR DECLARATION, POSSESSION, PERMANENT AND MANDATORY INJUNCTION against the above named LR no. 4 of Deceased Defendant No.4 and whereas it has been shown to the satisfaction of this Court that it is not possible to serve you in the ordinary way, therefore, this summons /notice is given by publication directing you, the above named LR, to make appearance before the Court of Ld. Joint Registrar (Judicial) on 30.01.2026 at 11.00 a.m. Take notice that in default of your appearance on the day mentioned above, the suit will be heard and determined in your absence. Given under my hand and the seal of this court, in terms of order dated 22.12.2025.
ASSTT. REGISTRAR (O) for REGISTRAR GENERAL

THE TIMES OF INDIA — Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

वैवाहिक
वर चाहिए
वर चाहिए - राष्ट्रीयता आधारित
एनआरआई/ ग्रीन कार्ड

Qualified, Elegant, Well Placed, Cultured Family.
1986 Born, 5'4", 50 kgs, C.S. & Fin. Plg. Head of MNC, Non- Consummated Marriage, Flexible Brahmin looking for an Equal Match. Caste No Bar
SUDHIR BHATT 9920099889 / 9619101019 / 20
sudhirmatrim@gmail.com

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I, (Ayaan), S/o (Zeba Rehman), R/o (prop.no 259/2, Noor Nagar, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi,110025) have changed my name from (Ayaan) to (Ayaan Rehman)

I, Amod Dalela S/o Late Dhirendra Narain Dalela R/o H-408 Ajnara Landmark Apartment Sector 4 Vaishali Ghaziabad, have changed my name to Amod Kumar Dalela.

I Mukhtyar Malik changing my name from Mukhtyar to Mukhtyar Malik and changing my Father name from Mohd Usmaan to Mohd Usman and Changing my Wife Name from Tabassum to Tabassum Malik

I, Pallavi Kumari w/o Nikhil Kumar Chaurasia, R/o 208A, Ganga Apartments, Lt. Vijay Thapar Marg, Sector 39, Noida, UP 201303, have changed my name from Pallavi Kumari to Pallavi Chaurasia. Henceforth, I would be known by the name of Pallavi Chaurasia for all future purposes.

I Ankit Kumar Gupta S/o Yashpal Gupta have changed my minor son name from Rean Gupta to Shivaay Gupta, Age15 Years, wide affidavit 27.9.2025 before Notary Sathir Kumar Delhi.

लापता

लापता

इन भाई साहब का नाम **गोपाल** है उम्र 55 साल है और ये भाई दिनांक 07 नवंबर से लापता है अगर किसी भी भाई को कोई भी जानकारी मिले या कहीं भी इनका देखा जाए तो तुरंत आप इन नंबरों पर कॉल करें धन्यवाद पता बताने वाले को इनाम दिया जाएगा।
दीपक कैलवाल: 9873926266
राकेश कुमार: 9910561455
गुलफाम: 9315991121

HEALTH & WELLNESS — TIMES interact

SEX Problems? स्थायी इलाज के लिए चेतन आयुर्वेदा ▶बदरपुर ▶दरियागंज ▶भजनपुरा ▶छतरपुर 3080, Main Road, Daryaganj N.D.-2 ☎9817469817

सैक्स समस्याएं — मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें: नवीन क्लीनिक PNB BANK 9811564909 9210990444

SEX PROBLEM — बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें — सिर्फ ₹955 — घर बैठे दवा मंगवायें — सन्यासी आयुर्वेदा • मंगोलपुरी • कालकाजी फ्री सलाह: 8527001155

CONTACT HAPPY MARRIAGE LIFE — डा.शेरा — फरीदाबाद — 9410000016

विवाहित जीवन में पायें नई खुशियां नया जोश नई उमंग — SEX समस्या आयुर्वेदिक सलाह लें — आकाश दवाखाना — आजादपुर दिल्ली — 9953396533 8860003863

SEX PROBLEMS? कमजोरी-सफेद पानी कम शुक्राणु-बेऔलाद? सैक्स समस्याएं कैसी भी स्त्री-पुरुष-सलाह लें — कौशिक क्लिनिक Since-1986 — उत्तमनगर — 9810-272-172

BOOK YOUR EDUCATION ADS — TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS — For booking please contact Aman : 9312633518

GALLERIA

THE DIAMOND BOSS — TIMELESS AND DISTINCTIVE — GIA
WHY PAY MORE FOR YOUR DIAMOND JEWELLERY?
Get the sparkle you love at a price you'll love even more!
The Diamond Boss brings you an exclusive offer
Diamond jewellery starting at just ₹12,000 per carat!
2CT. DIAMOND SOLITAIRE TOPS ₹60,000/- only
1CT. DIAMOND SOLITAIRE RING ₹35,000/- only
14kt. Hallmark Gold & IGI Certified Diamond Jewellery
WHOLESALER & MANUFACTURER LAB-GROWN DIAMONDS | EXPLORE THE LARGEST DIAMOND JEWELLERY STOCK IN ASIA
FOR MORE ENQUIRY, CONTACT: 9540004358/59, 9540004361/62/63 | MODEL TOWN Main Market, F-14/20, Model Town, Delhi | RAJOURI GARDEN A-1/6, First Floor, Near Metro Pillar no 167 Main Ring Road, Rajouri Garden, New Delhi | GREATER KAILASH M-40, M-Block, Greater Kailash-1, New Delhi
www.thediamondboss.com

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL · PROPERTY · BUSINESS · RECRUITMENT, EDUCATION · CHANGE OF NAME, LOST & FOUND · SHOPPING · TENDER, PUBLIC NOTICE · SERVICES, VEHICLES, TRAVEL · BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

# ट्रेन में चाकू की नोक पर डरा-धमकाकर लूटा कैश

## पलवल से बल्लभगढ़ के बीच वारदात, ट्रेन स्लो होने पर हुए फरार

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद/पलवल: रेलवे स्टेशन के आसपास सक्रिय बदमाशों ने एक बार फिर रेल यात्रियों की सुरक्षा को खुली चुनौती दी है। पलवल स्टेशन से नई दिल्ली की ओर जा रही मालवा एक्सप्रेस के जनरल कोच में चढ़े बदमाशों ने एक यात्री के साथ धक्का-मुक्की कर डरा-धमकाकर करीब एक लाख रुपये नकद लूट लिए और फरार हो गए। बदमाशों के पास ब्लेड और नुकीले हथियार होने की भी बात सामने आई है।

यह घटना पलवल स्टेशन से निकलने के बाद असावटी और बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन के बीच हुई। पीड़ित यात्री के साथ सफर कर रहे अन्य यात्रियों ने साहस दिखाते हुए दो बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि दो अन्य बदमाश ट्रेन की रफ्तार धीमी होने का फायदा उठा कूदकर फरार हो गए। फरीदाबाद पहुंचने पर यात्रियों ने पकड़े गए बदमाशों को जीआरपी के हवाले कर दिया। घटना सुबह 6 से साढ़े 6 के बीच की है।

### यात्रियों ने दो बदमाश पकड़े, दो हाथ नहीं आए

मूलरूप से मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के धर्मशाला इस्लामपुरा निवासी लाखन सिंह राठौर ने जीआरपी को दी शिकायत में बताया कि 8 जनवरी को वह अपने साले और ससुर के साथ गाड़ी संख्या 12919 मालवा एक्सप्रेस के पिछले जनरल डिब्बे में बैठकर मुरैना से फरीदाबाद आ रहे थे। पलवल रेलवे स्टेशन से तीन-चार युवक चढ़े और असावटी व बल्लभगढ़ स्टेशन के बीच अचानक धक्का-मुक्की शुरू कर दी। जेब से एक लाख रुपये और कई दस्तावेज निकाल लिए।

### दो बदमाश दबोचे गए

पीड़ित ने बताया कि उनके साथ यात्रा कर रहे अन्य यात्रियों ने साहस दिखाते हुए दो बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि नकदी और सामान लेकर भागने वाला एक बदमाश बल्लभगढ़ स्टेशन के पास धीमी रफ्तार ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। बदमाशों ने अपने नाम राहुल और खुशीकल बताए।

### चंदा इकट्ठा कर लाए थे रुपये

पीड़ित यात्री लाखन सिंह राठौर ने बताया कि उनके एक रिश्तेदार की किडनी खराब है और दिल्ली में इलाज चल रहा है। फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में दिखाने के लिए गांव और रिश्तेदारों से पैसे एकत्र कर वे यह रकम ला रहे थे। लाखन सिंह गांव में छोटी सी परचून की दुकान चलाते हैं।

# पुलिस सहायता के लिए वट्सऐप पर लिखें Hello

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव: आप मुसीबत में फंसे हों और समझ न आ रहा हो कि कहां संपर्क करें तो अब यह उलझन दूर हो गई है। अपने मोबाइल में 9599964777 नंबर सेव करें। वॉट्सऐप पर Hello लिखकर भेजें। ऐसा करते ही पुलिस की चैटबॉट सेवा आपकी मदद करेगी। लोगों को पुलिस सेवाओं, शिकायत दर्ज कराने या नजदीकी थाने की जानकारी के लिए चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। पुलिस ने शुक्रवार को अपनी नई चैटबॉट सेवा का शुभारंभ किया। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने कहा कि यह सेवा 24×7 उपलब्ध रहेगी। इस नंबर पर एक हेलो लिखते ही पुलिस हेल्प मिलेगी। इस सुविधा के साथ ही लोग पुलिस कार्यवाही के लिए फीडबैक भी दे सकते हैं।





### NBT ने पहले बताया था

पुलिस की चैटबॉट सेवा शुरू होने के विषय में सबसे पहले NBT ने जानकारी दी थी। 25 अक्टूबर को प्रकाशित खबर में बताया गया था कि इस सेवा को कैसे इस्तेमाल कर सकेंगे।

**चैटबॉट सेवा शुरू, 24 घंटे काम करेगा 9599964777 नंबर**

## बैंक कैशियर और मैनेजर की सड़क हादसे में हुई मौत

■ NBT न्यूज, जेवर: कस्बे की खुर्जा रोड पर खानपुर गांव की पुलिया के पास शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो बैंक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। इलाज के दौरान दूसरे युवक की भी मौत हो गई।



# बंद घर से 50 लाख से ज़्यादा की जूलरी उड़ाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

साउथ डिस्ट्रिक्ट के चितरंजन पार्क इलाके में चोरों ने एक घर से लाखों की जूलरी पर हाथ साफ किया। घटना उस समय सामने आई, जब मकान मालिक के एक रिश्तेदार वहां पहुंचे और मेन गेट खुला पाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 9 जनवरी की शाम थाना चितरंजन पार्क को चोरी से संबंधित एक पीसीआर कॉल मिली। खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कॉल करने वाले ब्लॉक-ई, ग्रेटर कैलाश निवासी राजा जैन ने बताया कि संबंधित मकान उनके चाचा का है। उनके चाचा अपने बेटे के निधन के कारण दिल्ली से बाहर गए हुए हैं। इसी दौरान जब वह मकान देखने पहुंचे तो देखा मेन गेट खुला हुआ है। आशंका होने पर वह अंदर गए, जहां सभी कमरों के दरवाजे खुले मिले और सामान बिखरा था। चोरी की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दी। लोकल पुलिस व क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया। क्राइम टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। इसके बाद मकान मालिक से फोन पर संपर्क किया गया, जिन्होंने चोरी गए सामान की एक सूची पुलिस को उपलब्ध कराई है।

**चितरंजन पार्क इलाके में हुई वारदात, पुलिस कर रही है जांच**


# डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली

(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित)

## शैक्षणिक एवं अन्य शैक्षणिक स्टाफ पदों के लिए भर्ती सूचना (आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के संबंध में सूचना)

No. AUD/35-1(49)/Rect./2025/519 दिनांक: 07.01.2026

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, जो कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय है, योग्य उम्मीदवारों से शैक्षणिक पदों (प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर) तथा अन्य शैक्षणिक पदों (लाइब्रेरियन, असिस्टेंट लाइब्रेरियन और असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) पर नियमित आधार पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदन करने की बढ़ी हुई अंतिम तिथियाँ इस प्रकार हैं:

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि: 23.01.2026 (रात 23:59 बजे तक)

हार्ड कॉपी (दस्तावेज) प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 30.01.2026 (शाम 05:30 बजे तक)

योग्यताएँ, पात्रता मानदंड, सामान्य निर्देश, ऑनलाइन आवेदन फॉर्म, शुल्क भुगतान एवं अन्य विवरणों के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aud.delhi.gov.in पर जाएँ।

कुलसचिव

DIP/Shabdarth/Classified/0399/25-26

उच्च शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार






- PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
- GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
- WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
- NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
- LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing


# काव्य संध्या और सम्मान समारोह

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



पद्मश्री वीरेंद्र प्रभाकर की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में काव्य संध्या और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद और अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की महासचिव प्रियंका गांधी ने भी अपना संदेश पत्र भेजा। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने प्रसिद्ध हास्य कवि शंभु शिखर को सम्मानित किया। इसके अलावा समाज में विशेष काम करने वाले बलदेव गुप्ता, सुधीर सरीन और सुभाष ओसवाल आदि को भी सम्मानित किया। इस दौरान अनिरुद्ध शर्मा की 'काव्य कसौटी', डॉ. अजय कुमार ओझा की पदि, संयम की शेफर्ड-स्टर्लिंग इंडिया का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर हरी सिंह पाल ने पद्मश्री प्रभाकर एवं चित्रकला संगम के बारे में विस्तार से बताया। धन्यवाद ज्ञापन पुनीत जैन ने किया।


भारत सरकार

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग

बी विंग, चौथा तल, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली- 110003

**नियुक्ति परिपत्र**

1. राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग निम्न पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:-

| पद का नाम | पदों की संख्या | सातवें वेतन आयोग के तहत वेतनमान |
|---|---|---|
| अनुभाग अधिकारी (प्रशासन) | 01 | 8 |
| स्टेनोग्राफर ग्रेड 'डी' | 01 | 4 |

2. केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों के इच्छुक आवेदनकर्ता जो अर्हक मानदंड पात्रता पूरी करते हैं, वे राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की वेबसाइट www.ncsk.nic.in से आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। अन्य सूचनाओं हेतु दूरभाष संख्या 011- 24618119 से संपर्क किया जा सकता है।

3. पूरी तरह से भरे हुए आवेदन पत्र उचित माध्यम द्वारा अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित अनुभाग अधिकारी, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, कमरा सं0-9, बी विंग, चौथा तल, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली- 110003 को रोजगार समाचार पत्र द्वारा इस विज्ञप्ति के जारी होने के 21 दिन के भीतर प्राप्त हो जाने चाहिए।

CBC 38120/11/0008/2526







# यूनाइटेड एथलेटिक्स कार्निवल आयोजित



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: प्रेसिडियम ग्लोबल स्कूल की ओर से यूनाइटेड एथलेटिक्स कार्निवल 2025-26 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड मेजर जनरल (डॉ.) रणजीत सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में बॉक्सर प्राची तोकस और ताइक्वांडो प्लेयर कशिश वैद मौजूद रहीं। इस दौरान कई खेल प्रतियोगिताएं हुईं। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रो. (डॉ.) रानबीर सोलंकी ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिताएं नहीं हैं, बल्कि यह चरित्र निर्माण, अनुशासन और नेतृत्व का सशक्त माध्यम है। प्रिंसिपल तान्या गुप्ता ने कहा कि यूनाइटेड एथलेटिक्स कार्निवल स्टूडेंट्स में आत्मविश्वास, धैर्य और समग्र विकास को प्रोत्साहित करता है।


# खुले सीवर से लीकेज रोकने के दिए निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली जल बोर्ड को शाहीन बाग इलाके में एक खुले सीवर से हो रहे लीकेज को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाने का निर्देश दिया। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिविजन बेंच ने जल बोर्ड को इस काम के लिए MCD और PWD या किसी अन्य लोकल बॉडी की मदद लेने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने 7 जनवरी की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें शाहीन बाग के पास ओखला इलाके में एक खुले सीवर से हो रहे लीकेज की बात कही गई थी। कोर्ट ने ये निर्देश दिल्ली में जलभराव के मुद्दे से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए दिए। जलभराव से जुड़े मुख्य मुद्दे के संबंध में कोर्ट ने कहा कि संबंधित अधिकारियों ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी।

**शाहीन बाग इलाके का है मामला**

# सीएम को लिखा पत्र

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को एक सुझाव पत्र दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता धर्मानंद जोशी ने बताया कि पत्र में अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित कॉलोनियों की तर्ज पर विकसित करने, हर कॉलोनी में बरातघर, कम्युनिटी सेंटर, डिस्पेंसरी, पोस्ट ऑफिस और छोटे पार्क बनाने की मांग की है।




ए-12026/12/2022-प्रशासन-I

भारत सरकार

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था

(प्रशासन – ए/भर्ती अनुभाग)

नीति भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001.

**रिक्ति परिपत्र**

विषय : नीति आयोग में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित)/संविदा आधार पर फ्लेक्सी पूल के अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती।

नीति आयोग विभिन्न क्षेत्रों सीनियर लीड / लीड, सीनियर स्पेशलिस्ट/स्पेशलिस्ट एवं सीनियर एसोसिएट/एसोसिएट के लिए निम्नलिखित से आवेदन आमंत्रित करता है :

क. केंद्र सरकार / विभागों / राज्य सरकारों आदि में प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) पर कार्यरत पात्र अधिकारी।

ख. निजी क्षेत्र कंपनियों, परामर्शदात्री संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय/बहुराष्ट्रीय संगठनों में संविदा के आधार पर समतुल्य स्तर पर कार्यरत अधिकारी।

2. रिक्तियों का ब्यौरा निम्नवत प्रस्तुत है–

| क्रम संख्या | पदनाम | पूल/भर्ती का माध्यम | पदों की संख्या | क्षेत्र / प्रभाग | वेतन स्तर (प्रतिनियुक्ति हेतु) | समेकित पारिश्रमिक (संविदा आधार पर) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीनियर लीड/लीड | फ्लेक्सी पूल (प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) / संविदा आधार पर) | 04 | क. डाटा एनालिटिक्स<br>ख. कानून एवं नीति<br>ग. अवसंरचना एवं कनेक्टिविटी<br>घ. शासन एवं सुधार / वित्त | स्तर - 15/14 | सीनियर लीड – 3,30,000/-<br>लीड – 2,65,000/- |
| 2. | सीनियर स्पेशलिस्ट/ स्पेशलिस्ट | फ्लेक्सी पूल (प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) / संविदा आधार पर) | 16 | क. वित्त / कर नीति<br>ख. डाटा एनालिटिक्स<br>ग. स्कूली शिक्षा<br>घ. आर्थिक आसूचना<br>ङ. सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार<br>च. शासन एवं सुधार<br>छ. हरित परिवर्तन, ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन<br>ज. अवसंरचना एवं कनेक्टिविटी<br>झ. लोक वित्त एवं नीति विश्लेषण<br>ञ. ग्रामीण विकास<br>ट. अनुसंधान एवं नेटवर्किंग<br>ठ. पर्यटन<br>ड. जल एवं भूमि<br>ढ. महिला एवं बाल विकास / पोषण<br>ण. आकांक्षी जिला कार्यक्रम / आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम<br>त. आर्थिक मॉडलिंग एवं परिदृश्य निर्माण | स्तर - 13/12 | सीनियर स्पेशलिस्ट – 2,20,000/-<br>स्पेशलिस्ट – 1,45,000/- |
| 3. | सीनियर एसोसिएट/ एसोसिएट | फ्लेक्सी पूल (प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) / संविदा आधार पर) | 11 | क. स्कूली शिक्षा<br>ख. आर्थिक आसूचना<br>ग. शासन एवं सुधार<br>घ. लोक वित्त एवं नीति विश्लेषण<br>ङ. राज्य वित्त<br>च. पर्यटन<br>छ. कौशल विकास एवं उद्यमिता<br>ज. एसडीजी<br>झ. पूर्वोत्तर विकास<br>ञ. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी<br>ट. कृषि नीति | स्तर - 11/10 | सीनियर एसोसिएट – 1,25,000/-<br>एसोसिएट – 1,05,000/- |

(* आईएसटीसी – अल्पकालिक संविदा सहित)

3. पद से संबंधित विवरण तथा अपेक्षित पात्रता शर्तों और इस पद के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया नीति आयोग की वेबसाइट पर https://niti.gov.in/work-niti/opportunities → Flexi Pool/ Others. लिंक पर उपलब्ध है।

4. नीति आयोग में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन होगी।

ह०/- (सोमाबअहमद कलाल)
निदेशक (भर्ती)
दूरभाष : 23096802 / 23042665

CBC 54101/11/0011/2526

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in